स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, सोमवार
12 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -260 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

स्मृति मंधाना वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाली तीसरी बल्लेबाज




# एलओसी पर पाकिस्तान को दिया बड़ा जख्म

## ऑपरेशन में 100 आतंकवादी मारे गए, भारत के सभी पायलट सुरक्षित

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ लॉन्च किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में भारतीय सेना ने रविवार को विस्तार से जानकारी दी। सेना ने बताया कि एलओसी पर जो पाकिस्तान ने पिछले दिनों भारी गोलीबारी की, उसमें उनके 40 जवानों की मौत हो गई, जबकि भारत के भी पांच जवान शहीद हुए हैं। सेना ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के सभी पायलट सुरक्षित हैं। पाकिस्तान को आगाह करते हुए सेना ने कहा कि अगर पाकिस्तान अब भी सीजफायर का उल्लंघन करता है तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा।

डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, 'कुछ हवाई क्षेत्रों पर हवा से बार-बार हमले हुए। सभी को विफल कर दिया गया। 7 से 10 मई के बीच नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तोपखाने और छोटे हथियारों से गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना के लगभग 35 से 40 जवान मारे गए हैं।÷ इस तरह भारत ने पाकिस्तान को इतना गहरा जख्म दिया, जिसे वह लंबे समय तक नहीं भूलने वाला। वहीं, जब यह पूछा गया कि भारत ने ऑपरेशन के दौरान कितने पाकिस्तानी विमान मार गिराए गए, एयर मार्शल एके भारती ने कहा,

> "भारतीय सेना ने किसी भी पाकिस्तानी विमान को भारतीय सीमा में नहीं घुसने दिया, लेकिन इस समय इतना जरूर कह सकते हैं कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई अत्याधुनिक विमानों को मार गिराया।
> लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई



'उनके विमानों को हमारी सीमा में घुसने से रोका गया...निश्चित रूप से, हमने कुछ विमान मार गिराए हैं। निश्चित रूप से, उनकी तरफ नुकसान हुआ है, जो हमने पहुंचाया है।' सेना ने कहा, 'सात मई को हमारा उद्देश्य आतंकवादियों और उनके बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना था, किसी अन्य बुनियादी ढांचे को नहीं, खास तौर पर पाकिस्तानी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठानों को नहीं, और हमने इसे सटीकता के साथ हासिल किया। हालांकि, 7 मई की शाम को, हम पर पाकिस्तानी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) और छोटे ड्रोनों से हमला किया गया, जिसने हमारे नागरिक और सैन्य दोनों क्षेत्रों को निशाना बनाया। उन्हें सफलतापूर्वक रोक दिया गया। हालांकि तीन ड्रोन लैंड करने में कामयाब रहे, लेकिन उन्होंने कम से कम नुकसान पहुंचाया।'

सेना ने आगे बताया कि यहां मुख्य अंतर यह है कि हमने आतंकवादियों को निशाना बनाया, जबकि पाकिस्तानी प्रतिक्रिया ने हमारे नागरिकों और सैन्य बुनियादी ढांचे पर केंद्रित किया। यह एक ऐसा कदम था जिसके लिए जवाबी कार्रवाई की जरूरत थी। जवाबी कार्रवाई में, हमने लाहौर के पास और गुजरांवाला के करीब रडार प्रतिष्ठानों पर हमला किया। फिर भी, हम इस बात पर जोर देना चाहते हैं कि तनाव बढ़ाना हमारा लक्ष्य नहीं है। हमारा संघर्ष आतंकवादियों से है, पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान से नहीं। उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन की जानकारी साझा की। सेना ने बताया कि इस ऑपरेशन में 100 आतंकवादी मारे गए, जिनमें से कुछ बड़े आतंकवादी शामिल थे जिन्होंने 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट (IC-814) के अपहरण और 2019 में सुरक्षाकर्मियों पर पुलवामा हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सेना ने यह भी बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया।

## तुरंत बुलाएं संसद का विशेष सत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से ये मांग पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही की जा रही है। वहीं एक दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद से कांग्रेस पार्टी ने अपनी मांग फिर से दोहराई है। राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा- मैं संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहराता हूं। लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है, जिसकी घोषणा सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का भी अवसर होगा।

## कश्मीर समस्या का भी निकलेगा हल : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर को लेकर अपनी राय रखी। ट्रंप ने चार दिन की दुश्मनी के बाद संघर्ष विराम पर राजी होने के लिए

### 'सीजफायर' के लिए राजी होने पर की भारत-पाक की सराहना

दोनों देशों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आक्रामकता के कारण लाखों लोगों की जान जा सकती थी। शांति स्थापित होने के बाद अब वह दोनों देशों के साथ व्यापार और कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए मिलकर काम करेंगे। रविवार की सुबह ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक बार फिर इस मामले पर बयान दिया। उन्होंने लिखा, मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत और अडिग नेतृत्व पर बहुत गर्व है, क्योंकि उनके पास यह जानने और समझने की शक्ति और बुद्धि है कि वर्तमान



आक्रामकता को रोकने का वक्त आ गया है। अगर यह संघर्ष चलता रहता तो यह कई लोगों की मौत और विनाश का कारण बन सकता था। इसकी वजह से लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे। मुझे गर्व है कि अमेरिका आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय तक पहुंचने में मदद कर पाया। मैं इन दोनों महान देशों के व्यापार में काफी वृद्धि करने जा रहा हूं। कश्मीर के मुद्दे पर दोनों देशों के नेताओं को संबोधित करते हुए ट्रंप ने लिखा, मैं आप दोनों के साथ मिलकर कश्मीर के मुद्दे पर भी बात करने के लिए तैयार हूं।

## जातिगत गणना : 70 साल पुराने कानून में बदलाव की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** जाति आधारित जनगणना को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया के लिए 70 साल पुराने जनगणना कानून में किसी तरह के बदलाव की

### सरकार ने दिया पूरा ब्यौरा

जरूरत नहीं पड़ेगी। अधिकारियों ने बताया कि 1948 में बना यह कानून, जिसे आखिरी बार 1994 में संशोधित किया गया था, केंद्र सरकार को जनगणना फॉर्म में शामिल किसी भी प्रकार की जानकारी मांगने की अनुमति देता है। ब्रिटिश शासनकाल में 1881 से लेकर 1931 तक की जनगणनाओं में सभी जातियों की गिनती की जाती थी। लेकिन आजादी के बाद 1951 में पहली बार हुई जनगणना के दौरान, सरकार ने केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों की गिनती का निर्णय लिया, जबकि अन्य जातियों की गणना नहीं की गई। 1961 में केंद्र सरकार ने राज्यों को अनुमति दी कि यदि वे चाहें तो अपनी-अपनी ओबीसी सूची तैयार करने के लिए स्वतंत्र रूप से जाति आधारित सर्वेक्षण कर सकते हैं। अब, छह दशकों से अधिक समय बाद, विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की मांगो को देखते हुए केंद्र सरकार ने अगले राष्ट्रीय जनगणना कार्यक्रम में जाति आधारित गणना को शामिल करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने जनगणना अधिनियम की धारा 8 का हवाला देते हुए बताया कि जनगणना अधिकारी ऐसे सभी प्रश्न पूछ सकता है जिनके लिए उसे निर्देशित किया गया हो।

और नागरिकों को उन प्रश्नों का उत्तर देना कानूनी रूप से अनिवार्य है, जब तक कि उनके पास इसके लिए कोई वैध अपवाद न हो। हालांकि, किसी महिला से उसके पति या दिवंगत पति का नाम बताने की बाध्यता नहीं है, और न ही किसी महिला को उन नामों का खुलासा करना होगा जिन्हें वह सामाजिक रिवाजों के अनुसार नहीं बताना चाहती।

## प्रधानमंत्री ने कहा हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

# 'वहां से गोली चली तो यहां से गोला चलेगा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी

### पीएम मोदी का पाकिस्तान को कड़ा संदेश

विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इसका बहुत जोरदार जवाब दिया।

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे न्यू नॉर्मल की तरह स्वीकार करना होगा। भारत ने साफ किया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे



वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है : वायुसेना

भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि उसने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उसे सौंपे गए कार्यों को सटीकता के साथ और राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सफलतापूर्वक अंजाम दिया। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकवादी ढांचों को नष्ट करने के लिए सात मई को यह अभियान शुरू किया गया था।

पाकिस्तानी हमलों के बाद सभी जवाबी कार्रवाइयां 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गईं। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने एक बयान में कहा कि ऑपरेशन 'अभी जारी है।' उसने कहा, 'चूंकि ऑपरेशन अभी जारी है, इसलिए विस्तृत जानकारी समय आने पर दी जाएगी। वायुसेना ने सभी से अटकलों और अपुष्ट सूचनाओं को फैलाने से बचने का आग्रह किया है।'

## यूपी प्रचंड गर्मी से बेहाल

### 15 से अधिक जिलों में पारा 40 डिग्री पार, 14 से चलेंगे लू के थपेड़े



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं का दौर शुरू हो चुका है। बीते दो दिनों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में तापमान चढ़ने के साथ ही गर्मी का प्रभाव बढ़ा है। दोपहर की तपिश भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन से चार दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान में 5 से 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी के संकेत हैं। वहीं 14 मई से यूपी के पूर्वी और तराई हिस्सों में लू के थपेड़े चलने के संकेत हैं। रविवार को वाराणसी, कानपुर, बस्ती, बहराइच, चुर्क, बलिया जैसे 15 जिलों से ज्यादा जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही प्रदेश के दक्षिणी पूर्वी और उत्तरी पश्चिमी हिस्सों में 14 मई से लू चलने की संभावना है।

## रक्षा मंत्री ने लखनऊ में किया ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट का किया शुभारंभ

# रावलपिंडी तक सुनी गई हमारी धमक : राजनाथ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ के 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' में 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी' का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 300 करोड़ रुपये की यह सुविधा 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह विनिर्माण इकाई अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उत्पादन करेगी, जिनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीति इच्छाशक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए उन भारत विरोधी और आतंकी संगठनों पर कार्रवाई की जिन्होंने भारत माता के माथे पर हमला करके कई परिवारों का सिंदूर मिटा दिया था। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत इच्छाशक्ति और सैन्य शक्ति के दृढ़ संकल्प को भी दर्शाता है। हमने दिखा दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जब भी कार्रवाई करेगा तो सीमा पार की जमीन भी आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सुरक्षित नहीं होगी।'



## यूपी में 11 आईपीएस अफसरों के तबादले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** योगी सरकार ने 11 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर कर दिए हैं। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर तरुण

### प्रयागराज से तरुण गाबा को हटाकर लखनऊ भेजा

### कानपुर डीआईजी रहे जोगिंदर कुमार प्रयागराज के बने पुलिस आयुक्त

गाबा को लखनऊ का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। आशुतोष कुमार को पीएसी मुख्यालय से हटाकर कानपुर कमिश्नरेट का अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। उपेंद्र कुमार अग्रवाल को पीएसी हेडक्वॉर्टर भेजा गया है। वहीं, हरीश चंद्र को कानपुर कमिश्नरेट के अपर पुलिस आयुक्त से ट्रांसफर कर कानपुर परिक्षेत्र का डीआईजी बनाया गया है। संजीव त्यागी को आगरा के अपर पुलिस आयुक्त पद से हटाकर लखनऊ में कारागार प्रशासन एवं सुधार का डीआईजी बनाया गया है। प्रदीप गुप्ता को दूरसंचार के डीआईजी से कारागार प्रशासन एवं सुधार का डीआईजी बनाया गया है। हेमंत कुटियाल को एसएसएफ का डीआईजी बनाया गया है। रामबदन सिंह को गौतमबुद्धनगर के डीआईजी पद से हटाकर आगरा कमिश्नरेट भेजा गया है। रमेश प्रसाद गुप्ता को लाजिस्टिक पुलिस अधीक्षक से हटाकर मुरादाबाद में 24वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। वहीं, अमित कुमार सेकेंड को मुरादाबाद में 24वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक पद से हटाकर लखनऊ में 35वीं वाहिनी का सेनानायक बनाया गया है।

## पाकिस्तानियों से पूछो ब्रह्मोस की ताकत : योगी




सीएम बोले 'कुत्ते की दुम' की तरह है आतंकवाद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के पराक्रम की झलक देखने को मिली थी और अगर यह काफी नहीं है तो पाकिस्तानियों से इसके बारे में पूछना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद को कुचलने का समय आ गया है और इसके लिए पूरे देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट होना होगा।'ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी' के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए आदित्यनाथ ने कहा, 'ब्रह्मोस मिसाइल क्या होती है? आप लोगों ने 'आपरेशन सिंदूर' के तहत इसके पराक्रम की एक झलक देखी है। अगर नहीं देखी होगी तो कम से कम पाकिस्तानियों पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है।'

## पंजाब में पकड़े गए देश के दो गद्दार

**चंडीगढ़।** भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच पंजाब में देश के दो गद्दारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस ने रविवार को ऐसे दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे थे। दोनों लोग दिल्ली स्थित पाकिस्तान के एक उच्चायोग अधिकारी के लिए

### पाकिस्तान के लिए कर रहे थे जासूसी

जासूसी कर रहे थे। दोनों आरोपियों को पुलिस ने मलेरकोटला से पकड़ा है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि एक आरोपी भारतीय सेना की गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान में बैठे हैंडलर को तक पहुंचा रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने दूसरे साथी का खुलासा किया।

# रहिमन विपदा हू भली, जो थोरे दिन होय...

रहीम के शब्दों में 'रहिमन विपदा हू भली, जो थोरे दिन होय। हित अनहित या जगत में, जान परत सब कोय।।' को पकड़ें या तुलसीदास द्वारा दी गई 'आपतकाल परखिए चारी, धीरज धर्म मित्र अरु नारी' की सीख को मानें। एक ही कालखंड यानी सोलहवीं शताब्दी के इन दोनों सर्वकालिक

### भारत के सामने ढाई मोर्चे की पूरी लड़ाई

महानतम महाकवियों ने अपने-पराए और दोस्त-दुश्मन की परख करने के लिए विपत्ति, परेशानी या चुनौती के समय का लाभ उठाने की जो बात कही थी वह ना सिर्फव्यक्ति बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी बेहद कारगर है।

इस कसौटी पर अपनों की परख और परायों की पहचान करने का मौका पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा सांप्रदायिक आधार पर हिन्दुओं का नरसंहार किए जाने के बाद आरंभ की गई बहुआयामी बदले की कार्रवाई और खास तौर से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को भी मिला। हालांकि आतंकवाद के किरदारों और सीमा पार स्थित उसके अड्डों को मिट्टी में मिला देने का प्रण लेकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत शुरू की गई सैन्य कार्रवाई की मारकता से बिलबिला रहे पाकिस्तान की 'भई गति सांप छुछुंदर केरी' वाली स्थिति हो गई है। शायद तभी उसकी कथनी में शांति का प्रस्ताव और करनी में संघर्ष का आमंत्रण का दिख रहा है। लेकिन 22 अप्रैल को हुई पहलगाम की आतंकी वारदात से लेकर 10 मई को पाकिस्तान के अनुरोध पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई पर तात्कालिक विराम घोषित होने के पूरे घटनाक्रम का अवलोकन करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत को अपने दुश्मनों से ढ़ाई मोर्चे पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यूं तो भारत की लड़ाई सिर्फ आतंकवाद को जड़-मूल से समाप्त करने पर ही केंद्रित थी लेकिन इसमें जिस ढ़ाई मोर्चे से अड़ंगा डाला गया उसमें पहला और जगजाहिर मोर्चा पाकिस्तान ने खोला जबकि दूसरे मोर्चे पर पाकिस्तान के कांधे का इस्तेमाल करके भारत पर निशाना साधने वाली ताकतें हैं और शेष आधा मोर्चा भारत की आस्तीन में छिपे सांप-संपोलों ने संभाला हुआ है। अपनी ही जमीन




**नज़र और नज़रिया**
**नवकांत ठाकुर**

पर मौजूद विघ्न-संतोषियों द्वारा खोला गया मोर्चा वाकई आधा-अधूरा ही है क्योंकि सामने से सीना ठोककर पूरा मोर्चा खोलने की इनमें ना तो हिम्मत है और ना ताकत। अलबत्ता अनुकूल स्थिति मिलते ही मौके पर चौका मार कर कार्रवाई से बचने के लिए बिल में दुबक जाने और अगले मौके के इंतजार में घात लगाए रहने में इनका कोई सानी नहीं है। वास्तव में देखा जाए तो सबसे ख़तरनाक यह आधा मोर्चा ही है क्योंकि बाकी दोनों मोर्चों पर खड़े दुश्मन आमने-सामने हैं। सीमा पार स्थित आतंक के 21 चिन्हित अड्डों में से नौ पर औचक प्रहार होते ही 'ब्लीड इंडिया विद थाउजेंड कट्स' की सैन्य नीति को अमली जामा पहनाने के लिए पाले-पोसे गए दहशतगर्द जमात की हिफाज़त के लिए पाकिस्तान खुल कर सामने आ गया जबकि उसके कांधे पर बंदूक रखकर तुर्की और मलेशिया जैसे देश गज़वा ए हिंद का ख्वाब पूरा करने में जुट गए और चीन एवं युरोप के कई अन्य देश भी भारत की तेज तरक्की की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के मंसूबे के तहत पाकिस्तान को मदद मुहैया कराने के लिए कमर कसने लगे।

लेकिन सच पूछा जाए तो देश के बाहरी दुश्मनों से हमें उतना खतरा नहीं है जितना घर के भीतर बैठे जयचंद की विरासत को आगे बढ़ाने वालों से है। क्योंकि सीमा पार के दुश्मनों को भरी दोपहरी खुले आसमान में चांद-तारे का दीदार कराने में हमारी सेना और आर्थिक एवं कूटनीतिक मोर्चे पर नाक रगड़ने के लिए मजबूर करने में हमारी सरकार पूरी तरह समक्ष है। लेकिन मसला है कि उनका क्या करें जो दुश्मनों द्वारा प्रेषित नैरेटिव को ऐसे परोस रहे हैं मानो उनकी नाक तभी ऊंची रहेगी जब भारत को नीचा देखना पड़े। इसके लिए वे भारत के लड़ाकू विमानों से लेकर एयर डिफेंस सिस्टम, सैन्य अड्डे और हवाई पट्टी को पाकिस्तान द्वारा ध्वस्त कर दिए जाने का सुर्रा छोड़ते हैं तो कभी पाकिस्तानी हमले में भारत के भीतर जान-माल की भारी क्षति होने की अफवाह उड़ाते हैं। कभी मुंबई हमले के बाद की तरह पहलगाम हमले के बाद गृह मंत्री को पद से हटाने की मांग करते हैं तो कभी युद्ध की स्थिति को संभालने के लिए देश में सर्वदलीय सरकार बनाने का सुझाव देते हैं। यहां तक कि कुछ तो शांति के लिए स्वाभिमान से समझौते की मांग करने से भी नहीं हिचक रहे। ऐसे में सवाल है कि जब ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारे सैन्य शौर्य से सरहद पार की जमीन लाल हो रही है तब गर्व की दीप्ति से चेहरे पर लालिमा आने के बजाय तिलमिलाहट से कुछ तत्वों का चेहरा लाल क्यों रहा है? शायद ऐसे तत्वों के लिए ही हरिओम पंवार ने लिखा है कि- 'अपने घर में कोई भी जयचंद नहीं अब छोड़ेंगे, हम गद्दारों को चुनकर दीवारों में चिन्वायेंगे।' 'जैसी नजर वैसा नजरिया।'

## उधमपुर एयर बेस पर तैनात जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर एयर बेस पर संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ समय पहले एक पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया।

आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि ड्यूटी पर तैनात एक राजस्थानी जवान शनिवार को उधमपुर स्थित एयर बेस पर आर्मी एयर डिफेंस की ओर से सफलतापूर्वक रोके गए पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मृत्यु हो गयी। उन्होंने बताया कि यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ घंटे पहले हुई।

## सात वाहनों का चालान

पुरवा,उन्नावः एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ शैहपर किदवई ने चेकिंग अभियान चलाया। पीटीओ को कस्बे के बस स्टेशन, मिर्री चौराहा व बस स्टाप के पास चलाए गए चेकिंग अभियान में 3 निजी बस, 1 लोडर, 2 ई रिक्शा व 1 टेम्पों चालकों से वाहन संबंधी कागजात मांगे। उक्त चालकों द्वारा कागजात न दिखा पाने पर सभी वाहनों का चालान कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। कोतवाल ने बताया कि एआरटीओ कार्यालय में तैनात पीटीओ ने 7 वाहनों के चालान किए हैं। जिन्हें कोतवाली में खड़ा कर दिया गया है।

## अपहरणकर्ता को पनाह देने का आरोपी को गिरफ्तार

**बांगरमऊ।** कोतवाली पुलिस ने लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्राम आसत मोहीउद्दीन चौराहे से एक अनुसूचित जाति की युवती के अपहरणकर्ता को पनाह देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उसे अदालत भेज दिया।

कोतवाली पुलिस ने बीते साल ग्राम सुरसेनी निवासी मुजीब पुत्र हस्सू के खिलाफएक अनुसूचित जाति की युवती को अपने घर में छिपा लिया था। जांच में अभियुक्त मुजीब अपहरणकर्ता के विरुद्ध आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। आज रविवार को कोतवाली के उपनिरीक्षक जिब्राइल शेख और हमराह आरक्षी रामनिवास और अंकुश कुमार ने अभियुक्त मुजीब को लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्राम आसत मोहीउद्दीन चौराहे से दबोच लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर उसे न्यायालय भेज दिया।

## हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अमीरपुर गंभीरपुर गांव निवासी शिव प्रकाश की पत्नी पवन कुमारी 41 वर्ष स्वास्थ्य विभाग कानपुर में स्टाफ नर्स के। पद पर कार्यरत है। वह वर्तमान समय में नगर के मोहल्ला नौनिहाल गंज उत्तरी में नया मकान बनाकर रह रही है। आज शनिवार की सुबह वह अपने घर से ड्यूटी पर जाने के लिए वाहन पकड़ने पैदल नगर के नानामऊ तिराहे की तरफकिसी जा रही थी। तभी रास्ते में नगर के स्टेशन रोड चौराहे के समीप तेज रफ़्तार रसोई गैस सिलेंडर लदे कैंटर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन.फानन घायल को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

## नगर पंचायत द्वारा कस्बे में सात स्थानों पर लगवाई जा रही वाटर कूलर मशीन लगवाई

**पुरवा ।** भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा कस्बे में सात स्थानों पर वाटर कूलर मशीन लगवाई जा रही है। जिससे गर्मी में कस्बे के लोगों सहित राहगीरों को स्वच्छ पानी की सुविधा मिलेगी।ईओ संदीप कुमार ने बताया कि कस्बे के प्राथमिक विद्यालय कटराएकस्टोलवाएपश्चिम टोलाएकन्या प्राथमिक विद्यालय वजीरगंजए मिर्री चौराहा स्थित हनुमान मंदिरएदलीगढ़ी स्थित महादेव मंदिरएकोतवाली गेट के पास तीन लाख की लागत से वाटर कूलर मशीन लगवाई जा रही है।जिसमे कोतवाली गेट के पास लगी वाटर कूलर मशीन की टेस्टिंग की गई है।जिसने स्वच्छ व शीतल जल आना शुरू हो गया है।अन्य स्थानों पर भी कार्य चल रहा है।जल्द ही वाटर कूलर मशीन शुरू हो जाएगी ।

## अनियंत्रित मारुति वैन पेड़ से टकराई, दो घायल

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रामदीन खेड़ा निवासी सूरज 28 वर्ष पुत्र उदयभान सिंह अपने भाई जीतेन्द्र 25 वर्ष और गांव के ही मुकुल पुत्र रघुराज सिंह मारुति वैन के जरिए किसी काम से आज शनिवार को गांव मटुकरी चौराहा आये थे स सभी लोग शाम साढ़े पांच बजे वैन में बैठकर चलने लगे। तभी सामने से अचानक तेज गति से अन्य वाहन आ जाने से मारुति वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में वैन क्षतिग्रस्त हो गई और वैन सवार सूरज व जीतेन्द्र दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए स जबकि वैन में बैठे अन्य लोगों को मामूली चोटे आईं स सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलें दोनों घायलों को आनन.फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई स जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया स घायल भाइयों में से सूरज की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है ।

# रेलवे क्रासिंग से करीब आम के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति का शव बरामद





**बांगरमऊ।** नगर के ब्लॉक रोड रेलवे क्रासिंग से करीब तीन सौ मीटर दूर स्थित आम के पेड़ के नीचे बीते शनिवार को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। किंतु शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसे शिनाख्त हेतु सुरक्षित मोर्चरी में रखवा दिया था। आज रविवार को सोशल मीडिया पर फोटो देखकर मृतक की पत्नी कोतवाली पहुंची। बाद में पुलिस के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर उसने शव की पहचान अपने पति के रूप में की।

बीते शनिवार की सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों ने नगर के ब्लॉक रोड रेलवे क्रासिंग से थोड़ी दूर कोल्ड स्टोरेज के निकट स्थित आम के पेड़ के नीचे करीब 36 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा देखा था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की थी। किंतु उसका नाम और पता ज्ञात नहीं हो सका था। शव करीब दो दिन पुराना लग रहा था। घटनास्थल पर तंबाकू की पुड़िया और डिस्पोजल ग्लास भी पड़े पाए गए थे। पुलिस ने सोशल मीडिया पर मृतक की फोटो अपलोड कर उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवा दिया था।

आज सुबह नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासिनी मीना नाम की महिला ने सोशल मीडिया में फोटो देखकर मृतक की पहचान अपने पति संदीप 35 वर्ष पुत्र छत्रपाल के रूप में की और आनन.फानन कोतवाली आकर पुलिस के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। जहां मीना ने शव देखते ही अपने पति को पहचान लिया।

मीना ने बताया कि उसका पति संदीप कृषि उत्पादन मंडी यार्ड सहित अन्य मिलों में पल्लेदारी का काम करता चला आ रहा था। वह बीते गुरुवार को वह काम के लिए घर से निकला था। किंतु इसके बाद वापस अपने घर नहीं आया। परिवार में एक मात्र कमाने वाले मुखिया की अचानक मौत से उसके अबोध बच्चे विजय 7 वर्षए रानी 4 वर्ष व काव्या 1 वर्ष के भरण.पोषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पत्नी ने अज्ञात लोगों द्वारा अपने पति कि सुनियोजित तरीके से हत्या कर देने की मौखिक आशंका जताई है। किंतु अभी तक कोई शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को नहीं मिल सका है।

सूत्रों के अनुसार मृतक संदीप चार भाइयों अनिल व रोहित तथा अनूप में दूसरे नंबर का था। जानकारी के अनुसार उसका छोटा भाई अनूप नगर के ही एक मोहल्ले की किशोरी को भगा ले गया था। बाद में हाईकोर्ट के आदेश पर वह किशोरी के साथ अपने घर में रहने लगा था। तभी हाईकोर्ट के निर्देशानुसार कोतवाली पुलिस बीते 2 मार्च को किशोरी का मेडिकल परीक्षण और कलमबंद बयान कराने जिला मुख्यालय लेकर गई थी। जहां पुलिस की अभिरक्षा में ही किशोरी ने अचानक जहरीला पदार्थ निगल लिया था। किशोरी की हैलेट अस्पताल कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। किशोरी की संदिग्ध मौत के मात्र एक माह के अंतराल में ही बीते 2 अप्रैल को अप्रत्याशित ढंग से अनूप बेहोशी की हालत में नगर के बाईपास मार्ग पर पड़ा हुआ पाया गया था। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रेफर कर देने पर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान अनूप की मौत हो गई थी । दोनों पक्षों के परिजनों द्वारा एक. दूसरे पर अनूप और उसकी प्रेमिका को जहर देकर हत्या कर देने का आरोप लगाया गया था। पुलिस स्तर से इन दोनों गंभीर घटनाओं की जांच चल ही रही थी कि मृतक अनूप के बड़े भाई की संदिग्धावस्था में मौत की एक नई घटना घटित हो गई।

बताते हैं कि हाईकोर्ट में भाई संदीप ने ही पैरवी की थी। ठीक इसी तर्ज पर बीते शनिवार को बड़े भाई संदीप का भी संदिग्धावस्था में शव बरामद हुआ। लोग द्वारा इस घटना को उसके छोटे भाई और किशोरी दोनों की संदिग्ध मौतों से जोड़ कर देखा जा रहा है।

## संदिग्धावस्था में फांसी के फंदे पर लटकता पाया गया युवक का शव

बांगरमऊ । एक युवक का शव शनिवार को दोपहर बाद गांव के बाहर खेत में पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे संदिग्धावस्था में फांसी के फंदे पर लटकता पाया गया। युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता देखकर परिजनों में चीख.पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया ।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गहर पुरवा निवासी सरविंद 20 वर्ष पुत्र राधेश्याम का शव आज शनिवार को दोपहर बाद गांव के बाहर आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के निकट खेत में खड़े एक पेड़ की डाल के सहारे फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और परिजनों में चीख.पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार सरविंद शनिवार की सुबह घर से निकला था। किंतु दोपहर तक वापस अपने घर नहीं लौटा। तभी दोपहर बाद चरवाहों ने उसका शव संदिग्धावस्था में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि फांसी से आत्महत्या की सूचना प्राप्त हुई है। शव पोस्टमार्टम भेजा जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन

**–लगभग 77224 वादों का हुआ सफल निस्तारण**

**उन्नाव ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 10ण05ण2025 को माननीय जनपद न्यायाधीश ध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नावए श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल की अध्यक्षता में श्री सुनील कुमार वर्मा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालयए श्री रामायण शर्मा अध्यक्षए स्थाई लोक अदालत तथा श्री नित्यानंद श्रीनेत्रए पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणए श्रीमती सोनम सिंह सीण्ओण् सिटी उन्नाव एवं श्री सुशील कुमार गोंड अपर जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ प्रातः 10रू00 बजे जनपद न्यायालय उन्नाव के केन्द्रीय हॉल में दीप प्रज्जवलित कर किया गया द्य जिसमें मो0असलम सिद्दीकी अपर जिला जजए डॉण् सत्यवान सिंह अपर जिला जजए श्रीमती ममता सिंह अपर जिला जजध्नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालतए श्री विवेकानन्द विश्वकर्मा अपर जिला जजए श्री राम राज.प्प् अपर जिला जजए श्रीमती शिप्रा आर्या अपर जिला जजए श्री मनीष निगम अपर जिला जज ध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए उन्नावए श्रीमती पूनम.प्प् अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीयए श्री जयवीर सिंह नागर अपर जिला जजए श्री शैलेन्द्र सिंह यादव अपर जिला जजए श्री रवि प्रकाश साहू अपर जिला जज एफ्टीएसी.1ए श्री स्वतंत्र प्रकाश अपर जिला जज फ़ास्ट ट्रैकए बार एसोसिएशन उन्नाव के वर्तमान अध्यक्ष एश्री गिरीश कुमार मिश्र एवं महामंत्री श्री अनुज कुमार बाजपेयीए बार एसोसिएशन उन्नाव के पूर्वअध्यक्ष श्री सतीश शुक्लाए बार एसोसिएशन उन्नाव महामंत्री अरविन्द कुमार दीक्षितए श्रीमती भव्या तिवारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटए उन्नाव तथा अन्य सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणएउन्नाव के कर्मचारीगण व पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ करते हुये जनपद न्यायाधीश महोदया द्वारा अधिक से अधिक वाद सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालत में निस्तारित किये जाने का आह्वान किया गयाद्य राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में जनपद न्यायालय उन्नाव के विभिन्न न्यायालयों के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा जिसमें मोटर दुर्घटना दावाअधिकरण के 33 वाद एवं मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वादों में रूण् 31074000 प्रतिकर अवार्ड किया गयाद्य वैवाहिक वाद 66 एबैंक रिकवरी 768वाद का निस्तारण किया गया जिनमें रूण् 9746600 धनराशि की अदायगी हेतु तय की गयीए बीएसएनएल एवं फाइनेंस कंपनी के कुल 65 वाद में रु0 572538 धनराशि की अदायगी हेतु तय की गयीए उत्तराधिकार के रु0 3814906ण्78 के प्रमाण पत्र जारी किये गये विविध दीवानी 41 वाद तथा आपराधिक शमनीय 4309वादों में रूण्194625 अर्थदंड एएनण्आईण्एक्टके 01 वादए एवं अन्य 393वाद का निस्तारण किया गया। राजस्व के 48418 परिवार न्यायालय द्वारा वैवाहिक प्रि.लिटिगेशन के 08 वाद तथा सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव द्वारा 05 वैवाहिक प्रि.लिटिगेशन वाद निस्तारण किया गया।अन्य प्रि.लिटीगेशन वादों जिसमें विद्युत से सम्बन्धित 22220 मामलों का प्रि.लिटीगेशन के वादों का भी निस्तारण किया गयाद्य अन्य लघु वाद का विशेष लोक अदालत में कुल 71 वादों का निस्तारण किया गयाद्य वैवाहिक वादों में से 20 जोड़ों ने आपसी सुलह. समझौते के आधार पर पुनर्मिलन के लिए सहमत हुए और भविष्य में बिना किसी मतभेद के एक साथ जीवन जीने के वादे के साथ एक.दूसरे को माला पहनाई और अपनी कानूनी लड़ाई समाप्त कर दी। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में लगभग 77224 वादों का निस्तारण किया गया ।

## गेहूं लादकर जा रहा टेंपो मार्ग में अनियंत्रित होकर पलटा, युवक की मौत

फत्तेहपुर चौरासी उन्नाव। गेहूं लादकर जा रहा टेंपो मार्ग में अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो के नीचे दबकर युवक की मौत हो गई। मृतक साली एवं पुत्र के साथ मामा के घर से टेंपो पर गेहूं लादकर घर जा रहा था।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फत्तेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की ग्रामपंचायत खेवरई के मजरा रशूलपुर निवासी अनूप पुत्र केशन रविवार को अपनी साली एवं छोटे भाई चंद्र कुमार की पत्नी मीरा तथा अपने एक वर्षीय पुत्र अभिषेक के साथ क्षेत्र के ग्राम खैरागाड़ा स्थित अपने मामा के घर से तीन पहिया टेंपो विक्रम से गेहूं लादकर अपने घर जा रहा था। अभी यह लोग क्षेत्र में उन्नाव हरदोई मार्ग पर पी टी सी एवं ग्राम माथर के बीच ही पहुंचे थे कि तभी टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे टेंपो सवार टेंपो के नीचे दब गए। राहगीरों द्वारा जब तक घायलों को बाहर निकाला जाता तब तक अनूप की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।वही घायल मीरा पत्नी चंद्र कुमार एवं 1 वर्षीय अबोध अभिषेक पुत्र अनूप को फत्तेहपुर चौरासी सी एच सी में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना पुलिस ने टेंपो चालक को हिरासत में लिया है तथा टेंपो को भी कब्जे में लिया है।

## अभ्युदय सेवा संस्थान का वार्षिक कवि सम्मेलन 14 जून को

**उन्नाव।** रविवार को अभ्युदय संस्थान की ओर से बैठक की गई। इसमें संस्थान के पदाधिकारियों ने आगामी कवि सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। संस्थान के अध्यक्ष डॉण् प्रभात सिन्हा ने बताया कि कवि सम्मेलन में वीर रस के कवियों में डॉण् हरि ओम पवारए राम भदावरए आशीष अनलए प्रख्यात मिश्रए देवेंद्र प्रताप श् आगश् वहीं श्रृंगार में जनपद के गौरव स्वयं श्रीवास्तव की उपस्थिति में डॉण्विष्णु सक्सेनाए रमेश शर्माए प्रवीण प्रज्ञार्थुए नवल सुधांशुए महेंद्र मधुरए मुरारी मण्डल वहीं हास्य में सुदीप भोलाए शम्भू शिखरएविकास बौखलए नरकंकालए डॉ अनिल चौबे आदि कवियों के नाम पर चर्चा हुई। संरक्षक डॉण् मनोज श्रीवास्तव ने बताया जनपद से भी छिपी प्रतिभाओ को मंच दिया जाएगा। उपाध्यक्ष मनीष सिंह सेंगर ने बताया कि साहित्यएशिक्षाए चिकित्साए विधिएसामाजिक व अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। अधिवक्ता ओपी तिवारीए राम तनेजा एनिम्मी अरोड़ाएअनिरुद्ध सौरभएअखिलेश ओमरए डॉ श्रीकेश पाण्डेयए रामबोध शुक्लए प्राचीन्द्र मिश्रए मधुसूदन मिश्रए गौरव शुक्लए श्रीवत्स अवस्थीएइंजीनियर अंकुर श्रीवास्तवए डॉण् शशिरंजना अग्निहोत्रीए नीरज सिंहए दीपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# कानपुर देहात समाचार

## दंपति को सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने टक्कर मारी

**फत्तेहपुर चौरासी उन्नाव।** बाजार से गृहस्थी का सामान खरीद कर साइकिल से घर जा रहे दंपति को सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। जिससे अबोध पुत्र सहित पति.पत्नी घायल हो गए। घायलों को सीएससी में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

क्षेत्र के ग्राम जमरूद्दीनपुर निवासी लगभग अट्ठाइस वर्षीय नन्हकू पुत्र जगतू रविवार को कस्बा फत्तेहपुर चौरासी से गृहस्थी का सामान खरीद कर अपनी पत्नी पच्चीस वर्षीय शिया दुलारी एवं 1 वर्षीय पुत्र आयुष के साथ साइकिल से घर वापस जा रहा था। अभी वह कल्याणी नदी पुल पर ही पहुंचा था तभी विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित महिंद्र जाइलो कार ने विपरीत दिशा में आकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए साइकिल सवार दंपति को कुचल दिया। बताया जाता है की जाइलो कार से कस्बा निवासी देवी प्रसाद पुत्र रूप नारायण अपनी पत्नी माधुरी के साथ जनपद कानपुर से उपचार करा कर वापस आ रहे थे। घायलों को राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से सी एच सी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद नन्हकू एवं सिया दुलारी की गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



## पूर्व सांसद वारसी के प्रयासों से मृतकों के परिजनों को मिली 12 लाख की धनराशि



फोटो परिच–पीड़ित परिजनों को धनराशि की चेक सौंपते पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ।

**माती कानपुर देहात।** वक्त और हालात कैसे भी क्यों ना हो लेकिन समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति से यदि पूछा जाए कि आपके सुखी रहो दुःख में कौन आपका सच्चा साथी बनकर सामने खड़ा होता हैए तो लोग सीना ठोककर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला के सम्मानित पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी का नाम लेते हैं और खुलकर इस बात का संदेश भी देने में पीछे नहीं रहते हैं कि अनिल शुक्ला वारसी जैसा जनता का सच्चा सेवक नसीब वालों को ही प्राप्त होता है ।गत दिवस रनिया में एक तेल बनाने वाली फैक्ट्री के श्रमिकों को रौंदने से हुई दर्दनाक मौतों के मामले में वारसी की भूमिका सभी के हृदय पटल पर अपना विशेष स्थान बनाने में कामयाब साबित हुईए यूं तो हादसे के बाद फैक्ट्री प्रबंधन तंत्र में घटना से किनारा कर लिया था लेकिन वारसी की जखलनदाजी मृतकों के परिजनों के लिए बड़ी संजीवनी साबित हुईए लगभग 12 लख रुपए मृतकों के परिजनों को दिलाकर वारसी द्वारा कहा गया कि दो परिवारों के भरड पोषण की जिम्मेदारी निभाने वाले लोग इस दुनिया से चले गए तो फिर परिवार का गुजारा कैसे होगा बस इसीलिए वह पीड़ित परिवारों की मदद में खुलकर सामने आए हैं उन्होंने साफ तौर से कहा कि किसी को भी किसी के उत्पीड़न का शिकार नहीं होने देंगे।

लोगों का यह मानना रहा करता है कि अकबरपुर रनिया विधायक प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला के सम्मानित पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी के दरवाजे पहुंचने वाला व्यक्ति कभी निराश होकर वापस नहीं आता है बल्कि वह अपना कार्य संपादित करने के बाद ही सम्मानजनक परिस्थितियों में वापस घर भेजा जाता हैए मामला सुख का हो या दुख का सभी में वारसी की मौजूदगी लोगों के अंदर एक विशेष विश्वास को बनाए रखती है गत दिवस रनिया में तेल बनाने वाली एक फैक्ट्री के श्रमिक ड्यूटी समाप्त करने के बाद वापस अपने घर जा रहे थे रास्ते में बाइक सवार द्वारा उन्हें टक्कर मार दी गई जिससे वह सड़क पर गिर पड़े इसी बीच पीछे से आए एक भारी वाहन ने एक श्रमिक को रौंद दिया था जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी जब कि दूसरे घायल ने उपचार के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया था मामले में फैक्ट्री प्रबंधन तंत्र द्वारा अपना पल्ला झाड़ लिया गया था लेकिन पूर्व सांसद को जैसे ही मामले की जानकारी हुई वह अपने सभी आवश्यक कार्य छोड़कर तत्काल मौके पर पहुंचे और अपने प्रभाव को इस्तेमाल करते हुए मृतकों की पुत्रियों के विवाह के लिए 12 लाख रुपए की मांग रखी गई जिसे फैक्ट्री प्रबंध तंत्र द्वारा तत्काल स्वीकार कर लिया गयाए देर शाम पूर्व सांसद द्वारा मृतकों के परिजनों को धनराशि की चेके भेंट की गईए इस अवसर पर पूर्व सांसद द्वारा कहा गया कि राजनीति करने के पीछे उनका उद्देश्य केवल ऊंचा मुकाम हासिल करना नहीं है बल्कि वह तो समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति को उसके घर के आसपास ही आसान एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए राजनीति के मैदान में मौजूद हैए उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर किसी भी वक्त याद किए जाने का खुलकर सभी से आवाहन किया इस दौरान अनेकों लोग मौजूद रहे।।।



## सहकार भारती उन्नाव के आगामी आयामों को लेकर हुई बैठक

शीतला माता मंदिर परिसर में पदाधिकारियों ने किया सदस्यों का आवाहन

उन्नाव। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनुसांगिक संगठन सहकार भारती के पदाधिकारियों ने क़ासिम नगर स्थित माता शीतला देवी मंदिर प्रांगण में सदस्यता अभियान के क्रम में बैठक की। मंदिर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी अवध निगम ने उपस्थित सहकार भारती परिवार को माता शीतल के दर्शन कराकर प्रसाद ग्रहण कराया। सहकार भारती के प्रदेश सचिव एडवोकेट श्रीकांत तिवारी ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संगठन सहकारिता क्रांति का बड़ा आयाम है। जिलाध्यक्ष अधिवक्ता रामबोध शुक्ला ने पदाधिकारियोंए सदस्यों और अन्य संगठनों से पधारे प्रबुद्ध जनों का परिचय कराते हुए संगठन द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में सक्रिय योगदान के लिए सभी का आवाहन किया। जिला सचिव मनीष सिंह सेंगर ने कहा हमारे संगठन का मूल उद्देश्य निर्माताए वितरक और ग्राहक के बीच एक सकारात्मक समन्वयन स्थापित करना है। अध्यक्ष बाल संरक्षण समिति अधिवक्ता प्रीति सिंहए नारी शक्ति समिति अध्यक्षा संगीता कटियारए अन्नपूर्णा सेवा समिति संस्थापक मीनू त्रिवेदी ने महिलाओं की सक्रिय सहभागिता के लिए अपील की। शेखर अमर गुप्ताए संदीप चौहानए सुनील प्रजापतिए शैलेन्द्र यादवए मनोहर पासवानए अर्पित रैदासए सरोज कोरीए परशुराम चेतना संघ के नृपेंद्र मिश्रए मीडिया प्रतिनिधि प्राचीन्द्र मिश्राए संतोष अवस्थीए आरिफ़ खांए छोटेलाल आदि ने संगठन की विचारधारा के प्रचार प्रसार से सामाजिक समरसता को बल देने की बात कही। अध्यक्ष रामबोध शुक्ला और मंदिर समिति के अवध निगम ने सभी के प्रति आभार जताते हुए सबको सूक्ष्म भोज के लिए आमंत्रित किया तथा माता शीतल के प्रांगण के सुंदरीकरण हेतु उन्नाव वासियों का आवाहन किया।

## शिक्षा संस्कार के माध्यम से बच्चे बढ़ाते हैं देश का सम्मान



कानपुर। विवेकानंद सेवा केंद्र के तत्वावधान में रविवार को सांस्कृतिक व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि खान मंत्रालय के सलाहकार समिति के सदस्य अवनीश त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान युग में सभी समस्याओं का कारण नैतिक मूल्यों का अभाव है। जिस प्रकार सुंदर और फलदार वृक्ष बनने के लिए पौधों को खाद पानी की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार समाज में श्रेष्ठ मानव का निर्माण करने के लिए अच्छे संस्कारों की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि इन्ही बच्चों में कोई अब्दुल कलाम तो कोई सुनीता विलियम्स बनेगा। संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा संस्कार के माध्यम से बालक-बालिकाओं में नैतिक मूल्य, देश भक्ति और माता-पिता के प्रति सम्मान बढ़ाते हैं। आज देश को ऐसी संस्थाओं की जरूरत है, जो सकारात्मक शक्ति बढ़ा सके। इस मौके पर संस्कार केंद्र के बच्चों ने देशभक्ति के गीत व प्रेरणा पूर्ण नाटक का मंचन किया। मुख्य अतिथि ने मेधावियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री कृष्ण कुमार दुबे, सचिव ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, अरूण कुमार गुप्ता, मनोज अवस्थी मौजूद रहे।

## साइबर ठगों ने महिला के खाते से उड़ाए 98 हजार रूपए

**कानपुर।** साइबर ठगों ने एक महिला के खाते से 98 हजार रूपए की ठगी को अंजाम दिया है। पीड़िता ने नवाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

केडीए सिग्नेचर विकास नगर नवाबगंज निवासी दीप्ति यादव ने बताया कि 6 अप्रैल को एजियो एप के जरिए तीन लेडीज सूट मंगाए थे। जब पार्सल खोलकर देखा तो उसमें एक ही सूट निकला। उसे वापस करने के लिए 7 अप्रैल को दीप्ति ने गूगल पर एजियो एप का कस्टमर केयर नम्बर निकाला।दीप्ति ने बताया कि कस्टूमर केयर नम्बर से बात हुई तो दूसरा मोबाइल नम्बर दिया। उसके बाद उस दूसरे मोबाइल नम्बर पर पूरी बात हुई और कस्टमर केयर वाले ने बात करने के बाद लाइन काट दी। इसके थोड़ी देर बाद दीप्ति को एक अज्ञात नम्बर से वॉट्सऐप कॉल आई। उसने भी खुद को कस्टमर केयर से बताया और कहा कि एक लिंक पर क्लिक करने पर ऑर्डर कैंसिल होकर रिफंड मिल जाएगा। उसने लिंक दिया और उस पर गूगल पर जाकर क्लिक करने को कहा। लिंक पर क्लिक करने के साथ ही उसने कुछ सेकंड्स में कहा कि अपना खाता चेक करिए। दीप्ति के मुताबिक साइबर ठग से बात करने से पहले खाते में दो लाख रुपए बैलेंस पड़ा था। मगर जब उसने खाता चेक करने को कहा उसके बाद उसमें से 98 हजार रुपए निकल गए थे। इस पर दीप्ति ने कॉलर से कहा कि पैसा रिफंड होने के बजाय कट गया है। तो फोन पर मौजूद व्यक्ति ने कहा कि वो गलती से हो गया होगा। अगले 24 घंटे में पैसा वापस आ जाएगा। इसपर दीप्ति को संदेह हुआ तो उन्होंने परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद पता चला कि वो साइबर फ्रॉड की शिकार हो गई है। नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा के मुताबिक मामले में पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल की मदद से पैसा वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग



**कानपुर।** कोपरगंज में शनिवार देर रात एक कबाड़ गोदाम में आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का महौल बन गया। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियां ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कोपरगंज पुलिस चौकी के बगल वाली गली में अनिल अरोड़ा नाम का कबाड़ का गोदाम है। इसमें भारी मात्रा में प्लास्टिक का सामान रखा हुआ था। शनिवार रात गोदाम में भयानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने जैसे ही गोदाम के अंदर आग धधकती हुई देखी उन्होंने मिनी कंट्रोल रूम को सूचना दी।

मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कबाड़ गोदाम के बगल में रूई का गोदाम और कपड़े का कारखाना था। कारखाने तक आग पहुंचने से रोकने के लिए फायर कर्मियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। लाटूशरोड, कर्नलगंज, फजलगंज से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने में 2 घंटे का समय लग गया माल जलने का नुकसान हुआ है। किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। स्थानी लोगों ने बताया की कुछ दिन पूर्व भी इसी गोदाम के बगल में आग लग गई थी आसपास घनी बस्ती है घर मकान और कारखाने हैं, लेकिन कबाड़ का गोदाम बंद रहता है इसे कोई देखने नहीं आता है आग लगने के बाद भी एक घंटे तक मलिक मौके पर नहीं पहुंचे हैं।

## वारदात को अंजाम देने से पहले शातिर अपराधी गिरफ्तार

**-शातिर पर गैंगस्टर समेत दर्ज हैं कई मुकदमें**



कानपुर। बर्रा पुलिस ने रिटायर्ड दरोगा के बेटे शातिर अपराधी को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। शातिर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया। शातिर पर पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

एच ब्लाक बर्रा विश्वबैंक निवासी यदुनाथ सिंह यादव पुलिस विभाग से एसआई पद से रिटायर्ड हैं। उनका बेटा रविशंकर शातिर अपराधी है। पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिल रही थी कि रविशंकर तमंचा लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। रविवार को पुलिस ने रविशंकर यादव फत्तेपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। बर्रा थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि रविशंकर यादव ने बर्रा क्षेत्र में सन 2008 में अपने साथियों के साथ मिलकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान एक व्यक्ति को घायल भी कर दिया था। वर्तमान में इसके खिलाफ11 अपराधिक मामले दर्ज है। सन 2008 में ही जब इसके गिरोह को पुलिस ने पकड़ा था उस दौरान रविशंकर के खिलाफगैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी। जेल से जमानत पर छूटने के बाद आरोपी ने फिर से नौबस्ता क्षेत्र में सन 2016 में डकैती की घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी का पिता रिटयर सब इंस्पेक्टर हैं। वो भी अपने पुत्र से बहुत परेशान रहता है। कई बार आरोपी को सुधारने का प्रयास किया गया, मगर वो सुधरा नहीं। इंस्पेक्टर बर्रा के मुताबिक एक साल पहले आरोपी जेल से छूटकर आया है और आते ही इसने दूसरी घटना को अंजाम देने की योजना बना ली थी। इसके अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## आपरेशन सिंदूर के शहीद सैनिकों को राविपा ने दी श्रद्धांजलि



**■ हाथ में तिरंगा झण्डा लेकर रैली निकाली**

**कानपुर।** रविवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में आपरेशन सिंदूर के शहीद सैनिकों व पहलगाम में मारे गए निर्दोषों को श्रद्धांजलि दी। देश व सेना के जवानों की सलामती के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया। दिव्यांगजनों ने हांथ में तिरंगा लेकर रैली निकाली और क्षेत्र के नागरिकों से जागरूक रहने की अपील की। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आज ईश्वर से देश व सेना के जवानों की सलामती के लिए प्रार्थना की गई। आपरेशन सिंदूर के शहीद सैनिकों व पहलगाम के शहिदों को श्रद्धांजलि दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें अपने सेना के जवानों पर नाज है। हमारे जवान पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। देश की सेना की वजह से देशवासी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हम अपने देश के सैनिकों का ऋण कभी नहीं चुका पाएंगे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अल्पना कुमारी, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार, गुड्डी दीक्षित, जौहर अली, गौरव कुमार, रंजीत कुमार, सरला, अनुराधा गुप्ता, गोमती वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में नवचान बच्ची का नाम रखा सिंदूरी

कानपुर। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से प्रभावित होकर शहर के एक दंपति ने नवजात बच्ची का नाम सिंदूरी रख दिया। बच्ची का जन्म जच्चा-बच्चा अस्पताल में हुआ है। शहर के निवासी अविन मिश्रा की पत्नी लीना मिश्रा ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के जच्चा-बच्चा अस्पताल में आठ मई को ऑपरेशन के जरिए एक बच्ची को जन्म दिया। ऑपरेशन सिंदूर से प्रभावित होकर और परिवार से सलाह लेकर अविन ने अपनी बच्ची का नाम सिंदूरी रखा। अविन ने इसे सेना को सम्मान और देश के प्रति अपनी भावना बताया। मां लीना मिश्रा ने भी इस पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने इच्छा जताई कि बेटी बड़ी होकर सेना में अधिकारी बने और देश का नाम रोशन करे। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेनू गुप्ता व जच्चा-बच्चा अस्पताल की सीएमएस डॉ अनीता गौतम ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। बच्ची के माता-पिता ने स्वयं नाम रखने का फैसला किया है, जिसके पीछे ऑपरेशन सिंदूर बताया है।

## खबर एक नजर

### बच्चों की सफलता में मां का होता सबसे बड़ा योगदान



**■ मातृ दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**कानपुर।** सिविल लाइंस स्थित श्री गुरु नारायण खत्री सरस्वती शिशु मंदिरए में रविवार मां की याद में मातृ दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें कैलाश नाथ इन्टर कालेज की प्रधानाचार्या शोभा प्रकाश मौजूद रही। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। बच्चों ने मां के ऊपर खूबसूरत गीत व नृत्य प्रस्तुति किया। जिसमें दादी अम्मा दादी अम्मा, तू कितनी अच्छी है तू कितनी प्यारी है आदि गीत पर नृत्य प्रस्तुति कर आये अतिथियों को ताली बजाने पर मजबूर किया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चो की सफलता में सबसे बड़ा योगदान मां का ही रहता है। मां ही बच्चो की पहली शिक्षक होती है। आज बच्चे संस्कार भूलते जा रहे हैं। मातृ भारती महिला समिति में अध्यक्ष जया जायसवाल व उपाध्यक्ष प्रीति गुप्ता को चुना गया। इसमें प्रमुख रूप से प्रधानाचार्या सुधा सिंह ने कहा कि बच्चो को जंक फूड से परहेज़ करना चाहिए। बच्चों को अपनी मां का कहना जरूर मानना चाहिए। बच्चों को सही शिक्षा एक मां ही देती है।

### कनिककॉन कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने की स्किल ट्रांस्फर की सराहना




**■ नई तकनीकी से किए गए ऑपरेशन का हुआ सजीव प्रसारण**

**कानपुर।** रविवार को कनिका हॉस्पिटल व कानपुर आप्थाल्मिक सोसायटी के तत्वावधान में रीजेन्टा होटल में कनिकाकॉन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आल इंडिया आप्थैल्मिक सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष विश्व विख्यात नेत्र विशेषज्ञ डॉ एसके नारंग ने किया। कॉन्फ्रेंस में नेत्र रोग से सम्बन्धित देश में प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन डॉ शरद बाजपेई ने कहा कि नेत्रों की जटिल बीमारियों का नई तकनीकी द्वारा ऑपरेशन कानिका हॉस्पिटल में किया गया, जिसका सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम के सचिव डॉ मोहित खत्री ने मोतीयाबिंद ऑपरेशन में होने वाली जटिलताओं के निवारण के बारे में चर्चा की। कानपुर आप्थैल्मिक सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ मनीष महेन्द्रा ने कनिकाकॉन द्वारा आयोजित कार्यशाला के माध्यम से नेत्र विशेषज्ञों ने स्किल ट्रांस्फर की सराहना की। कॉन्फ्रेंस में नई दिल्ली से डॉ एसके नारंग, इंदौर से डॉ अमित पोरवाल, जयपुर से डॉ समरेश, लखनऊ से डॉ जतिन्दर वाही, डॉ बेला, डॉ विशाल कटियार, डॉ दीवाकांत मिश्रा, पटना से सत्यजीत सिन्हा व अलीगढ़ से डॉ अनुपम अहूजा ने स्किल ट्रांस्फर व चर्चा की। वहीं कार्यक्रम में कानपुर आप्थैल्मिक सोसाइटी से डॉ संगीता शुक्ला, डॉ सोनिया दमेले, डॉ एएम जैन, डॉ लोकेश अरोड़ा, डॉ दिलप्रीत सिंह, डॉ सुकांत पाण्डेय, डॉ पल्लवी, डॉ आकाश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### नकाबपोश चोरों ने ई-रिक्शा व दो ड्रम लेकर हुए फरार

कानपुर। बर्रा के दामोदर नगर में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर दो नकाबपोश चोरों ने एक दुकान को निशाना बना लिया। चोर दुकान के बाहर खड़ा ई-रिक्शा और दो ड्रम तेल लेकर फरार हो गए। सुबह होने पर मालिक को दुकान के बाहर से ई-रिक्शा गायब दिखा और दुकान का ताला टूटा पड़ा था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। दामोदर नगर निवासी दिलीप मिश्रा की घर के नीचे बजरंग बली ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। दुकान में तेल का काम होता हैं। उन्होंने बताया कि देर रात दो चोर घर के नीचे आए और दुकान के बाहर खड़ा ई-रिक्शा भी बिना चाभी के ही स्टार्ट कर उसी में दो ड्रम तेल के रखकर ले गए। सुबह दिलीप जब घर के बाहर निकले तो उन्हे घटना की जानकारी हुई।उन्होंने तत्काल इसकी सूचना 112 में दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर सीसीटीवी अपने कब्जे में लिया।

## युवाशक्ति ऊर्जा के साथ चलेंगे तो लक्ष्य शीघ्र प्राप्त होगी

**■ भारतीय शिक्षण मंडल की हुई प्रातीय कार्यकारिणी की मासिक बैठक**



**कानपुर।** भारतीय शिक्षण मंडल कानपुर प्रांत की प्रांतीय कार्यकारिणी की मासिक बैठक ओंकारेश्वर सरस्वती कॉलेज में हुई। बैठक का आयोजन दो सत्रों में किया गया। प्रथम सत्र में परिचय एवं वार्षिक नियोजन तथा द्वितीय सत्र में केंद्रीय पदाधिकारी का मार्गदर्शन एवं मुक्त चर्चा हुई। भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री सुनील शर्मा ने संगठन की रूपरेखा, उद्देश्य एवं विस्तार की चर्चा करते हुए कहा कि संगठन के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक है कि मासिक बैठकों के साथ जनपद स्तर पर साप्ताहिक बैठकों का आयोजन किया जाए। इन बैठकों के माध्यम से संगठन के ध्येय से परिचित कराना एवं नए सदस्यों को संगठन से जोड़ने का प्रयास प्रत्येक सदस्य को करना चाहिए। यह बात सदैव ध्यान में रखनी है कि हमारी विचारधारा के सदस्यों की संख्या जितनी अधिक होगी, उद्देश्य की प्राप्ति उतनी ही सहज होगी। संगठन में शक्ति निहित होती है, यह वर्तमान का सबसे महत्वपूर्ण तथ्य है। इसे प्रत्येक व्यक्ति को स्वीकार करते हुए कार्य करना है। हमारा उद्देश्य हमारी शिक्षा व्यवस्था भारतीयता के अनुरूप हो। यद्यपि इस क्षेत्र में हमने लंबी दूरी तय कर ली है, लेकिन अभी अनेक कार्य शेष हैं। कई स्थानों पर प्रतिकूल परिस्थितियां हैं उन्हें अपने अनुकूल बनाना है। भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय युवा गतिविधि प्रमुख अमित रावत ने कहा कि युवा गतिविधि किसी भी संगठन का भविष्य होती हैं। हम श्विजन का विकसित भारत के उद्देश्य को लेकर चले हैं। युवा गतिविधि के माध्यम से समस्त संपूर्ण देश के समस्त प्रदेशों संपर्क प्रायः होता रहता है। अभी शोधपत्र लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं से संपर्क हुआ। महत्वपूर्ण लेख शोध जनरल प्रज्ञानंद में प्रकाशित किए गए। अब हमें ध्यान रखना है कि इस नई युवाशक्ति को अपने उद्देश्य एवं कार्य में हम किस प्रकार नियुक्त कर सकते हैं। वस्तुतः युवाशक्ति ऊर्जा से ओतप्रोत होती है। यदि हम इनको साथ लेकर चलेंगे तो निश्चित रूप से लक्ष्य शीघ्रता से प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश सिंह, पूर्वी क्षेत्र उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संयोजक डॉ राजीव उपाध्याय, डॉ श्याम दत्त जोशी, डॉ हरिभाऊ खांडेकर, डॉ नीलम त्रिवेदी, डॉ ममता सिंह चौहान, सुशील, डॉ आभा सिंह, राजेश शर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हरीश चन्दर का तबादला बने डीआईजी रेंज



**■ नए एडीशनल पुलिस कमिश्नर बने आशुतोष कुमार**

कानपुर। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एडीशनल सीपी हरीश चन्दर अब डीआईजी कानपुर रेंज का कार्यभार सम्भालेंगे। वहीं आईजी रेंज कानपुर जोगिंदर लाल अब प्रयागराज के नए पुलिस कमिश्नर होंगे। एडीशनल सीपी के स्थान पर आशुतोष कुमार एडीशनल सीपी होंगे।

बताते चलें कि 7 फरवरी 2024 को एडीशनल सीपी कानून व्यवस्था का चार्ज सम्भालने वाले आईपीएस अधिकारी हरीश चन्दर का कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में रविवार को कार्यकाल पूरा हो गया। एडीशनल सीपी को एक साल तीन माह दस दिन के कार्यकाल में उन्होंने माफियाओं की कमर तोड़ने के साथ ही पुलिस कमिश्नर और फोर्स के बीच के बैलेंस को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईपीएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में आईजीआरएस पर भी काफी काम कराया। निरंतर मॉनिटरिंग का प्रभाव यह पड़ा कि आईजीआरएस में कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की पोजिशन बहुत नीचे नहीं गई। इसके अलावा तमाम बड़े मामलों में उन्होंने अपने एक्सपीरियंस के हिसाब से फोर्स का मनोबल बढ़ाने का भी काम किया।

## सरकार की नीतियां केवल कॉरपोरेट घराने को कर रहीं मजबूत

**■ हड़ताल को सफल बनाने हेतु केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया सम्मेलन**




**कानपुर।** 20 मई को देशव्यापी हड़ताल को सफलन बनाने के लिए केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के तत्वाधान में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रमिक नेताओं ने कहा कि कारपोरेट घरानों का शोषण चरम पर हैं और सरकार की नीतियां इन्हें मजबूत करने का काम कर रही हैं।

कालपी रोड स्थित कामरेड रामआसरे भवन में आयोजित सम्मेलन में इंटक, एटक, एच समेत अन्य दलों के श्रमिक नेता शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष कामरेड उमेश शुक्ला ने कहा कि पिछले कई सालों से मजदूर वर्ग कमर तोड़ महंगाई से जूझ रहा है। इससे आम आदमी को अपनी जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। आर्थिक मंदी के चलते कई कंपनियां उत्पादन कम कर रही है, जिससे लोग बेरोजगार हो रहे है। सरकार की आर्थिक नीतियां भी आम आदमी के लिए नहीं बन रही है। नए कानूनों के लागू होने से श्रमिकों को अपने हितों और अधिकारों को खोना पड़ जाएगा। असित कुमार सिंह ने कहा कि वेंडर, घरेलू कामगार, आंगनबाड़ी, मिडडे मील कर्मचारी, ठेके पर काम करने वाले मजदूरों के एक बड़े हिस्से को श्रम कानूनों के दायरे से बाहर धकेल कर उन्हें बंधुआ मजदूर बनाने की कोशिश हो रही है। फिक्स टर्म एम्प्लॉयमेंट को कानूनी हथियार बनाकर मजदूरों के हकों को छीनने की तैयारी हो चुकी है। दवा उद्योग के कर्मचारियों की जबरन छटनी की जा रही है। निजीकरण के खिलाफ आर-पार की लड़ाई छिड़ गई है। सरकार आरबीआई, एलआईसी और सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों का उपयोग एटीएम के रूप में कर रही है। भारतीय रेल, रेलवे स्टेशन, रेलवे कारखाने, हवाई अड्डे, बंदरगाह, बिजली जैसी लाभकारी सरकारी कंपनियों का धड़ल्ले से निजीकरण कर देशी और विदेशी कंपनियों को हमारी संपदा को लूटने का भरपूर अवसर दिया जा रहा है। सम्मेलन में आरपी कनौजिया, योगेश ठाकुर, एसएएम जैदी, धर्मदेव, रामप्रकाश राय, मीनाक्षी सिंह, सुलेखा तिवारी, राणा प्रताप सिंह, मान सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में लोहा कारोबारी के बेटे की मौत

**कानपुर।** चकेरी में लोहा कारोबारी के बेटे की डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें उसकी मौत हो गई, जबकि दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर हेलमेट मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नौबस्ता के योगेंद्र विहार निवासी लोहा कारोबारी संजय कुमार चौरसिया का दादानगर में लोहे का कारखाना है। परिवार में पत्नी सुनीता, बड़ा बेटा धीरेंद्र, छोटा बेटा रौनक चौरसिया, बेटी कल्पना हैं। भाई धीरेंद्र ने बताया कि छोटा भाई रौनक पिता के साथ ही कारखाने में काम देखता था। शनिवार को जाजमऊ के तिवारीपुर में उनकी मौसी अनीता की बेटी अंजली की शादी थी। देर रात करीब ढाई बजे रौनक, घाऊखेड़ा निवासी अपने दोस्त प्रियांशु को बाइक से घर छोड़ने जा रहा था। हरजिंदरनगर में तेज रफ्तार बाइक सीधे डिवाइडर से जा टकराई। बाइक पर सवार दोनों लोग घायल हो गए। पुलिस दोनों को गंभीर अवस्था में कांशीराम अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने रौनक को मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि झपकी आने से हादसा हुआ होगा। समारोह में मौजूद परिजन हादसे की सूचना के बाद बदहवास हो गए। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि डिवाइडर से टकराने पर हादसा हुआ है। युवक हेलमेट लगाए थाए जो टकराने के बाद छिटककर दूर जा गिरा था।

## दुश्मनी में घर में लगा दी आग, बच्चों को बचाने में मां झुलसी



**-मां को इलाज के लिए लाया गया सीएचसीए थाना सजे ती क्षेत्र के सिरसा गांव में हुई घटना**

**घाटमपुर।** थाना सजे ती क्षेत्र के सिरसा गांव के एक घर में घुसकर बाइक सवारों ने आग लगा दी। बच्चों के साथ सो रही महिला जागकर जब तक अपने दोनों बच्चों को लेकर बाहर भागती तब तक वह झुलस गई। घर के बाहर महिला के शोर मचाने पर जब तक लोग मौके पर पहुंच ते तब तक आरोपी बाइक से भाग गए। आग से झुलसी महिला बच्चों के साथ सिरसा गांव से थाने पहुंची। जहां पुलिस को घटना की तहरीर देने पर उसे इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया। सिरसा गांव की रहने वाली सरला पत्नी नारेन्द्र ने पुलिस को बताया कि 10 मई की सुबह करीब 9 बजे में शौच कर खेत पर बनी झोपडी को वापस लौट रही थी। बच्चे घर में लेटे थे रास्ते से ही देखा कि मेरे ही गाँव का सोहित पुत्र पन्थू जल्दी से मेरी झोपडी में आग लगा इधर उधर देख रहा था ललकारा तो उपरोक्त सोहित मेरे तमंचा लगा कर कहने लगा शोर किया तो जान से मार देगे। मेरा शोर सुनकर गाँव के लोग दौडे। मैं तथा लोग आग को बुझाने का प्रयास के साथ झोपडी में लेटे बच्चों को बचाने में बुरी तरह झुलस गयी। तब तक खबर मिलने पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग को बुझाया। तब तक मेरी घर गृहस्थी का सम्पूर्ण सामानए गल्ला पानी तथा 50 हजार नगद जलकर राख हो गया।सजेती थाने के एसएसआई गजेंद्र सिंह ने बताया कि जिस युवक पर आरोप है उसका महिला से कोई जमीनी विवाद है। मामले की जांच की जा रही है। सत्यता पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम ने किराव में पकड़ा मिट्टी का अवैध खनन





**-अवैध खनन करते हुए पकड़ा गया एक जेसीबी तथा डंपर को किया गया पुलिस के हवाले**

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के किराव में ईंट भट्टे के लिए मिट्टी का अवैध खनन किए जाने की शिकायत एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह तक पहुंचने पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया। तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई के साथ मौके पर जाकर उन्होंने निरीक्षण किया तो जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन किए जाने के साथ डंपर में भरा जा रहा था। बाकी खड़े लोग व चालक एसडीएम को देख मौके से भाग लिए। एसडीएम ने रेव ना थाना पुलिस को मौके पर बुलाकर मिट्टी के किए जा रहे अवैध खनन पर कड़ी नाराजगी जताने के साथ कार्यवाही के लिए जेसीबी व डंपर के पुलिस के हवाले कर दिया।

तहसील स्तर पर होने वाले मिट्टी के अवैध खनन की आ रही शिकायतों का संज्ञान लेकर एसडीएम तहसील क्षेत्र के किराव गांव पहुंचे तो उन्हें गाटा संख्या 1092ए 1093 में अवैध खनन करते हुए जे सी बी मिली।जो डंपर में मिट्टी भर रही थी। अवैध खनन करने वालों से जब एसडीएम ने परमिशन से संबंधित अभिलेख मांगे तो किसी तरह के अभिलेख नहीं दिखाए गए। मौके पर मिले भट्ठा कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि खनन सुल्तान शेख द्वारा अपने भट्ठे के लिए कराया जा रहा है। एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने बताया कि जेसीबी से किराव गांव में मिट्टी का अवैध खनन कर रही जेसीबी व मौके पर मिले डंपर को कार्यवाही के लिए रेवना थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। आगे की कार्यवाही के जिला खनन अधिकारी से कहा गया है।रेउना थाना प्रभारी आनंद पांडेय ने बताया कि दोनो वाहनों को सीज कर थाने में खड़ा करा लिया गया। तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने बताया कि खनन अधिकारी को रिपोर्ट दे दी गई है। उनके द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## घर के बाहर सो रहे युवक का चारपाई पर मिला रक्तरंजित शव हत्या का आरोप



**-लक्ष्मणखेड़ा गांव में शनिवार रात हुई दर्दनाक घटनाए कमरे के अंदर सो रही मां व उसकी पत्नी को नहीं लगी भनक**

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के लक्ष्मण खेड़ा गांव में शनिवार की रात घर के बाहर सो रहे एक युवक की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई।कमरे के अंदर सो रही मां व उसकी पत्नी को घटना की भनक तक नहीं लगी। रविवार की सुबह युवक का शव चारपाई पर खून से लथपथ देख चीख पुकार मच गई। परिजनों के रोने व चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी व गांव के लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचीं पुलिस ने जांच के साथ शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है। जिनमें दो सगे भाई व उनके बेटे पर हत्या व एससी.एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमें लगाई है।

साढ़ थाना के लक्ष्मणखेडा गांव के रहने वाले धर्मेंद्र पासी 23 के पास ट्रैक्टर ट्राली गेहूं कटाई थ्रेसर है। पत्नी रीना के मुताबिक धर्मेंद्र शनिवार देर रात घर के पीछे खुले में चारपाई में सो रहे थे। जबकि उनकी मां चंद्रावतीए पत्नी रीना देवीए मासूम बेटा ओनल कमरे के अंदर सो रहे थे। रात में घर का पूरा काम करने के बाद रात करीब 11ण30 बजे वह लोग सोने चले गए थे। रविवार की सुबह जब घर के बाहर निकली तो पति का शव चारपाई में खून से लथपथ पड़ा था। जिनकी सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या की गई थी। रीना ने आगे बताया कि एक सप्ताह पहले थ्रेसर से गेहूं कटाई करने में डीजल के रुपये देने को लेकर गांव के ही कीरत कुमार उर्फ बडकऊए उसके भाई राजू तथा कीरत कुमार के पुत्र रवी से विवाद हुआ था। तब से तीनों मेरे पति को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इन्ही लोगों ने सोते समय पति की सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या की है।

### पत्नी ने नहीं उठाने दिया शव, डीसीपी के समझाने पर मानी

घाटमपुर। सिर कुचलकर रवि की हत्या से आक्रोशित पत्नी रीना ने पुलिस को काफी देर तक शव नहीं उठाने दिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद ही शव उठाने की पत्नी द्वारा मांग की जा रही थी। तभी घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचें डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी के समझाने पर पत्नी व उसके मायके पक्ष के लोगों ने 6 घण्टे बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए जाने दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर डीसीपी के अलावा एडीसीपी महेश कुमारए एसीपी रंजीत कुमार सिंहए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर जांच को पहुंची। साढ़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया पत्नी रीना की तहरीर पर कीरत कुमार उर्फ बडकऊए उसके भाई राजू व रवी पुत्र कीरत तीनों पर हत्या करने व एससी.एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में पुलिस की 5 टीमों को लगाया गया है।

### हत्यारों सहित दोषी पुलिसकर्मियों पर भी होगी कार्यवाही-डीसीपी साउथ

**भीतरगांव।** बीते पांच छह दिन पूर्व हुए विवाद पर साढ़ चौकी पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने के आरोप मृतक की पत्नी द्वारा चीख चीखकर लगाए गए उसने बताया कि मामले की जानकारी चौकी पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस स्तर से कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने मामले का संज्ञान लेते हुए परिजनों से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही तथा जानकारी के बाद भी सिपाहियों द्वारा कार्यवाही न किए जाने की जांच करा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफभी कार्यवाही करने की बात कही उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें बनाकर तलाश की जा रही फोरेंसिक टीम सहित डॉग स्क्वायड द्वारा मामले की गहनता से जांच कराई गई है पीएम रिपोर्ट आने के बाद कई अहम खुलासे होने की संभावना है।

## खबर एक नज़र

### बेहतर शिक्षा तथा अनुशासित रहकर ही मिल सकती कामयाबी



**भीतरगांव।** गत सप्ताह जारी बोर्ड परीक्षाओं में साढ़ क्षेत्र के गोपालपुर नर्वल के मिथलेश शिवमंगल सिंह स्मा उ मा विद्यालय ;आवासीयद्ध के बच्चो द्वारा शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय सहित माता पिता को गौरवान्वित किया गया ऐसे होनहारों की हौसला अफजाई करते हुए प्रबंधक गोविंद सिंह चौहान ने मुंह मीठा करा बधाई दी उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निखारकर इस योग्य बनाया जाए जिससे वह अपने देश के लिए कुछ कर सके।

प्रिंसिपल सी एल कनौजिया ने बताया कि इंटरमीडिएट की कृति ने 86 कौशिकी तथा ऋषभ 85 नंदनी तथा आयुष 84 प्रियंका यादव तथा अमन कुशवाहा ने 83 आकांक्षा शिवानी तथा ईशान ने 82 आकांक्षा 81 अनन्या तथा आराधना ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा हाइस्कूल में शिवम यादव ने 91 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान आलोक मिश्रा 91ण3 द्वितीय तथा प्रांशु ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त तृतीय स्थान प्राप्त किया।संचालक युवराज सिंह के अनुसार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा सभी बच्चों ने अच्छे अंकों के साथ गत वर्षों की तरह दबदबा कायम रखा उन्होंने होनहारों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी।

### अकेडिया इंटरनेशनल स्कूल में हुआ मातृ दिवस का भव्य आयोजन



**बिल्हौर ।** बिल्हौर तहसील के खजुरी गांव में स्थित अकेडिया इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास पूर्ण भव्य तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया जिसमें प्रथम चरण में नर्सरी से कक्षा 4 तक के बच्चों की माताओं के लिए तथा द्वितीय चरण में कक्षा 5 से 12 तक के बच्चों की माताओं के लिए विशेष आयोजन किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपनी माताओं के सम्मान में मनमोहक नृत्य अभिनय व मधुर गीत प्रस्तुत किए। बीच.बीच में माताओं के लिए मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया जिनमें रैम्प वॉक म्यूजिकल चेयर एयर राइफल शूटिंग और मेकअप आर्टिस्ट जैसी रोचक गतिविधियाँ शामिल थीं। विजेता माताओं को स्कूल की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री मोहित सिंह एवं निदेशक श्री अभिजीत मिश्रा ने कार्यक्रम में आई हुई समस्त मातृशक्ति को धन्यवाद ज्ञापित किया और विजेता मातृशक्ति को पुरस्कार प्रदान किए। यह दिन माताओं के प्रति छात्रों के प्रेम सम्मान और कृतज्ञता को अभिव्यक्त करने वाला अत्यंत भावनात्मक और यादगार अवसर रहा।

### प्राइवेट बस से गिरकर अधेड़ घायल जिला अस्पताल रेफर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**भीतरगांव।**साढ़ थाना क्षेत्र के बिरहर चौराहे में निमंत्रण करने जा रहा अधेड़ बस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय पुलिस द्वारा सीएचसी जहानाबाद भेजा गया जहां अधेड़ की हालत खबर लिखे जाने तक चिंताजनक बताई जा रही थी। जानकारी के अनुसार जहानाबाद के रोटी डिघरुआ निवासी श्याम सुंदर अवस्थी 58 साढ़ थाना क्षेत्र के ऐमनपुर गांव एक निमंत्रण कार्यकम में जा रहा था बताया जाता है कि जहानाबाद से बारादेवी चलने वाली बस जैसे ही बिरहर चौराहे पहुंची तो अधेड़ अगले स्टॉप में उतरने को लेकर सीट से उठकर गेट पर आ गया और अचानक झटका लगने से अधेड़ चलती बस से नीचे जा गिरा देखते ही देखते वहां हुजूम लग गया सूचना पर पहुंची बिरहर पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए घायल अधेड़ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।चौकी इंचार्ज नवनीत कुमार ने बताया कि परिजनों को जानकारी दे दी गई है घायल का उपचार जारी है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## विधायक सरोज ने लाखों से बनी सड़को का किया लोकार्पण



**-दुरौलीए अर्खरीए तेजपुरए निमधाए दुर्गागंज में विधायक निधि से बनी लगभग 60 लॉख की सीसी सड़के**

**घाटमपुर।** रविवार को विधायक सरोज कुरील ने लाखों की लागत से बनाई गई कई सड़कों का लोकार्पण किया तो मौके पर मौजूद ग्रामीण खुशी से झूम उठे। ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए जहां विधायक को हाथों हाथ लिया वही विधायक ने कहा कि वह कहने से करने पर विश्वास करती हूं। मैने आप लोगों से सड़कों का निर्माण कराए जाने का जो वादा किया था उसे पूरा किया। विधायक ने दुरौलीए अर्खरीए तेजपुरए निमधाए दुर्गागंज आदि गांव में विधायक निधि से बनाई गई लगभग 60 लॉख की सीसी रोडो का लोकार्पण किया। इस मौके पर पुरुषोत्तम श्री राम पीजी कॉलेज के चेयरमैन व भाजपा नेता मनोज भदौरियाए प्रधान पुत्र तेज पुर अंकित दीक्षितए श्रीमती दीक्षा पटेल प्रधान दुरौलीए रिंकू सिंह कोहराए उदयवीर प्रधान पति डोहुरूए बउआ लाल तिवारीए अनील सचान प्रधान प्रतिनिधि निमधाए श्रीमती अंजू देवी कमल प्रधान दुर्गागंजए दिनेश तिवारी प्रधान सरगवां अर्खरीए राजाराम भारती दरौली समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## आगामी चुनाव की रणनीति तैयार करने के लिए सपा की मासिक बैठक आयोजित

**बिल्हौर ।** सपा बिल्हौर विधानसभा की कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन बिल्हौर विधानसभा कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने की। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष चौबे ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण कर सभा की शुरुआत की। आशीष चौबे ने सभा को संबोधित करते समाजवादी पार्टी की कार्यकारिणी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि प्रतिमाह की बैठक में सभी लोग अनिवार्य रूप से शामिल हो। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्पष्ट निर्देश है कि निष्क्रिय लोगों को पार्टी से पदमुक्त कर सक्रिय व कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी पदाधिकारी बनाया जाये। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए पूरी निष्ठा से पार्टी गतिविधियों में शामिल हो व पार्टी दिशानिर्देशों का पालन करें। पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह ने कहा 2027 में पीडीए के लोग मिल कर अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाएंगे। बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कहा बूथ के लोग अधिक से अधिक संख्या में घर.घर जाकर पिछड़े दलित व अल्पसंख्यक लोगों को पार्टी से जोड़ने व पार्टी नीतियों से अवगत कराने का काम मिशन मोड में करें?। वहीं सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव लोकेश अवस्थी ने सपा कार्यकर्ताओं से मेहनत के साथ चुनाव में जुटने एवं माननीय अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का आग्रह किया।

इस दौरान आशीष चौबे रचना सिंह गौतम विनय यादव हरिओम पांडे लोकेश अवस्थी मान नारायण पाल भारत सिंह अंशुमान सिंह आशीष कटियार सरदार टेलर हाफिज जी बबलू खान अब्दुल्ला खान रमेश चन्द्र गौतम राजू पाल सुनील कुमार यादव जितेन्द्र कुमार वर्मा राम सरण गौतम आदर्श कटियार शशिकांत पाल सतेन्द्र कुमार गौतम विवेक कटियार ज्ञान सिंह देवी गुलाम यादव अनिल कुशवाहा रजनेश कुमार ज्ञान चंद्र कोरी ऋषभ यादव श्यामजी सविता अतुल दीपू शादाब कुलदीप यादव अंकित चक्रवर्ती शैलेन्द्र कटियार आदि समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## फेसबुक में दोस्ती के बाद की शादी, विवाद होने पर की आत्महत्या

**-भदरस गांव में हमीरपुर के सिसोलर की महिला का फांसी पर झूलता मिला शव**

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के भ द रस गांव में दो बच्चों की मां का शव फांसी पर झूलता मिला।हमीरपुर के सिसोलर गांव की महिला ने फेस बुक पर भ द रस गांव के युवक से दोस्ती कर एक साल पहले शादी रचाई थी।अब दोनों के बीच बात बिगड़ने पर उसने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मामले की जानकारी मिलने पर पहुंचीं पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों के मुताबिक हमीरपुर के सिसोलर गांव की रानी शर्मा 28 की हो चुकी शादी के 8 साल बाद उसकी फेस बुक में भ द रस गांव के रहने वाले मोहित यादव से दो बच्चों 8 साल के बेटे व 6 साल की बेटी की मां से हुई दोस्ती धीरे धीरे शादी के बन्धन में बदल गई। शादी के कुछ दिन बाद रानी के घर वालों का भी भ द रस गांव आना जाना शुरू हो गया। शादी के एक साल बाद दोनों के बीच शुरू हुई अनबन के दौरान रानी व उसके बच्चों को उसकी मां व घर वाले साथ में ले जाना चाहते थे। मोहित के भेजने से इन्कार करने पर रानी का शव रविवार को फांसी पर झूलता देख घर में कोहराम में मच गया ।

थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि घटना के सम्बंध में अभी किसी तरह की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल शव को पोस्ट मार्टम केलिए भेजा गया है।

## दयानन्द बेनी सिंह ज्वाला प्रसाद कालेज में मेधावियों ने मनाया जश्न




**-मेघावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किए जाने के साथ ही पूर्व सांसद ज्वाला प्रसाद के प्रपौत्र के संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर जताई गई खुशी**

**घाटमपुर।** शनिवार को कुडनीए साढ़ के दयानन्द बेनी सिंह ज्वाला प्रसाद इन्टर कालेज में यूपी बोर्ड की परीक्षा में अपना व कॉलेज का नाम रौशन करने वाले मेघावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किए जाने के साथ ही पूर्व सांसद ज्वाला प्रसाद के प्रपौत्र के संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर कॉलेज में जश्न मनाया गया। इस मौके पर पहुंची विधायक व कॉलेज की प्रबन्धक श्रीमती सरोज कुरील तथा सह प्रबन्धक सत्य प्रकार कुरील द्वारा हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट के छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि एक बार फिर कॉलेज प्रबन्धन अभिभावकों के भरोसे पर खरा उतरा है। उन्होंने आगे भी अच्छा रिजल्ट देने का भरोसा दिया। साथ ही पूर्व सांसद ज्वाला प्रसाद के प्रपौत्र व जीतेन्द्र कुमार के सुपुत्र सुयस कुमार के संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर समाज व माता.पिता का नाम रोशन करने पर भी खुशी जताई गई। इस मौके पर अध्यक्ष कृष्णगोपाल अवस्थी तथा पूर्व प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र शुक्लएप्रधानाचार्य सुभाष चन्द्रए जिन्तेन्द्र कुमारए महेन्द्र कुमारए श्रीमती सीमा देवी तथा उनके परिवार के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे। इनके अलावा कॉलेज के समस्त शिक्षक गणए शिक्षणोत्तर कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## दिवंगत शिक्षिका के परिवार को टीएससीटी करेगी पचास लाख की मदद



बिल्हौर । टीचर्स सेल्फ केयर टीम के प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्या के निर्देश पर जिला संयोजक सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज दिनांक 11ध्05ध्2025 को दिवंगत शिक्षिका स्वव मधु गौतम उच्च प्राथमिक विद्यालय दलपतपुर विकास खंड सरसौल जनपद कानपुर नगर जिनका स्वर्गवास दिनांक 24ध्09ध्2024 को हो गया थाए के आवास शिव कटरा लालबंगला कानपुर नगर पर जा कर टीएससीटी जिला टीम कानपुर नगर द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज एकत्र किए गए। टीम के सदस्यों ने स्वव मधु गौतम के पति दीपक कुमार ;नॉमिनीद्ध तथा पुत्र से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा दिवंगत शिक्षिका के चित्र पर माल्यार्पणध्पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।ज्ैब्ज् के संस्थापकध्प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्या एवं सुधेश पाण्डेय प्रदेश महामंत्री से फोन पर वार्ता भी कराई गई उनके द्वारा परिवार को सांत्वना दी गई और ज्ैब्ज् सहयोग प्रक्रिया के बारे में बताया गया।अध्यक्ष जी ने कहा कि हर परिस्थिति में टीएससीटी परिवार आपके साथ है।इस दौरान सभी लोग भावुक हो गए।

इस स्थलीय निरीक्षण में जिला संयोजक सुनील कुमार वर्मा जिला प्रवक्ता अनुरुद्ध तिवारी विशाल यादव जिला आई टी सेल प्रभारी अनूप कुमार जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार संगीता कटियार वीरेन्द्र सिंह अंजू गुप्ता अंजना बाजपेई धर्मेंद्र मिश्रा प्रत्यूष मिश्रा विजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### करंट लगने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुत्तौर में रविवार की सुबह टेन्ट लगाते समय 40 वर्षीय युवक एचटी लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दतौली गांव निवासी कालिका प्रसाद का पुत्र राककिषोर टेंट मालिक राजेन्द्र कुमार के यहा काम करता था बताते है कि मुत्तौर में टेंट लगाते समय लोहा अचानक एचटी लाइन से छू गया जिससे उसकी मौत हो गयी। उसके बावजूद भी परिजन तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये जहा इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोशितर कर दियां

# कुर्की : गैंगस्टर की एक करोड़ 18 लाख की संपत्ति जब्त



**- सराय मीना में खरीद रखे थे पत्नी के नाम चार आवासीय प्लाट**

**फतेहपुर।** मलवां व सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार को मलवां थाना क्षेत्र के एक गैंगेस्टर की चार संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की। जिसकी कीमत एक करोड़ 18 लाख 84 हजार आंकी गई है। यह चारों संपत्ति थाना कोतवाली क्षेत्र के सराय मीना में स्थित है। जिस पर कार्रवाई का चाबुक चला। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इस कवायद को अंजाम दिया गया। गैंगेस्टर राकेश उर्फ मनमोहन सिंह मीरमऊ थाना मलवां का रहने वाला है। मलवां व सदर कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित शातिर अभियुक्त राकेश उर्फ मनमोहन सिंह की एक करोड़ अठारह लाख चौरासी हजार रुपये की चल-अचल सम्पत्ति को अंतर्गत धारा 14(1) गैगेस्टर एक्ट के तहत जब्त किया है।

गैंगस्टर ने थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मौजा सरायमीना स्थित आवासीय प्लाट, कुल रकवा 498 वर्ग मीटर, रकवा 468 वर्ग मीटर, रकवा 262 वर्ग मीटर व रकवा 260 वर्ग मीटर पर कुर्की की कार्रवाई हुई। इन सभी चार प्लांट की कीमत एक करोड़ अटठारह लाख चौरासी हजार बताई जा रही है। जिसमें पहले प्लांट 39 लाख 84 हजार दूसरा प्लांट 37 लाख 44 हजार, तीसरा प्लाट 20 लाख 96 हजार और चौथे प्लाट की कीमत 20 लाख 60 हजार आंकी जा रही है। गैंगस्टर के खिलाफ हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म रहा। बताते चले की गैगेस्टर राकेष उर्फ मनमोहन सिंह अपने पत्नी के नाम प्लांट खरीद रखे थे। राकेष उर्फ मनमोहन सिंह के ऊपर मलवां थानें में एक दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत है। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम के अलावा क्षेत्राधिकारी नगर सुषील कुमार दुबे, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तारकेष्वर राय, मलवां थानाध्यक्ष विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस पर फायर, जवाब में दो बदमाश घायल, एक गिरतार

- नौबस्ता-महुआ बाग में हुई मुठभेड, लूटी हुई कार व तमंचा बरामद
- पुलिस टीम को एसपी ने दिया 25 हजार का इनाम



**फतेहपुर।** नेशनल हाईवे 02 पर कार लूटने वाले तीन बदमाश पुलिस के हत्थे लग गए। लूटी गई कार की बिक्री को नौबस्ता के एक बाग में मौजूद बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंकी। जवाबी प्रतिकार में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए जबकि तीसरे को दौड़ा कर पकड़ लिया गया। पुलिस ने घायल बदमाशों को हथगाम सरकारी अस्पताल भेजकर गिरत में आए एक अन्य बदमाश के खिलाफ विधिक कार्रवाई के लिए लिखापढ़ी की है। इसी चार मई को थाना थरियांव क्षेत्र में कार लूट की इस घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस कप्तान अनूप कुमार सिंह ने बताया कि भुक्तभोगी विकास कुमार टैक्सी चालक है, जो सवारी ड्राप करने के बाद फतेहपुर से लौट रहा था। तभी कार सवार तीन बदमाशों ने मारपीट करके घटना की थी। जिनके खिलाफ थाना थरियांव में मु.अ. सं.-131/2025 धारा 309 (4) बीएनएस पंजी.त किया गया था। इस घटना के वर्कआउट को पुलिस काम कर रही थी जिसमें उसे शनिवार की रात सफलता हासिल हुई। एसओजी के साथ थाना सुल्तानपुर घोष, हथगांव व थरियांव पुलिस संयुक्त रूप से नौबस्ता पुल से एक किलोमीटर पहले ग्राम नौबस्ता के पास चेकिंग की जा रही थी। सूचना प्राप्त हुई कि नौबस्ता महुआ बाग में 03 लुटेरे लूटी गाड़ी के साथ बेचने की फिराक में ग्राहक का इन्तजार कर रहे हैं। उनके साथ एक बिटारा गाड़ी भी है। सूचना पर महुआ बाग की घेराबन्दी कर आत्मसर्पण करने को कहा गया तो अपने आप को घिरता हुआ देख बदमाश, पुलिस टीम की तरफ लक्ष्य कर फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की तरफ से की गयी फायरिंग में 176बी संदीप नगर सनगांव रोड थाना चकेरी कानपुर नगर निवासी करन सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र राजकुमार के दाहिने पैर में गोली लगी। चिस्ती नगर थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर के .ष्णा गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता के बायें पैर में गोली लगने से वह भी घायल हो गया। ग्राम भौली थाना अमगेन जनपद उन्नाव के मंजीत कुमार पुत्र पंकज कुमार को दौड़ा कर पकड़ लिया गया। बदमाशों के कब्जे से लूटी हुयी स्विट कार, लूट की घटना में प्रयुक्त मारूति बिटारा ब्रेजा, दो अदद देशी तमंचा, तीन अदद खोखा कारतूस, दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद मिस कारतूस, दो मोबाइल व 1030 रुपये नगद बरामद हुए हैं। एसपी ने बताया कि उपरोक्त प्रकरण के संबंध में थाना सुल्तानपुर घोष पर मु0अ0सं0-71/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग उपरोक्त के पंजी.त कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों की गिरतारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगेगा। एसपी ने गिरतारी व बरामदगी करने वाली टीम को 25 हजार रुपये के पुरस्कार देने की घोशणा की। इस मामले के खुलासे में तीन थाना की पुलिस के साथ एसओजी की बड़ी भूमिका रही।

# ठगी पीड़ितों का धरना 253वें दिन भी जारी

- -सेना के लिए करेंगे रक्तदान
-04 जून को होगा देशव्यापी आंदोलन



**फतेहपुर।** निवेशकों के भुगतान के लिए सरकार के बनाये कानून बड्र्स एक्ट को लागू करने व कम्पनियों से भुगतान किए जाने के लिए सरकार द्वारा निर्देशित किये जाने की मांग को लेकर ठगी पीड़ितों के संगठन का धरना रामशरन दास की अगुवाई में 253वें दिन भी जारी रहा। रविवार को नहर कालोनी स्थित धरना स्थल पर ठगी पीड़ित जमा करता परिवार की ओर से निवेशकों के भुगतान की मांग को लेकर विगत 253 दिन से जारी धरना रविवार को भी जारी रहा। नहर कालोनी परिसर में ठगी पीड़ितों के द्वारा धरना दिया जा रहा।

धरने में ठगी पीड़ितों ने भारत पाक के संभावित युद्ध जैसे हालातो पर चिंता व्यक्त करते हुए पकिस्तान को देश मे आतंकवाद फैलाने व निर्दोषों की हत्या करने वाला बताया साथ ही कहाकि 4 जून को उनके संगठन का देशव्यापी आंदोलन होना है जिसमे सरकार से सभी निवेशकों के डूबे हुए भुगतान के लिए सरकार द्वारा बनाये गये कानून को लागू करते हुए भुगतान कि मांग की जायेगी। भारत व पाक के बीच तनाव के .ष्टिगत कहाकि संगठन देश की सेना के साथ है पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिये किसी भी तरह के एक्शन लेने में सेना व सरकार के साथ है। देश के सैनिकों के लिये रक्तदान शिविर के माध्यम से रक्त एकत्र कराया जाएगा। निवेशकों के भुगतान के लिये सरकार द्वारा बनाये गये कानून बड्स एक्ट कानून को लागू किये जाने व एजेंटों की सुरक्षा सुनिश्चजित कराये जाने की मांग किया। इस मौके पर सूराजदीन विष्वकर्मा, रामभवन विष्वकर्मा, प्रदीप वर्मा, दयाराम, विनोद कुमार, राकेश कुमार, अम्बिका प्रसाद, राजकुमार गुप्ता आदि रहे।

## फेरबदलः राजकिशोर बिंदकी, गिरेन्द्र पाल बने खागा कोतवाल

**छह निरीक्षक व 16 उप निरीक्षकों का स्थानांतरण**

**फतेहपुर।** नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाने के उदेष्य से महकमें के छह इंस्पेक्टर और सोलह सब इंस्पेक्टर के स्थानांतरण की जो चाबुक चलाई है। उससे किसी का कद घट गया है तो किसी का बढ़ गया है। स्थानांतरण की इस कार्रवाई से लापरवाह पुलिसकर्मी सहम गए हैं। उन्हें डर है कि कहीं लापरवाही उजागर होने पर उन पर भी कहीं इसी तरह की कार्रवाई की चाबुक न चल जाए। पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर राज किशोर को बिंदकी कोतवाल बनाया गया है। जबकि यहां तैनात रहे सुनील कुमार सिंह को कुछ दिन पुलिस लाइन में रखने के बाद मीडिया सेल की जिम्मेदारी दी गई है।

खागा कोतवाल हेमंत कुमार मिश्रा को पुलिस लाइन भेजा गया है। नारकोटिक्स सेल प्रभारी गिरेंद्र पाल सिंह को खागा कोतवाली की कमान सौंपी गई है। नारकोटिक्स सेल का जिम्मा जयशंकर तिवारी को दिया गया है। पुलिस लाइन से निरीक्षक सुनील कुमार सिंह को प्रभारी मीडिया सेल की जिम्मेदारी दी गयी। पुलिस लाइन से ही दुर्गेश प्रसाद गुप्ता को डीसीआरबी सेल का प्रभारी बनाया गया है। तबादले की इस फेहरिस्त में 16 सब इंस्पेक्टर को पुलिस चौकियों में भेजा गया है। यह सभी पुलिस लाइन से संबद्ध रहे हैं, जिसमें 11 सब इंस्पेक्टर को विभिन्न चौकी का प्रभारी बनाया गया है। चार को वरिष्ठ उप निरीक्षक बनाया गया है। एक सब इंस्पेक्टर को न्यायालय सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है। पुलिस कप्तान ने बताया कि स्थानांतरण, सतत प्रक्रिया का हिस्सा है। पुलिसिंग को बेहतर करने के लिए हरेक संभव प्रयास किए जाएंगे।

## अपना दल (एस) बूथ स्तर तक संगठन को करेगा मजबूत

फतेहपुर। अपना दल (एस) की बैठक संगठन मजबूती पर चर्चा के साथ कार्यकर्ताओ को महापुरूशो की चित्र व वस्त्र भेटकर सम्मानित किया गया और कार्यकर्ताओ से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत बनाने के लिए जोर दिया गया। अपना दल (एस) की हुसैनगंज विधानसभा सातमील तिराहा में मासिक बैठक नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन मौर्य के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक मंच रविनंदन यादव व विषिश्ट अतिथि जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल मुख्य मौजूद रहे। पार्टी संगठन पर चर्चा की गयी, जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं को महापुरुषों की प्रतिमाएं एवं अंग वस्त्र भेंट कर सभी कार्यकर्ताओ का सम्मान करते हुए उत्साह बढ़ाया, जिसका संचालन सक्रिय कार्यकर्ता युवा मोर्चा बिपिन कौशल ने किया बैठक के दौरान संगठन मजबूती पर चर्चा के साथ बूध स्तर तक पार्टी को ले जाने की बात कही गयी। बिपिन कौशल ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय, सैनिक विद्यालय, नवोदय विद्यालय, व नीट की परीक्षा में ओबीसी का आरक्षण दिलाने के साथ जातीय जनगणना का विषय सरकार से हल करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का आभार प्रकट किया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने प्रभारी का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अरुण पटेल आतिश पटेल, प्रफुल्ल जायसवाल, मुकेश मौर्य, सोनू कौशल, आनंद पटेल, मोहम्मद हफीज, मोनू कौशल, मुकेश मौर्य, राजेंद्र मौर्य, निलेश चौरसिया, मोवरेहान, मोव अब्दुल गनी, संजय लोधी, आलोक मौर्य, रितिक मौर्य, बृजेश, राजबहादुर, भैया लाल, छोटेलाल पटेल, आनंद पटेल, आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## परिषदीय स्कूलों में तैयार होगी खेल की नर्सरी

-स्कूलों में स्पोर्टस क्लब का किया जाएगा गठन

फतेहपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल के मैदान में भी प्रतिभा निखारने का मौका दिया जाएगा। इसके लिए स्कूलों में स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जाएगा। स्पोर्ट्स क्लब में 20 से 25 बच्चों को शामिल किया जाएगा। दोआबा के करीब 2126 परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं केवल शैक्षणिक ही नहीं, बल्कि खेलकूद गतिविधियों में भी निपुण बनेंगे। स्कूलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जाएगा।

गांव-गांव और कस्बों में बिखरी प्रतिभा को तराशने के लिए शिक्षक बच्चों की तलाश करेंगे। खेल की नर्सरी में आठ वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक नर्सरी में 20 या अधिकतम 25 खिलाड़ी शामिल होंगे। बाल खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षक द्वारा खेल के गुर सिखाने के बाद उनका खेल का स्तर जांचा जाएगा।

शिक्षक देंगे प्रशिक्षणः बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सौ से अधिक नामांकन वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक खेल अनुदेशक एवं ब्लाक और जिला स्तर पर शारीरिक खेल शिक्षकों को पहले से ही नियुक्त किया गया है। यह सभी शारीरिक खेल अनुदेशक एवं ब्लाक और जिला स्तरीय शारीरिक खेल शिक्षक राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयनित बच्चों को शारीरिक शिक्षा और खेलों मे प्रोत्साहन देने और खेलों में निपुण करने का कार्य करेंगे।

## टेऊन से गिरकर युवक घायल

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के रमवां स्टेषन के समीप रविवार की सुबह टेऊन से गिरकर लगभग 25 वर्शीय अज्ञात युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे रेलवे पुलिस ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करायां जहा इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। वही साथ में आये आरपीएफकर्मी ने बताया कि घायल के पास से दिल्ली से झारखंड का टिकट मिला था। जिसके आधार पर उसकी सिनाख्त की जा रही है।

# ताइक्वांडो चौंपियनशिप में सेंट जेवियर्स




**फतेहपुर।** पंचम जनपद स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेंट जेवियर्स की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता ने दीप जलाकर किया। प्रतियोगिता सेंट जेवियर्स के खिलाड़ियों ने उत.ष्ट प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा मेडल प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं आर. एस. एक्सेल इंग्लिश एकेडमी तथा आर.जी. चिल्ड्रेन एकेडमी के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अपने अपने विद्यालय को क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान दिलाया।

इस प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स, जयपुरिया, आर.एस. एक्सेल, आर.जी. चिल्ड्रेन, मदर सुहाग स्कूल, बचपन, राज ताइक्वांडो एकेडमी, बचपन ताइक्वांडो क्लब के बच्चों ने प्रतिभाग किया। समापन समारोह में ताइक्वांडो एसो. के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ल, सचिव राज कुमार, एबीवीपी से शिवम् गुप्ता आदि उपस्थित रहे।निर्णायक मंडल में कानपुर से फिरोज अहमद, शिव कुमार, ऋच्चा राजपूत, परी तिवारी, अनुराग, मुस्लिमीन, श्रेया वर्मा रहे। वहीं टीम कोच की भूमिका में भारत वर्मा, विकास कुमार, रामजी आदि रहे।

- आत्मरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है ताइक्वांडोरू किशन

इस अवसर पर अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि एसो. भविष्य मे भी ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिया प्रतिबद्ध है। सचिव राजकुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के बाद एसोसिएशन जनपद के विभिन्न स्थानों पर मई के अंतिम सप्ताह से 11 दिवसीय निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करेगा।

# - शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 384वीं साप्ताहिक रविवासरीय काव्य गोष्ठी

**...तो तुम्हें शपथ है, सहना मत, कर देना अरिदल क्षार-क्षार**



फतेहपुर। मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 384वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन के.पी. सिंह कछ्वाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछ्वाह ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा- मां शारदे, वरदान दे, आतंक का अवसान दे। फहरे तिरंगा विष्व में, हमको नयी पहचान दे। पुनः कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतर्भावों को प्रस्तुत किया-जब तक सीमा पार से, हो आतंकी घात। चुप बैठो मत शांति से, करो सतत प्रतिघात।

डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया-कर्म से भोग, भोग से कर्म, यही है नियति-नटी का खेल। इसी में सबके सब हैं व्यस्त, इसी से जीव- जगत का मेल। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये-आतंकी अड्डे उड़े, उजड़ गई बाजार। पाकजन्य आतंक को, विष्व रहा धिक्कार। डॉ. शिव सागर साहू ने काव्य पाठ में अपने भावों को कुछ इस प्रकार शब्द दिए-जागरूकता से किये, कार्य होहिं अनमोल। वाणी गौतम बुद्ध की, हिये राखिए तोल। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये- ओ मृत्युंजय, ओ दुर्निवार, यदि राष्ट्र-अस्मिता पर प्रहार। तो तुम्हें शपथ है, सहना मत,कर देना अरिदल क्षार-क्षार। कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजक ने आभार व्यक्त किया।

## खबर एक नज़र

### नुक्कड़ नाटक के जरिए बढ़ेगी छात्र नामांकन संख्या

**फतेहपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों में आउट ऑफस्कूल बच्चों को एवं नए छात्र नामांकन बढ़ाने के लिए एक अनोखी पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें अपने बच्चों को परिषदीय स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले के सभी न्याय पंचायतों में नुक्कड़ नाटक की टीमें कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों को शिक्षा के महत्व एवं अपने पाल्यों को स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा के निर्देश पर बीएसए की देखरेख में जिले के सभी ब्लाकों के न्याय पंचायतों में नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक टीम के सदस्यों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरुक किया जा रहा है। जिसमें आउट आफस्कूल बच्चों को दोबारा स्कूल में दाखिला दिलाने एवं अपने पाल्यों को परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराकर उन्हें शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सुमित कला जत्था टीम द्वारा असोथर एवं विजयीपुर के दो दो न्याय पंचायतों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। नुक्कड़ नाटक देखने के बाद लोगों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है। लोगों ने कहा कि नुक्कड़ नाटक के जरिए उन्हें परिषदीय स्कूलों के महत्व के बारे में पता चला है और वे अपने बच्चों को इन स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित हुए हैं। बीएसए भारती त्रिपाठी ने बताया कि नुक्कड़ नाटक एक प्रभावी माध्यम है। जिससे लोगों को जागरूक किया जा सकता है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर परिषदीय स्कूलों में छात्र नामांकन बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक कराए जा रहे हैं।

### पंचायत के लाभों के प्रति ग्रामीणों में फैलाई जाएगी जागरुकता

-अधिकारी नामित, सीडीओ ने दिए निर्देश

फतेहपुर। गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए तमाम सुविधाएं मुहैया कराने के बाद अनदेखी व जागरुकता के अभाव में व्यवस्थाएं बिगड़ती जा रही हैं। विभागीय कवायद पर भी जिम्मेदार खानापूर्ति कर कोरम पूरा किया जाता है। जिसको देखते हुए अब सीडीओ ने कमान संभालते हुए 13 दिनों तक ग्रापं में बैठक से ग्रामीणों को जागरुक किए जाने का प्लान बनाया है। जनपद की 13 ब्लॉकों में तीन हजार से अधिक की ग्रापं में स्वच्छ भारत मिशन फेस टू के तहत 13 दिनों तक बैठक आयोजित की जाएगी। 13 से लेकर 25 मई तक चलने वाले अभियान में प्रत्येक ब्लॉकों में अधिकारियों को नामित किया गया है। जहां पर व्यक्तिगत शौचालयों के ऑनलाइन आवेदन, शौचालय के नियमित उपयोग, विद्यालयों में क्रियाशील शौचालय, सामुदायिक शौचालय का नियमित न खुलने पर ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही गांव को स्वच्छ बनाने के लिए आरआरसी सेंटरों के संचालन से लेकर घर घर कूड़ा कलेक्शन में आ रही दिक्कतों के प्रति भी जागरुक किया जाएगा। जिससे आरआरसी सेंटर, डस्टबिन का मकसद ग्रामीण जान सके। ग्रामीणों को इनका प्रयोग करने के लिए भी बल दिया जाएगा। जिससे गांव की गंदगी, बीमारी दूर हो और गांव में विकास की रतार बढ़ सके। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक निस्तारण के लिए दुकानों में स्लोगन से भी ग्राहकों को जागरुक करने के लिए निर्देशित किया। बैठकों में अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामीणों की सहभागिता से स्वच्छता श्रमदान कराने के लिए निर्देशित किया। जिससे ग्रामीण जागरुक हो सके और साफ-सफाई के प्रति कदम बढ़ा सके।

### नाडेप और कंपोस्ट में दरार, ओडीएफप्लस के नाम भ्रष्टाचार

**फतेहपुर। गांवों** को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए विभाग ने लाखों का खर्च किया और आरआरसी सेंटर, कूड़ा कलेक्शन, नाडेप कंपोस्ट की व्यवस्था दी गई। बावजूद इसके धरातल पर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। वीरान पड़े सेंटरो में दरारे, गंदगी का अंबार है। कूड़ा समेटने को लगाए गए ई रिक्शा खुद धूल फांक रहे है। जिम्मेदारों की अनदेखी लाखों के खर्च पर पानी फेर रही है।

विजयीपुर क्षेत्र के कूरा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ओडीएफ प्लस घोषित कर गांव को स्वच्छ बनाने के लिए आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया गया था। जिसके पास में ही गीला, सूखा कचरा व लकड़ी प्लास्टिक मिट्टी के लिए कम्पोस्ट व नाडेप गड्ढे बनाए गए थे। साथ ही गांव के अंदर कई स्थानों में डस्टबिन व नाडेप बनाया गया था। इन कार्यो के एक साल ही बीते है कि लाखों खर्च से बना आरआरसी सेंटर वीरान पड़ा है, नैफेड में दरार आने लगी है। यहीं नहीं सेंटर में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। इसके अलावा गांव में घर-घर से कूड़ा कलेक्शन के लिए खरीदे गए ई-रिक्शा पंचायत भवन के अंदर शो-पीस में खड़े हैं।

ग्रामीणों को पहुंचाई जाने वाली सुविधाएं कागजों तक सीमित हैं, जिससे ग्रामीणों में भी नाराजगी है। विजयीपुर बीडीओ रत्नाकर त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। घटिया निर्माण हुआ है या नाडेप कम्पोस्ट जर्जर है तो पुनः बनवाया जाएगा। इसके साथ ही गांव में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाएगा।

### जू. हाईस्कूल कुम्भीपुर में प्रारंभ हुई रामायण अभिरुचि कार्यशाला

**फतेहपुर।** अंतरराष्ट्रीय रामायण वैदिक शोध संस्थान अयोध्या (संस्.ति विभाग उ.प्र.) के तत्वाधान में संस्कार भारती एवं एडू लीडर्स के सहयोग से जनपद में चयनित उच्च प्राथमिक विद्यालय कुम्भीपुर हथगाम में नौ दिनों तक होने वाली ग्रीष्मकालीन रामायण अभिरुचि कार्यशाला का शुभारंभ खागा नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज राम लखन त्रिपाठी रहे। इस अवसर पर अतिथिगणों में राकेश सिंह जिला मंत्री किसान मोर्चा भाजपा व अशोक सिंह रहे। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राधेश्याम दीक्षित, निर्देशन महेंद्र सिंह अनुदेशक, सह निर्देशन राहुल सिंह ने किया। कुशल संचालन प्रधानाध्यापक .ष्णवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में भगवान राम के जीवन एवं रामचरितमानस से उद्धत श्रीराम के जीवन की झांकियां और मंथरा केकयी संवाद तथा दशरथ कैकई संवाद का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रीष्मकालीन समय में ग्राम के प्रबुद्ध अभिभावकों और नागरिकों बच्चों को भगवान राम के आदर्शों पर चलकर समाज में उत्पन्न हो रही विसंगतियों को दूर करना है। इस अवसर पर राहुल सिंह, चंद्रभान सिंह अनुदेशक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रबुद्ध नागरिक एवं बच्चे आदि उपस्थित रहे।

### लापरवाहीः लेखपाल ने मृतक किसान को जारी की नोटिस

**फतेहपुर।** जनपद के खागा तहसील क्षेत्र में लेखपाल की घोर लापरवाही सामने आई है, जहां लेखपाल की लापरवाही से 6 वर्ष पूर्व मर चुके किसान पर धारा 67 के तहत कार्यवाही कर दी गई है। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजस्व कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल खागा तहसील क्षेत्र के कछरा ग्राम पंचायत में तैनात लेखपाल शिव सिंह ने करीब 6 वर्ष पूर्व मर चुके किसान के खिलाफ धारा 67 के तहत कार्यवाही कर नोटिस जारी की हैं। लेखपाल द्वारा नोटिस जारी करते हुए मृतक किसान सीताराम पासवान पर गाटा संख्या 869 पर अवैध तरीके से कब्जा कर मकान बनाने की नोटिस जारी की है। मृतक किसान के परिजन नोटिस मिलने के बाद से हैरान हैं। कि आखिर 6 वर्ष पूर्व मर चुके व्यक्ति के खिलाफ धारा 67 की कार्यवाही अब किस नियम के तहत की गई है। मृतक किसान के परिजनों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में तैनात लेखपाल शिव सिंह ने पहले उनसे 12000 रुपए की रिष्वत मांगी। रिष्वत न देने पर लेखपाल ने दूसरे के इशारे पर मृतक किसान के खिलाफ धारा 67 की कार्यवाही कर नोटिस जारी कर दी। परिजनों ने बताया कि लेखपाल कि लापरवाही के खिलाफ वह उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। न्यान मिलने पर वह हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। वही मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लेखपाल अपने बचाव के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है लेखपाल अब जारी की गई नोटिस पर नाम संशोधन कराने के प्रयास में जुटा हुआ है। लगातार लेखपाल उच्चाधिकारियों से साठ-गांठ कर अपने इस काले कारनामे को छिपाने का प्रयास कर रहा है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## पाक की असलियत

पाकिस्तान ने फिर दिखा दिया है कि वह किसी रहम या भरोसे के काबिल नहीं है। अमेरिका से दखल करा कर वह सीजफायर तक तो पहुंच गया लेकिन तीन घंटे के भीतर ही उसे तोड़कर अपने इरादे भी जाहिर कर दिए। भारत को पाक से खेल की आंशका थी। इसीलिए उसने साफ कह दिया था कि अगर फिर हमला हुआ तो हम निर्णायक जवाब देंगे। इसीलिए शनिवार रात आठ बजे के बाद होने वाले हमलों का उसने फौरन जवाब देना शुरू भी कर दिया। इससे पहले चार दिनों में हमारी सेनाओं ने सभी तरफ से बांध कर पाक को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया जबकि वह छल कपट का सहारा लेता रहा। यहां तक कि हवाई जहाज और ट्रेन सेवा जारी रखकर भारतीय हमलों को रोकने के लिए अपने ही नागरिकों को ढाल बनाता रहा। फिर भी पस्त होने पर दुनियाभर से बीच बचाव कराने की गुहार लगाई। टकराव के देशों के बीच 'बिग ब्रदर' की भूमिका में समझौता कराने का शौक पाल चुके अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पाक के गिड़गिड़ाने पर समझौता तो करा दिया लेकिन उन्हें भी अंदाज न रहा होगा कि चंद घंटों में ही यह बेमतलब हो जाएगा। शायद पाक को उम्मीद है कि अब जंग में वह आतंकियों को सक्रिय करके अपना वजन बढ़ा लेगा लेकिन भारत ने जिस तरह से अभी तक उसकी हर रणनीति को ध्वस्त किया है, ठीक उसी तरह इस बार भी होगा। अभी तक तो आतंकी छिपे ढंग से वार करते थे लेकिन आमने-सामने की जंग में वे कितने कामयाब हो पाएंगे, इसे लेकर कोई शक नहीं होना चाहिए। दरअसल आतंक को संरक्षण और घुसपैठ ही उसका पुराना हथियार है जिसे अब सारी दुनिया भी जानती है। इसीलिए जंग छिड़ने के बाद तुर्किए जैसे देशों को छोड़ दें तो किसी ने भी उसकी हिमायत नहीं की। जबकि भारत की नपी-तुली कार्रवाई को सभी ने देखा। देखा ही नहीं बल्कि उसका मजबूत आधार देखा और उसे मजबूत माना। फिर भी कूटनीतिक स्तर पर भारत ने सभी प्रभावशाली देशों के सामने अपनी स्थिति विस्तार के साथ स्पष्ट की। भारत अभी भी तनाव बढ़ाने के पक्ष में नहीं है पर अगर फौज उसके ऊपर हमला करती है तो उसका सटीक जवाब देने में वह पीछे नहीं रहेगा। सीजफायर तोड़ने के बाद पाक की असलियत और कायदे से दुनिया के सामने आ गई है जबकि भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई और सटीक ढंग से उसे सबक सिखाएगी।

## योगी पर भरोसा

केवल बातों से लोगों को आश्वस्त करने-भरमाने का चलन राजनीति के मौजूदा दौर में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सरकारों के कई मंत्रियों व सियासी दलों के कई शीर्ष पदाधिकारियों से लेकर जिला-तहसील स्तर तक के नेता 'चांद सितारे तोड़ लाने' जैसे नामुमकिन वादे ऐसी चाशनी में घोल कर पेश करते हैं कि जनता उन पर तुरंत भरोसा करती है। हालांकि कुछ समय बाद वह खुद को ठगा गया भी महसूत करती है। इसीलिए ऐसे आश्वासनों को जुमला कहा जाने लगा है। यूपी का यह सौभाग्य है कि नेताओं में तेजी से बढ़ रहे 'जुमला कल्चर' के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'वर्क कल्चर' को बढ़ावा देते हुए जनता से सीधे जुड़ कर जनसमस्याओं के हल को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। इसके लिए लखनऊ और गोरखपुर में नियमित जनता दर्शन अलग ही नजीर बन गया है। ये जनता के लिए ऐसा अवसर बन गया है जिसमें समस्याओं के समाधान के रास्ते निश्चित रूप से संभव बना दिए जाते हैं। यह भरोसा प्रदेश के दूरदराज तक के लोगों में तो बढ़ता ही जा रहा है, अब अन्य प्रदेशों के फरियादी भी अपनी समस्याएं ले कर सीएम योगी के पास पहुंच रहे हैं। इन राज्यों में कांग्रेस शासित तेलंगाना और हिमाचल के निवासी तो हैं ही, उत्तराखंड, राजस्थान, एमपी जैसे बीजेपी शासित और उसके समर्थन से चल रहे बिहार के लोग भी हैं। गत छह महीने के दौरान दूसरे राज्यों के 65 से अधिक फरियादी यूपी के सीएम से अपनी समस्याओं के हल की गुहार लगा चुके हैं। इसके लिए योगी ने सिर्फ आश्वासन ही नहीं दिया बल्कि समाधान की कार्रवाई के लिए फौरन कदम भी उठाए। ये समस्याएं संबंधित राज्य सरकारें हल कर सकती थीं लेकिन शायद उन्हें ये काम जरूरी नहीं लगा होगा। सीएम योगी के प्रति यूपी से बाहर भी बढ़ते भरोसे के पीछे मुख्य कारण आम लोगों के साथ गहरा जुड़ाव, उनकी समस्याओं के हल को लेकर प्रतिबद्धता और समर्पण का उनका भाव है। योगी की 'क्रॉस यूपी' पहुंच उनके व्यक्तितत्व को अभूतपूर्व नया आयाम देती है। अन्य राजनीतिज्ञ भी इसका अनुकरण करें तो तमाम गवर्नेंस की समस्याएं अपने आप ही हल हो जाएंगी।

# झूठ फैलाकर उन्माद को हवा देता 'गोदी मीडिया'




– तनवीर जाफ़री

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों में 'तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम' अर्थात फ़ायरिंग और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बन गई है।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 'भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम पर सहमति बनने' की जानकारी दी गई थी।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि 'भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है।' ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, 'अमेरिका की मध्यस्थता में हुई एक लंबी बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल सीजफ़ायर पर सहमति जताई है। ' अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर राज़ी हो गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 'हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ़ की बुद्धिमत्ता, विवेक और कूटनीति की सराहना करते हैं।' यह युद्ध विराम ऐसे समय हुआ है जबकि भारत पाकिस्तान के मध्य तनाव बढ़ता ही जा रहा थे और दोनों और से एक दुसरे पर हमले व जवाबी हमलों के दावे किये जाने लगे थे। बहरहाल बुद्ध के देश से युद्ध विराम पर सहमति तो जता दी गयी परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि पहलगाम नरसंहार के बाद भारत ने जिसतरह पाक व पाक अधिकृत कश्मीर स्थित आतंक के गढ़ पर आक्रमण किया उससे न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को सन्देश चला गया है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध किसी पंचायत में फ़रियाद लेकर जाने वाला नहीं बल्कि स्वयं आतंक का मुंह तोड़ जवाब देने वाला देश है। परन्तु पहलगाम आतंकी हमले से लेकर ऑप्रेशन संदूर तक व उसके बाद युद्ध विराम की घोषणा होने तक भारतीय मीडिया ने जिस ग़ैर ज़िम्मेदारी का प्रदर्शन किया है उसकी जितनी भर्त्सना की जाये वह कम है। ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण के लिये इसी भारतीय मीडिया को देश की उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अनेक बार झिड़कियां सुननी पड़ी हैं। कई बार ऐसे कई अनैतिहित व भड़काऊ मीडिया चैनल्स को मुआफ़ी भी मांगनी पड़ चुकी है,अनेक बार पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसी बेबुनियाद व झूठी ख़बरों का खंडन किया जा चुका है। हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टी वी चैनल्स के रिपोर्टर्स को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है। ख़ुद उन्हें अपने ही चैनल में अपने ही द्वारा बुलाये गये मेहमानों से ही लाईव कार्यक्रमों में भरपूर बेइज़्ज़ती उठानी पड़ चुकी है। कई कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पत्रकार ऐसे चैनल्स को छोड़ अपने यू ट्यूब चैनल चलाकर अपनी लोकप्रियता व वास्तविक पत्रकारिता का प्रमाण दे रहे हैं। और इन सब का नतीजा यह है कि ऐसे सभी 'गोदी चैनल्स' की टी आर पी काफ़ी गिर चुकी है। परन्तु इतना अपमान व ज़लालत सहने के बावजूद ऐसे चैनल्स व उनके पत्रकारों में कोई परिवर्तन आना तो दूर की बात उल्टे उनका स्तर और भी गिरता ही जा रहा है। यहाँ तक कि भारत पाक के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भी सरकार को ऐसे चैनल्स को नियंत्रित रहने की सलाह देनी पड़ी। पाक प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले व जवाब में भारतीय सेना द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत सरकार के सूचना मंत्रालय ने मीडिया को ज़िम्मेदाराना व संवेदनशील रिपोर्टिंग करने की हिदायत भी जारी की थी। मीडिया को सलाह दी गयी थी कि वह संयमित रहकर ज़िम्मेदाराना रिपोर्टिंग करे ताकि अफ़वाहें और ग़लत सूचनाएं न फैलें। रक्षा मंत्रालय ने भी 1 मई 2025 को मीडिया से फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरों से दूर रहने की सलाह दी थी। क्योंकि ऐसी कवरेज दुश्मन को फ़ायदा पहुंचा सकती है और सुरक्षाकर्मियों के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है। ग़ौरतलब है कि भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में यह बताया गया था कि 'ऑपरेशन सिन्दूर' पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। ऑप्रेशन के लक्ष्य के विषय में बताते हुये उन्होंने कहा था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें 4 पाकिस्तान और 5 PoK में थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्दोष नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया। ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद को सहन नहीं कर सकता। भारतीय सेना की कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को प्रवक्ता के रूप में पेशकरने के साथ साथ यह भी कहा गया कि पूरा देश, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत द्वारा उठाये जा रहे हर




फ़ैसले के साथ एकजुट है। मगर इस अति संवेदनशील घड़ी में भी भारतीय मीडिया सरकारी निर्देशों की गोया धज्जियाँ उड़ाने पर आमादा नज़र आया। गोदी मीडिया अपने चैनल्स पर भरपूर अफ़वाहें,ग़लत सूचनाएं और फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरें प्रसारित करता रहा। युद्धोन्माद भड़काने के लिये इनके ऐंकर्स टी वी पर बन्दर की तरह उछलते व अभद्र शब्दावलियों का प्रयोग करते भी देखे गये। तनाव के दौरान एक ओर भारतीय सेना अपने रक्षात्मक पक्षों को सामने रख रही थी तो भारत का एक चैनल दावा कर रहा था कि पाकिस्तान के पांच शहर तबाह हो गए जबकि एक दूसरा चैनल पाकिस्तान के 25 शहर तबाह बता रहा था। एक ऐंकर ने उछल उछल कर बताया कि पाकिस्तान के पांच शहर नक़्शे से मिट गये। कोई बता रहा है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पर क़ब्ज़ा हो गया, कोई बता रहा है कि कराची पर क़ब्ज़ा हो गया। यूक्रेन-रूस युद्ध के वीडिओ भारत-पाक के बताकर चला दिये गये। किसी ने शाहबाज़ शरीफ़ को बंकर में छुपा हुआ देख लिया तो कोई बता रहा था कि वह भागते हुये दिखाई दिये। किसी चैनल ने लाहौर इस्लामाबाद और सियालकोट पर आइएनएस विक्रांत द्वारा ज़बरदस्त हमले और कराची बंदरगाह के तबाह होने की ख़बर चला दी। तो किसी ने ब्रेकिंग न्यूज़ दी कि -'सुबह-सुबह पाकिस्तान के 6 शहर पर टूट पड़ी भारतीय सेना'। आश्चर्य की बात तो यह कि यह सभी 'जानकारियां' गोदी मीडिया के पास ही थीं भारतीय सेना या सरकार के पास नहीं। मीडिया द्वारा देश की एकजुटता को बढ़ावा देने के बजाये नफ़रत परोसने का एक उदाहरण जम्मू-कश्मीर की एक ख़बर के प्रसारण में भी देखने को मिला। यहाँ पुंछ में एक 46 वर्षीय क़ारी मोहम्मद इक़बाल, जोकि स्थानीय मदरसा ज़िया -उल-उलूम में शिक्षक थे तथा एक स्थानीय सम्मानित व धार्मिक व्यक्ति थे, की पाकिस्तानी की ओर से सीमा पार से हुई गोलाबारी में मौत हो गयी। वे आतंकवाद विरोधी तथा राष्ट्रवादी व्यक्ति थे। पुलिस ने स्वयं उनके व्यक्तित्व की प्रशंसा की है। परन्तु इन दलाल चैनल्स द्वारा यह प्रसारित किया गया कि 'इक़बाल एक आतंकवादी था' और उसे भारतीय सेना ने मार गिराया। ज़रा सोचिये ऐसी झूठ बेबुनियाद भ्रामक व ख़बर फैलाकर मीडिया क्या सन्देश देना चाहता है ? इस ख़बर का कश्मीर के लोगों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? क्या वजह है कि इतने संवेदनशील माहौल में भी गोदी 'मीडिया' द्वारा झूठ व अफ़वाह फैलाकर उन्माद को हवा दी गयी?

## प्रेमचंद की कहानियां



### जुलूस

इब्राहिम की पीठ पर घोड़े ने टाप रख दी। वह अचेत जमीन पर पड़े थे। इन आदमियों का शोरगुल सुन कर आप ही आप उनकी आंखें खुल गयीं। एक युवक को इशारे से बुला कर कहा-क्यों कैलाश, क्या कुछ लोग शहर से आ रहे हैं?
कैलाश ने उस बढ़ती हुई घटा की ओर देख कर कहा- जी हां, हजारों आदमी हैं।
इब्राहिम-तो अब खैरियत नहीं है। झंडा लौटा दो। हमें फौरन लौट चलना चाहिए, नहीं तूफान मच जायेगा। हमें अपने भाइयों से लड़ाई नहीं करनी है फौरन लौट चलो।
यह कहते हुए उन्होंने उठने की चेष्टा की, मगर उठ न सके। इशारे की देर थी। संगठित सेना की भांति लोग हुक्म पाते ही पीछे फिर गये। झंडियों के बांसों, साफों और रूमालों से चटपट एक स्ट्रेचर तैयार हो गया। इब्राहिम को लोगों ने उस पर लिटा दिया और पीछे फिरे। मगर क्या वह परास्त हो गये थे ? अगर कुछ लोगों को उन्हें परास्त मानने में ही संतोष हो, तो हो, लेकिन वास्तव में उन्होंने एक युगांतकारी विजय प्राप्त की थी। वे जानते थे, हमारा संघर्ष अपने ही भाइयों से है, जिनके हित परिस्थितियों के कारण हमारे हितों से भिन्न हैं। हमें उनसे वैर नहीं करना है। फिर, वह यह भी नहीं चाहते कि शहर में लूट और दंगे का बाजार गर्म हो जाय और हमारे धर्मयुद्ध का अंत लूटी हुई दुकानें, फूटे हुए सिर हों, उनकी विजय का सबसे उज्ज्वल चिह्न यह था कि उन्होंने जनता की सहानुभूति प्राप्त कर ली थी। वही लोग, जो पहले उन पर हंसते थे; उनका धैर्य और साहस देख कर उनकी सहायता के लिये निकल पड़े थे। मनोवृत्ति का यह परिवर्तन ही हमारी असली विजय है। हमें किसी से लड़ाई करने की जरूरत नहीं, हमारा उद्देश्य केवल जनता की सहानुभूति प्राप्त करना है, उसकी मनोवृत्तियों को बदल देना है। जिस दिन हम इस लक्ष्य पर पहुंच जायेंगे, उसी दिन स्वराज्य सूर्य उदय होगा। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**तुष्यन्ति भोजने विप्राः मयूराः घनगर्जित।**
**साधवः परसम्पत्तौ खलाः परविपत्तिषु।।**

ब्राह्मण भोजन खिलाये जाने पर प्रसन्न होते हैं, मयूर बादलों का गर्जन सुनकर प्रसन्न होते हैं, सन्त दूसरों की समृद्धि को देखकर प्रसन्न होते हैं, परन्तु दुष्टों को तो दूसरों को संकट में पड़ा देखकर ही सुख मिलता है।

◆◆◆

# हैरान पाकिस्तानी फौज पर सवालिया निशान

– राणा प्रताप कलिता

लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त)

भारत ने जिस तरीके से पाकिस्तान पर सटीक सैन्य कार्रवाई की, उससे पड़ोसी देश हतप्रभ रह गया है. पाकिस्तान को आशंका थी कि भारत पीओके में सैन्य कार्रवाई कर सकता है. लेकिन पहली बार भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में जैश और लश्कर के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर इस्लामाबाद को हैरान कर दिया है. पाकिस्तान को कभी उम्मीद नहीं रही होगी कि भारत पाकिस्तान के मुख्य प्रांत पंजाब में सीधे हमला करेगा. यह हमला हमारे पड़ोसी देश को साफ संदेश है कि अगर आने वाले समय में आतंकवाद के खिलाफ उसकी नीति नहीं बदली तो भारत के निशाने पर पूरा पाकिस्तान आ सकता है।

भारतीय सेना की कार्रवाई से पाक सेना को लेकर वहां की अवाम में बनी छवि को भी नुकसान होना तय है. अब तक पाकिस्तानी जनता यह समझ रही थी कि उसकी सेना काफी ताकतवर है और वह भारतीय कार्रवाई का डटकर सामना करने में सक्षम है. लेकिन ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तानी सेना की क्षमता पर सवालिया निशान खड़ा कर चुका है. यह सही है कि पाकिस्तानी सेना अपनी अवाम को खुश करने के लिए जवाबी कार्रवाई कर सकती है. लेकिन इसके लिए भारतीय सेना पूरी तरह तैयार है. भारत ने किसी संभावित हमले को लेकर पहले ही सटीक तैयारी कर ली है. मौजूदा समय में पाकिस्तानी सेना के पास सीमित विकल्प हैं और वह नहीं चाहेगी कि भारत के साथ व्यापक पैमाने पर युद्ध के हालात पैदा हों. क्योंकि फिलहाल पाकिस्तान के साथ खुलकर कोई देश खड़ा नहीं है. मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए चीन भी खुलकर पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हो सकता है. ट्रंप के चीनी उत्पादों पर व्यापक टैरिफ लगाने के बाद चीन की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में नहीं है. ऐसे में अमेरिकी कार्रवाई के बाद चीन भारत के साथ संबंध सुधारने की कवायद में जुटा हुआ है. हालांकि पाकिस्तान और चीन की दोस्ती जगजाहिर है. कई मौके पर चीन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा है. सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति के अलावा चीन पाकिस्तान में अरबों डॉलर खर्च कर आर्थिक गलियारे का निर्माण कर रहा है और बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह का विकास कर रहा है. लेकिन बलूचिस्तान में पाक सेना और चीनी निवेश के खिलाफ बलूच लिबरेशन आर्मी के विद्रोह के कारण चीन को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के समय से पूरा नहीं होने के कारण चीन को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

ऐसे में मौजूदा समय में चीन एक सीमा के बाहर जाकर पाकिस्तान को खुलकर समर्थन नहीं कर सकता है. क्योंकि ऐसा करने से चीन को भारतीय बाजार में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. श्रीलंका और अफ्रीकी देशों में चीन का अरबों डॉलर स्थानीय प्रतिरोध के कारण फंस गया है. ऐसे में घरेलू मोर्चे पर आर्थिक संकट का सामना कर रहे चीन के लिए भारत के खिलाफ खुलकर सामने आना मुश्किल है. हालांकि पाकिस्तान की कोशिश बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद कट्टरपंथियों ताकतों को मजबूत करने की है. मौजूदा बांग्लादेश सरकार और



पाकिस्तान के बीच संबंध बेहतर हुए है. इसका असर पूर्वोत्तर भारत पर पड़ सकता है. पाकिस्तान बांग्लादेश में आतंकियों को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकता है. हालांकि मौजूदा सरकार के खिलाफ बांग्लादेश में भी गुस्सा पनप रहा है. वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर भारत के पास पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने का विरोध कोई भी देश नहीं कर रहा है. भारत के लिए अच्छी बात है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संबंध काफी तनावपूर्ण हैं, जबकि अफगान तालिबान और भारत सरकार के रिश्ते बेहतर हुए है. खाड़ी के अधिकांश देश भी भारत का समर्थन कर रहे हैं. ऐसे में पाकिस्तान पूरी तरह अलग-थलग पड़ गया है. हो सकता है कि आने वाले समय में पाकिस्तान कई टुकड़ों में बंट जाए. सरकार ने पहले कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर भारत को चोट पहुंचाने का काम किया. फिर सटीक रणनीति बनाकर सैन्य कार्रवाई का विकल्प को चुना और इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन भी जुटाने का काम किया।

## काँव-काँव

◆◆◆

**पाकिस्तान ने तीन घंटे बाद तोड़ दिया युद्धविराम**
युद्ध की घोषणा के बिना युद्धविराम हो गया?
**खबरों के बीच सायरन न बजायें न्यूज चैनल-केंद्र**
कई चैनलों ने तो पाक पर कब्जा भी कर लिया!
**उत्तर प्रदेश में अब शुरू हो जायेगी प्रचंड गर्मी**
जितनी बार ये समाचार आया, पानी बरस गया!
**विद्युत निजीकरण का निर्णय वापस लेने की मांग**
ब्रिटिश कंपनियों के दलाल पैसा खा चुके हैं!
**साइबर अपराधियों पर नियंत्रण करे सरकार-सपा**
संगठित अपराध सरकारी नियंत्रण में ही होते हैं
**घुसपैठियों से पहला मोर्चा लेता है बीएसएफ**
पहलगाम आतंकी पता नहीं किधर से आये?

◆◆◆

## प्रेरक प्रसंग

### प्रभु से साक्षात्कार

किसी नगर में एक संत रहते थे। छोटा-सा उनका आश्रम था। भगवान के चरणों में लौ लगाये वह बड़े आनन्द का जीवन व्यतीत करते थे। उनकी कुटिया का द्वार धनी-निर्धन, छोटे-बड़े सबके लिए खुला था। जो भी आता था, बड़े प्रेम से उसका स्वागत करते थे और अच्छी-अच्छी बातें सुनाकर, प्रसाद देकर, उसे विदा करते थे।
एक दिन एक युवक उनके आश्रम में आया। पढ़ा-लिखा था और उत्साह से भरा था। संत को नमस्कार करके बैठ गया। बोला, स्वामीजी, आप ईश्वर की बात किया करते हैं। उसका नाम लेने का उपदेश देते हैं। मैं आपसे पूछता हूं, क्या आपने ईश्वर के दर्शन किये हैं ? आप कहते हैं, प्रत्येक व्यक्ति में आत्मा है। क्या आपने आत्मा को देखा है ?
युवक की बात सुनकर संत मुस्कराये और बड़े प्यार से युवक की ओर देखते रहे। बोले कुछ नहीं। युवक ने समझ लिया कि संत के पास उसके प्रश्न का उत्तर नहीं है आश्रम के आंगन में कुछ गुलाब के पौधे लगे थे। उन पर फूल आ रहे थे। संत उठकर उन फूलों के बीच घूमने लगे। युवक भी उनके साथ हो लिया। घूमते हुए बोला, महाराज, ये गुलाब तो बहुत बढ़िया है। मारे खुशबू के सारा आश्रम महक रहा है।
संत ने कहा, वत्स, तुम ठीक कहते हो, किन्तु क्या खुशबू तुम्हें दिखाई दे रही है ?
जी, नहीं युवक बोला, खुशबू कहीं दिखाई देती है? वह तो अनुभव की जाती है। संत ने कहा, यही तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है। तुम्हारे शरीर में दर्द होता है। कोई तुमसे पूछे, क्या दर्द को तुमने देखा है ? क्या जवाब दोगे ?
यही कि दर्द दिखाई नहीं देता, उसकी अनुभूति होती है। संत बोले, आत्मा और परमात्मा के साथ भी यही बात है। अनुभूति द्वारा उनसे साक्षात्कार होता है, स्थूल आंखों से नहीं।
युवक की शंका का समाधान हो गया। उसने संत का आभार माना। वह बोझ लेकर आया था, हल्का होकर चला गया।

## आपका पत्र मिला

### पाकिस्तान में चल रहे आंदोलनों पर भी नज़र रखें

पाकिस्तान में सैन्य सत्ता का वर्चस्व लंबे समय से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता आ रहा है। वर्तमान में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर पर यह आरोप लगते रहे हैं कि वे एक कट्टर इस्लामी दृष्टिकोण के पोषक हैं और भारत, विशेषकर हिंदुओं के प्रति द्वेष रखते हैं। उनकी नीति भारत के विरुद्ध स्थायी तनाव बनाए रखने की प्रतीत होती है। यह तनाव केवल सीमा पर गोलीबारी तक सीमित नहीं है, बल्कि आतंकवादी संगठनों को समर्थन देने के रूप में भी सामने आता है। पाक सेना का वास्तविक उद्देश्य भारत से युद्ध की स्थिति बनाए रखना है ताकि घरेलू असंतोष से ध्यान भटकाया जा सके। यही कारण है कि कश्मीर को बार-बार मुद्दा बनाकर पेश किया जाता है, जबकि पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी चुनौती बलूचिस्तान और सिंध जैसे प्रांतों में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन हैं। बलूचिस्तान लंबे समय से पाकिस्तानी अत्याचारों का शिकार रहा है। वहां के स्वतंत्रता समर्थक समूहों ने स्वयं को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है और संयुक्त राष्ट्र से शांति सेना भेजने की अपील की है। इसके साथ ही भारत में दूतावास खोलने की मांग भी रखी गई है। सिंध में भी स्वतंत्रता की मांगें मुखर होती जा रही हैं। इन आंदोलनों के पीछे स्थानीय जनता का दमन, संसाधनों का दोहन और सांस्कृतिक उत्पीड़न जैसे कारण हैं। यदि पाकिस्तान अपनी आंतरिक समस्याओं पर ध्यान न देकर केवल भारत से दुश्मनी बनाए रखता है, तो यह रणनीति अंततः उसके विघटन का कारण बन सकती है। भारत को इस स्थिति में सतर्क रहना होगा, परंतु मानवीय और कूटनीतिक दृष्टिकोण से भी इन आंदोलनों पर दृष्टि रखनी चाहिए।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# हंसने से मिलते हैं गजब के फायदे



बड़े बुजुर्ग कहते हैं, हंसना सबसे अच्छी दवा है। जीवन की भागदौड़, तनाव और परेशानियों के बीच एक मुस्कान ही ऐसी चीज है जो हमें अंदर से खुश और स्वस्थ बनाए रखती है। हंसना केवल एक भाव नहीं है बल्कि जीवन जीने का सबसे सरल और सुंदर तरीका है।

उन्होंने यह दिन इस उद्देश्य से शुरू किया कि पूरी दुनिया में हंसी के माध्यम से शांति, भाईचारा और सकारात्मकता फैलाई जा सके। आइए जानते हैं हास्य योग के गजब के फायदे और इसके अभ्यास का सही तरीका।

**हास्य योग क्या है?**

हास्य योग एक ऐसा व्यायाम है जिसमें बिना किसी मजाक या कॉमेडी के जानबूझकर हंसी का अभ्यास किया जाता है। इसमें गहरी श्वास के साथ हंसने की तकनीक शामिल होती हैं। इसे ग्रुप में करना ज्यादा असरदार हो सकता है। आपके साथ ही दूसरे भी हंसते हैं।

**हास्य योग के अभ्यास का तरीका**

इस योग के अभ्यास के लिए धीरे-धीरे गहरी सांस लें और छोड़ें। ऐसा चार से पांच बार दोहराएं। इस दौरान ताली बजाकर ऊर्जा बढ़ाएं। इसके लिए हाथों को ताली की मुद्रा में लाकर ÷हो हो, हा हा÷ कहकर ऊर्जा जगाएं। अभ्यास के दौरान बिना किसी झिझक के जोर से हंसी को आने दें, जैसे बच्चे खेलते समय करते हैं। फिर मुंह खुला रखें लेकिन आवाज न निकालें, केवल हंसी का भाव रखें। आखिर में आंखें बंद करके हल्की मुस्कान के साथ शरीर को शांत करें।

**हंसने के फायदे-** हंसने से कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर कम होता है और मूड बेहतर होता है।

हंसना हृदय और फेफड़ों के लिए फायदेमंद होता है। गहरी हंसी से फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे हृदय स्वास्थ्य सुधरता है।

इससे प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है। हंसी शरीर में इम्यून सेल्स को एक्टिव करती है जिससे बीमारियों से लड़ने की ताकत बढ़ती है।

एंडोर्फिन एक प्राकृतिक दर्द निवारक हार्मोन है, हंसने से एंडोर्फिन निकलता है जो दर्द में राहत देता है। हंसी से तनाव कम होता है जिससे बेहतर नींद आती है।

**लाफ्टर योगा क्या है?**

लाफ्टर योगा या हास्य योग योग की एक पॉपुलर वर्जन है जिसमें लोग ज़ोर-ज़ोर से हंसते हैं और शरीर से टेंशन को रिलीज करते हैं। यह योग बहुत तरीके से आपके लिए फायदेमंद होता है। इसका अभ्यास आपको तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। सुबह सुबह इसका अभ्यास करने से आपको दिनभर के लिए फ्रेशनेस मिलती है।

हास्य योग न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह हर किसी की मानसिक वेलनेस पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। यह आपको अधिक शांत बनाता है। इस नजरिए के साथ हास्य योग हमें सिखाता है कि हम किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हो सकते हैं।

**अच्छी एरोबिक एक्सरसाइज**

आप लाफ्टर योगा का अभ्यास करके कैलोरी बर्न कर सकते हैं। वास्तव में, 100 हंसी के दौरान आप उतनी कैलोरी बर्न कर पाते हैं जितनी आप 10 मिनट की वॉक में करते हैं। हास्य योग आपके इंटरनल ऑर्गन को मसाज करता है और इन्हें हेल्दी रखता है।

**एकाग्रता में सुधार**

हंसते समय आपके शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर होता है जिससे आपके ब्रेन तक ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा पहुंचती है। इससे आपका दिमाग बेहतर तरीके से काम कर पाता है और आपकी एकाग्रता में सुधार होता है।

**इम्यून सिस्टम में सुधार**

जोर-जोर से हंसने से लसीका द्रव का फ्लो बढ़ता है और लिम्फोसाइट्स की संख्या में बढ़ोतरी होती है। ये हमारे शरीर की किलर सेल्स हैं जो संक्रमण से लड़ती हैं। इसलिए, लिम्फोसाइट्स की संख्या बढ़ने से आपकी इम्यूनिटी बेहतर होती है।

**आप खुश रहते हैं**

दिल खोलकर हंसने के बाद किस को अच्छा फील नहीं होता? हालांकि हास्य योग एक स्वैच्छिक हंसी के साथ शुरू होता है, लेकिन यह जल्द ही वास्तविक हंसी में बदल जाता है। यह एक ऐसी कंटेजियस एक्सरसाइज रूटीन है। हंसने से एंडोर्फिन, हैप्पी हॉर्मोन रिलीज होता है। यह प्राकृतिक पेन किलर भी है। इसलिए अगर आप अपने शरीर के दर्द से छुटकारा पाना चाहते हैं तो हर रोज अधिक हंसें।

# इन संकेत से पता लगाएं आप स्वस्थ हैं या नहीं?



सेहतमंद रहना हर किसी की प्राथमिकता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका शरीर खुद आपको सेहत के संकेत देता है? खान-पान, साफ-सफाई और रोजमर्रा की आदतें स्वस्थ रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन इन सबके बीच हमें अपने शरीर के उन संकेतों को समझने की आवश्यकता है, जो हमें यह बताते हैं कि हम सही हैं या नहीं। यदि हम समय रहते इन संकेतों की अनदेखी करें, तो यह गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। आइए, जानें उन महत्वपूर्ण संकेतों के बारे में, जो आपकी सेहत का राज खोलेंगे!

**हमेशा थकावट महसूस करना :** यदि आप पर्याप्त नींद लेने के बावजूद लगातार थकान महसूस कर रहे हैं, तो यह एक गंभीर संकेत हो सकता है। यह आपकी शरीर में आयरन, विटामिन बी-12 और कैलोरी की कमी को दर्शाता है। लगातार थकावट आपके पोषण में सुधार की आवश्यकता को इंगित करती है। इस स्थिति को नजरअंदाज करने से आप हीमोग्लोबिन की कमी या एनीमिया जैसी समस्याओं का सामना कर सकते हैं। इसलिए, अपने आहार में पौष्टिक तत्वों को शामिल करना बहुत जरूरी है ताकि आप ऊर्जा से भरपूर महसूस कर सकें।

**बाल झड़ना :** अगर कंघी करते समय या नहाते समय आपके बाल गिरते हैं, तो यह एक चेतावनी संकेत हो सकता है। यह प्रोटीन, आयरन या विटामिन डी की कमी को दर्शाता है। समय पर इस समस्या का समाधान न करने पर यह गंभीर रूप ले सकती है, जैसे कि असामान्य हेयर फॉल या गंजापन। सही पोषण और आवश्यक विटामिन्स का सेवन करके आप अपने बालों की सेहत को बेहतर बना सकते हैं, इसलिए इस संकेत को नजरअंदाज न करें!

**ब्रिटल नेल्स :** यदि आपके नाखून कमजोर, खुरदुरे या जल्दी टूटने लगते हैं, तो यह जिंक और आयरन की कमी का संकेत हो सकता है। ऐसे नाखून न केवल आपकी स्वास्थ्य स्थिति को दर्शाते हैं, बल्कि यह आपकी हड्डियों की कमजोरी का भी संकेत दे सकते हैं। इन पोषक तत्वों की कमी से नाखूनों की मजबूती और स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इसलिए, संतुलित आहार लेकर इन तत्वों की कमी को पूरा करना जरूरी है, ताकि आप नाखूनों और हड्डियों दोनों को स्वस्थ रख सकें।

**ड्राई और डल स्किन :** अगर आपकी त्वचा सूखी और खिंची हुई है, तो यह डिहाइड्रेशन या विटामिन ए, सी और डी की कमी का संकेत हो सकता है। यह आपकी त्वचा की उम्र बढ़ाने का भी कारण बन सकता है।

**हमेशा सर्दी-जुकाम रहना :** यदि आप अक्सर सर्दी-जुकाम से परेशान रहते हैं, तो यह कमजोर इम्युनिटी का संकेत है। इससे बचने के लिए जिंक और विटामिन सी युक्त आहार लेना महत्वपूर्ण है।

**मांसपेशियों में दर्द व ऐंठन :** लगातार मांसपेशियों में दर्द या ऐंठन का मतलब है कि आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स, पोटेशियम और मैग्नीशियम की कमी हो सकती है। यह स्थिति आपकी मांसपेशियों को कमजोर बना सकती है।

**स्लो रिकवरी :** यदि आपके चोट या कट को भरने में अधिक समय लगता है, तो यह आपके शरीर में जिंक, विटामिन सी और प्रोटीन की कमी का संकेत हो सकता है। यह संकेत देता है कि आपकी स्किन की मरम्मत की प्रक्रिया धीमी हो रही है।

# हमारे कर्मों का रेखांकन स्थल है हमारी अंतश्चेतना

गरुड़ पुराण के अनुसार यमलोक में **चित्रगुप्त** नामक देवता हर एक जीव के भले बुरे कर्मों का विवरण प्रत्येक समय लिखते रहते हैं। जब प्राणी मरकर यमलोक में जाता है तो वह लेखा पेश किया जाता है, और उसी के आधार पर शुभ कर्मों के लिए स्वर्ग और दुष्कर्मों के लिए नरक प्रदान किया जाता है। साधारण दृष्टि से चित्रगुप्त का अस्तित्व काल्पनिक प्रतीत होता है। क्योंकि असंख्य प्राणियों द्वारा पल-पल पर किये जाने वाले कार्यों का लेखा दिन-रात बिना विश्राम के कल्प कल्पान्तों तक लिखते रहना एक देवता के लिए भी कठिन है। आधुनिक शोधों ने उपर्युक्त कथानक में से बड़ी महत्वपूर्ण सच्चाई को खोज निकाला है। डॉ. फ्रायड ने मनुष्य की मानसिक रचना का वर्णन करते हुए बताया है कि जो भी भले या बुरे काम ज्ञानवान प्राणियों के द्वारा किये जाते हैं, उसका सूक्ष्म चित्रण अंतश्चेतना में होता रहता है। जिस प्रकार ग्रामोफोन के रिकार्डो में रेखा रूप में गाने भर दिए जाते हैं और साथ ही उनके साथ बज रहे अनेक वाद्यों की ध्वनियों का विद्युत शक्ति के द्वारा एक प्रकार का संक्षिप्त एवम् मूल एकीकरण होता है और वह रिकार्ड में ज़रा सी जगह में रेखाओं द्वारा अंकित होता जाता है। तैयार किया हुआ रिकार्ड रखा रहता है, वह तुरंत ही अपने आप या जब चाहें नहीं बजने लगता, वरन् जब उसको ग्रामोफोन की मशीन पर घुमाया जाता है और सुई की रगड़ उन रेखाओं पर होती है तब उन सभी संग्रहीत ध्वनियों को प्रकट करता है। ठीक इसी प्रकार भले और बुरे जो काम किए जाते हैं। उनकी सूक्ष्म रेखाएँ अंतश्चेतना के ऊपर अंकित होती रहती है और मन के भीतरी कोने में जमा हो जाती है और गुप्त मन में जमी रेखाएँ उपयुक्त अवसर का आघात लगने पर ही प्रकट होती हैं। भारतीय विद्वान् कर्म-रेखा के बारे में बहुत प्राचीन काल से जानकारी रखते आ रहे हैं। **कर्म-रेखा नहिं मिटे, करो लाख चतुराई** आदि अनेक उक्तियाँ हिंदी और संस्कृत साहित्य में मौजूद हैं जिनसे प्रकट होता है कि कर्मों की रेखाएँ बिना फल दिए नहीं मिटती। कहा जाता है कि **विधि का लिखा को मेटन हारा** अर्थात् भाग्य में जो लिखा है उसे कोई मिटा नहीं सकता। डॉ.बीबेंस ने मस्तिष्क में भरे हुए ग्रे मैटर (भूरा चर्बी जैसा पदार्थ) की मूल दर्शक यंत्रों की सहायता से खोज करने पर वहीं के एक परमाणु में अगणित रेखाएँ पाईं। ये रेखाएँ किस प्रकार बनती हैं, इसका कोई शारीरिक प्रत्यक्ष कारण उन्हें नहीं मिला, तब उन्होंने अनेक मस्तिष्कों का तुलनात्मक अध्ययन करके यह निष्कर्ष निकाला कि निष्क्रिय, आलसी एवं विचारशून्य प्राणियों में ये रेखाएँ बहुत कम बनती हैं, किंतु कर्मनिष्ठ एवं विचारवानों में इनकी संख्या बहुत बड़ी होती है। अतएव ये रेखाएँ शारीरिक और मानसिक कार्यों को संक्षिप्त और सूक्ष्म रूप से लिपिबद्ध करने वाली प्रमाणित हुईं। भले बुरे का ग्रे मैटर के परमाणुओं पर यह रेखांकन (जिसे शास्त्रीय शब्दों में अंतश्चेतना का संस्कार कहा जा सकता है) पौराणिक चित्रगुप्त की वास्तविकता को सिद्ध कर देता है। गुप्त चित्रगुप्त मन, अंतश्चेतना, मूल मन, पिछला दिमाग, भीतर चित्र इन शब्दों के भावार्थ को ही 'चित्रगुप्त' शब्द प्रकट करता हुआ दीखता है। हमारा अंतर्मन ही निरंतर चित्रगुप्त देवता का कार्य करता है। जो भी भले बुरे काम हम करते हैं, उनका सूक्ष्म चित्र उतार कर अपने भीतर जमा करता है। जिसप्रकार सिनेमा के परदे पर लंबी चौड़ी तस्वीर दिखाई देती है किंतु उसका फ़िल्म केवल एक इंच चौड़ा ही होता है। इसी प्रकार पाप पुण्य का घटनाक्रम तो विस्तृत होता है पर उसका सूक्ष्म चित्र एक पतली रेखा मात्र के भीतर खिंच जाता है और वह रेखा गुप्त मन के किसी परमाणु पर अदृश्य रूप से जमकर बैठ जाती है। शार्ट हैंड लिखने वाले थोड़ी सी उलटी सीधी रेखाओं के इशारे से ज़रा से कागज पर बहुत कुछ लिख देते हैं।



-डॉ. आशा रस्तोगी

कर्म रेखा को भी ऐसी दैवी शार्ट हैंड समझा जा सकता है। मनोविज्ञान ने मन को दो भागो में बांटा है. 1)बाह्य मन 2) अंतर्मन। बाहरी मन तो यह सोच सकता है कि पाप कर्मों की रेखाएँ अपने ऊपर अंकित न होने दें और पुण्य कर्मों को बढ़ा चढ़ाकर अंकित करें जिससे पाप का फल ना भोगना पड़े और पुण्यफल का भरपूर आनंद प्राप्त हो। किंतु अंतर्मन ऐसा नहीं है। वह सत्यनिष्ठ जज के भाँति फैसला करता है। कोई लोभ, लालच, भय, स्वार्थ उसे प्रभावित नहीं करता। कहा जाता है कि मनुष्य के अंदर एक ईश्वरीय शक्ति रहती है, दूसरी शैतानी शक्ति। गुप्त मन को ईश्वरीय शक्ति और तर्क, छल,कपट, स्वार्थ, लोभ से युक्त बाह्य मन को शैतानी शक्ति कह सकते हैं। बाहरी मन धोखेबाजी कर सकता है परंतु भीतरी मन तो सत्य रूपी आत्मा का तेज है। निष्पक्ष रहना उसका स्वभाव है। इसीलिए ईश्वर ने इसे इतना महत्वपूर्ण कार्य सौंपा है। दुनिया उसे चित्रगुप्त देवता कहती है। हमारा चित्रगुप्त मन खुफिया जासूस की तरह हर घड़ी साथ साथ रहता है और किये गए भले बुरे कार्यों को अपनी खुफिया डायरी में दर्ज करता है। अंतःकरण सब कुछ जनता है कि यह किस विचारए किस इच्छा सेए किस परिस्थिति में क्यों किया गया। वहाँ बाह्य मन को सफाई देने की जरूरत नहीं होती क्योंकि गुप्त मन उस बात के संबंध में पूरी जानकारी रखता है। हम जिस इच्छा से, जिस भावना से जो काम करते है, उस इच्छा या भावना से पाप-पुण्य का नाप होता है। भौतिक वस्तुओं की तौल-नाप बाहरी दुनियाँ में होती है। एक गरीब आदमी रुपये 2 दान देता है और एक अमीर आदमी रुपये 10,000 दान देता हैं। बाहरी दुनियाँ तो पुण्य की तौल रुपयों पैसों की गिनती के अनुसार करेगी। किंतु भीतरी दुनियाँ में यह तौल-नाप नहीं चलती। वहाँ तो इच्छा और भावना की नाप तौल होती है। इसी के मुताबिक पाप पुण्य का जमा खर्च किया जाता है। हमारे प्राणों के साथ घुलमिल कर रहने वाला चित्रगुप्त देवता बिना किसी पक्षपात के बुरे भले कर्मों का लेखा अंतश्चेतना के परमाणुओं पर लिखा करता है। उस अदृश्य लिपि को बोलचाल की भाषा में कर्म रेखा कहते हैं। पाप-पुण्य का निर्णय काम के बाहरी रूप से नहीं वरन कर्ता की इच्छा और भावना के अनुरूप होता है। यह इच्छा जितनी तीव्र होगी उतना ही पाप और पुण्य अधिक बलवान होगा। ज्ञानवान, विचारवान और भावनाशील हृदय वाले व्यक्ति जब दुष्कर्म करते हैं तो उनका चित्रगुप्त अर्थात् गुप्त मन उस करतूत को बहुत भारी पाप की श्रेणी में दर्ज कर देता है। और अज्ञानी, अशिक्षित व्यक्तियों को कम पाप लगता है क्योंकि उनको सत्-असत् कर्तव्य-अकर्तव्य का विवेक नहीं होता।

# अनार के साथ नहीं खाएं ये चीजें

अनार का सेवन सेहत के लिए बहुत अधिक लाभदायक माना जाता है। लेकिन अगर आप इसे किस अन्य फूड के साथ खाते हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है। दरअसल, कुछ फूड कॉम्बिनेशन सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं।

**डेयरी प्रोडक्ट्स**

अनार के साथ डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही व पनीर, आदि को साथ में खाने से बचना चाहिए। दरअसल, अनार को डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ खाने से पाचन में समस्या हो सकती है। अनार की अम्लता और दूध के प्रोटीन के मिलने से पाचन में समस्या हो सकती है, जिससे गैस, सूजन और अपच हो सकता है। यह खासकर उन लोगों के लिए ज्यादा समस्या बन सकता है जो दूध के प्रति सेंसेटिव होते हैं। इससे आपको एसिडिटी, गैस, और पेट में ऐंठन हो सकती है।

**सिट्रस फल**

अनार के साथ सिट्रस फल जैसे संतरा व नींबू, आदि का सेवन करना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इन सिट्रस फल अनार के साथ मिलाने पर ज्यादा अम्लीय हो सकते हैं। दोनों का अम्लता स्तर अधिक होता है, जो पेट की लाइनिंग को परेशान कर सकता है और अपच या एसिड रिफ्लक्स की समस्या पैदा कर सकता है।

**अनानास**

अगर आप फ्रूट चाट बना रहे हैं तो अनानास और अनार को एक साथ ना खाएं। अनानास और अनार दोनों में अम्लीय गुण होते हैं, और इन्हें मिलाने से पेट में जलन हो सकती है। यह फूड कॉम्बिनेशन एसिड उत्पादन और पाचन संबंधी परेशानियों का कारण बन सकता है।

# मीठा खाने का है मन तो ट्राई करें केला की खीर



जब भी कुछ मीठा खाने का मन करे तो खीर का नाम सबसे पहले ज़हन में आता है। लेकिन क्या आपने कभी केले से बनी खीर खाई है?

**सामग्री**

पका हुआ केला-2 (मसला हुआ)
दूध- 1 लीटर
चीनी- 4-5 टेबल स्पून (स्वाद अनुसार)
इलायची पाउडर- 1/2 टी स्पून
घी- 1 टेबल स्पून
कटे हुए ड्राई फ्रूटस- (बादाम, काजू, पिस्ता) 2-3 टेबल स्पून
किशमिश- 1 टेबल स्पून
केसर- कुछ धागे

अगर नहीं तो अब ज़रूर ट्राय कीजिए। केले की मिठास और दूध की मलाईदार स्वाद जब एक साथ मिलते हैं तो बनती है एक अनोखी और लाजवाब मिठाई जैसी केले से बनी खीर । यह खीर स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। तो आइए जानते हैं इस खास खीर को बनाने की आसान रेसिपी।



**बनाने की विधि**

1.सबसे पहले एक गहरे तले वाले बर्तन में दूध को मध्यम आंच पर उबालने रखें। दूध को चलाते रहें ताकि वह नीचे से जले नहीं।

2. दूसरी ओर, एक पैन में घी गर्म करें और उसमें मसला हुआ केला डालें। केले को धीमी आंच पर 4-5 मिनट तक भूनें ताकि उसका कच्चापन दूर हो जाए और हल्की मिठास बाहर आए।

3. जब दूध थोड़ा गाढ़ा हो जाए (लगभग आधा लीटर तक उबल जाए), तब उसमें भुना हुआ केला डालें और अच्छे से मिक्स करें। धीमी आंच पर 8-10 मिनट तक पकाएं।

4. अब खीर में चीनी और इलायची पाउडर डालें। इन्हें अच्छी तरह से मिक्स करें और 5 मिनट तक और पकाएं।

5. अब इसमें कटे हुए ड्राय फ्रूट्स और किशमिश डालें। अगर आप केसर इस्तेमाल कर रहे हैं, तो केसर को पहले थोड़ा गर्म दूध में भिगोकर खीर में डालें।

6. केला की खीर तैयार है! आप इसे गरम भी खा सकते हैं और फ्रिज में ठंडा करके भी परोस सकते हैं। दोनों ही तरह इसका स्वाद जबरदस्त होता है। अगर आप मीठे में कुछ नया और हेल्दी ट्राय करना चाहते हैं तो केला की खीर एक परफेक्ट ऑप्शन है। अगली बार जब घर में पके हुए केले हों और कुछ खास मीठा बनाने का मन हो, तो इस रेसिपी को ज़रूर आपके काम आ सकती हैं।

# ऐसे बनाएं रोड ट्रिप को परफेक्ट



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे ट्रिप पर जाना पसंद न हो। पहले लोग बस और ट्रेन से सफर करना पसंद करते थे, लेकिन आज के समय में युवाओं के बीच रोड ट्रिप का काफी चलन है। भीड़ वाले पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की बजाए अब लोग अपने दोस्तों और घरवालों के साथ रोड ट्रिप पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। यदि आप भी रोड ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं, या फिर आप पहली बार रोड ट्रिप पर जा रहे हैं तो कुछ बातों को ध्यान में रखकर तैयारी करें। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको ध्यान में रखकर आप अपनी रोड ट्रिप को परफेक्ट बना सकते हैं।

**सबसे पहले गाड़ी की जांच कराएं**

यदि आप लंबी यात्रा पर जाने का प्लान कर रहे हैं तो ये सुनिश्चित करें कि गाड़ी सही हालत में रहे। इसके लिए इंजन ऑइल, ब्रेक, टायर, लाइट्स, बैटरी और एयर प्रेशर की जांच जरूर करें, ताकि रास्ते में आपको किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

**रास्ते की जानकारी लें**

जिस रास्ते से रोड ट्रिप पर जाना है, उसकी जानकारी पहले से ले लें। यानी कि ये पहले से ही पता कर लें कि उस रास्ते में होटल, ढाबे बगैरह हैं या नहीं। खासतौर पर पेट्रोल पंप को चिन्हित कर लें, ताकि आपको कहीं भटकना न पड़े। बीच-बीच में रुक कर गाड़ी की टंकी फुल कराते रहें, ये सबसे जरूरी है।

**इन सामानों को साथ रखें**

रोड ट्रिप पर जा रहे हैं तो अपने साथ कुछ सामान अवश्य रखें। इन सामानों में फर्स्ट एड किट, टॉर्च, पावर बैंक और वाहन से जुड़ी जरूरी चीजें जैसे टायर जैक, स्पेयर टायर आदि शामिल हैं। ये चीजें कभी भी आपके काम आ सकती हैं।

**पानी की बोतलें और ड्राई स्नैक्स भी साथ रखें**


रोड ट्रिप पर जाने से पहले घर से ही ड्राई स्नैक्स को साथ रख लें। इनमें मठरी, लड्डू, भेलपुरी, नमकीन, चिप्स जैसे स्नैक्स लंबे समय तक अच्छे बने रहते हैं। पानी की अतिरिक्त बोतलों को भी अपनी गाड़ी में रख लें, ताकि आपको प्यासा न रहना पड़े।

**ये है सबसे जरूरी सामान**

रोड ट्रिप पर जाने से पहले एक अलग से बैग कैरी करें और उसमें सभी कागजात एक साथ रख लें। इन कागजातों में ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का ऋष्ट, इंश्योरेंस पेपर और जरूरी पहचान पत्र शामिल हैं।

**आरामदायक कपड़े पहनें**

सफर चाहे लंबा हो या छोटा, उसमें सही कपड़े पहनना बेहद जरूरी हो जाता है। इसलिए रोड ट्रिप के दौरान ढीले और सांस लेने वाले कपड़े पहनना बेहतर होता है। जूतों की बजाए पैरों में स्लीपर्स पहनें, ताकि आप आराम से बैठ सकें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**सोमवार, 12 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे शुक्ल पक्षे। पूर्णिमा तिथौ सोम वासरे 22/26/ स्वाती नक्षत्रे 06/18/ वरीयान योग 29/18/ भद्रा करणे 09/14/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं.26 मि.28पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा घं.09मि.14 पर। स्नान दान आदि की वैशाखी पूर्णिमा। सायंकाल कूर्म जयंती।

**मेष :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायी होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। जीवन सुखमय होगा।

**वृष :** विभागीय परिवर्तन अथवा नये अनुबंध की दिशा में सफलता मिलेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभकारी रहेगी। निजी संबंध प्रगाण होंगे। रुके धन की प्राप्ति होगी।

**सिंह :** दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन में लाभ होगा। ऋण भार में कमीं रहेगी।

**कन्या :** ग्रहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार का लाभ मिलेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। सुसंगति लाभ होगा।

**तुला :** आत्मविश्वास में शुद्ध होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। वृद्ध परिजनों पर व्यय होगा।

**वृश्चिक :** मैत्री संबंधों में तनाव व विवाद से बचे। रोग विकार व मौसम के रोगों से प्रभावित हो सकते हैं। सकते हैं। व्यावसायिक प्रयास भलीभूत होंगे।

**धनु :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया गया श्रम सार्थक होगा। जीवन सुखमय होगा। दाम्पत्य सुख मिलेगा।

**मकर :** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। किसी कार्य के करने से प्रभाव बढ़ेगा।

**कुंभ :** उपहार या मान सम्मान का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बर्ग संबंधों में निकटता आयेगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। यात्ता देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**जल निकासी की व्यवस्था न होने से कॉलोनीवासी परेशान**

**जालौन।** नगर के सुर्खी रोड स्थित आवास विकास कॉलोनी में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से कॉलोनीवासी परेशान हैं। नालियों में पानी रुकने और आसपास जलभराव की स्थिति बनने से मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। मच्छरों के कारण कॉलोनीवासियों को डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का डर सताने लगा है। निवासियों ने ईओ को ज्ञापन सौंपकर फॉगिंग कराने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

## खबर एक नज़र

### कैफी आज़मी के विचारों और उनके साहित्यिक जीवन पर विचार साझा किए बुद्धि जीवियों ने



उरई : स्मृति दिवस मनाते संस्थान के मैनेजर व अन्य ।

**उरई(जालौन)।** जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान शिक्षा सृजन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं विश्व विख्यात शायर,गीतकार कैफ़ी आज़मी का स्मृति दिवस आज बड़े ही शानोशौकत से मनाया गया।
संस्थान के मेनेजर सफ्दर आज़मी, इमरान खान, अजीज खान, मिस्क़ात अंसारी, लायवा नूर,अजयसिंह यादव आदि ने रंगकर्मियों और कलाकारों सहित आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत इप्टा गीत ष्बजा नंगाड़ा शांति काष् से हुई।इप्टा के रंगकर्मियों संजीव गुप्ता, दीपेंद्र सिंह, डा. धर्मेन्द्र वर्मा,प्रदीप कुमार एंव साखी प्रस्तुत किया। इप्टा अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला, डीबी कालेज के प्रोफेसर डा. रामप्रताप सिंह, जनमोर्चा संयोजक गिरन्द सिह कुशवाहा आदि ने कैफी आज़मी विचारों और उनके साहित्यिक जीवन पर विचार साझा किए।कार्यक्रम में कैफ़ी आज़मी के गीतों, ग़ज़लों को प्रस्तुत किया गया। जिसे सुनकर दर्शक भावविभोर हो गये। कार्यक्रम में संगीत सुरेंद्र खरे व ढोलक पर संगत प्रदीप कुमार की रही। संचालन जिले के वरिष्ठ रंगकर्मी राजपप्पन ने किया। इस अवसर पर सहयोगी संस्थाओं के अलावा वरिष्ठ समाजवादी नेता अशोक गुप्ता,अनुराधा कठेरिया, अमजद आलम, निशा सिंह, देवेंद्र वर्मा, रईस अंसारी, अनम,प्रमोद वर्मा के अलावा विधालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर कैफ़ी आज़मी को श्रृद्धा सुमन अर्पित किये।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक बाहर की दवा ना लिखेः डा प्रदीप राजपूत



जानकारी देते डा. प्रदीप कुमार राजपूत

**रामपुरा (जालौन)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक प्रदीप कुमार राजपूत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई बैठक चिकित्सा अधीक्षक ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का डॉक्टर या स्टॉप द्वारा बाहर की दवा या जांच नहीं लिखेगा जो सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध हैं। उसे मरीजो को मुहैया कराएगा अगर जो जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध नहीं है तो चिकित्सक मरीज को मिलने वाली सुविधा के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर करेगा जिससे मरीज को उचित सुविधा मिल सके चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रदीप कुमार राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया है। चिकित्सक द्वारा बाहर की दवा लिखे जाने के मुझे जानकारी प्राप्त हुई जिस मामले को संज्ञान में लेते हुए स्टाफके साथ मीटिंग कर चिकित्सक स्टाफनर्स सभी को बता दिया गया कि कोई भी व्यक्ति मरीज को बाहर की दवा या जांच न लिखे अगर कोई ऐसा करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी और उसके बारे में अधिकारी को भी अवगत कराया जाएगा क्योंकि सामुद्रिक स्वास्थ्य केंद्र में सीबीसी जांचे और अधिकतर सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। चिकित्सा अधीक्षक प्रदीप कुमार राजपूत ने बताया कि अगर उसके बाद भी कोई डॉक्टर या स्टॉप बाहर की जांच या दवा लाने के लिए मरीज़ के तीमारदार को मजबूर करता है। तो जानकारी होने पर उसे बख्शा नही जाएगा और उसके खिलाफतुरंत कार्रवाईकी जाएगी।

### फरार अभियुक्त के घर धारा 84 का नोटिस चस्पा

रामपुरा(जालौन)। न्यायालय में लगातार गैर हाजिर रहकर न्यायिक प्रक्रिया पूर्ण होने में बाधा डाल रहे लापता अभियुक्त के घर रामपुरा थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बीएनएसएस की धारा 84 के तहत नोटिस चस्पा किया है। ज्ञात हो कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की धारा 84 फरार व्यक्तियों के लिए उद्घोषणा से संबंधित है। यदि न्यायालय को संदेह है कि जिस व्यक्ति के विरुद्ध वारंट जारी किया गया है, वह सजा से बचने के लिए छिप रहा है, तो वह लिखित उद्घोषणा जारी कर सकता है, जिसमें उसे निर्दिष्ट स्थान और समय पर उपस्थित होने के लिए कहा जाएगा। इस उद्घोषणा को व्यक्ति के सामान्य निवास में सार्वजनिक रूप से पढ़ा जाना चाहिए। प्रकाशन के कम से कम 30 दिन बाद उपस्थिति का समय होना चाहिए। यदि व्यक्ति उपस्थित नहीं होता है, तो न्यायालय उसे घोषित अपराधी घोषित कर सकता है। उक्त प्रक्रिया के तहत रामपुरा थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार, वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह यादव द्वारा मय पुलिस बल के साथ मुकदमा अपराध संख्या 160/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग थाना गोहन जनपद जालौन मे वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र अहिरवार पुत्र रामबाबू अहिरवार उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम मदारीपुर थाना कुठौंद जनपद जालौन के घर पर धारा 84 बीएनएसएस के तहत नोटिस चस्पा किया गया व मुनादी कर 84 बीएनएसएस की कार्यवाही की गयी।

### आवेदन करने की अन्तिम तिथि 18 जून

**ललितपुर।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र प्रभारी ने जानकारी देते हुये बताया कि राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र में 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है। आवेदन फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 18 जून तक है व हाईस्कूल उत्तीर्ण प्रशिक्षण शुल्क 300 प्रति प्रशिक्षणार्थी व आयु में छूट उत्तर प्रदेश के नियमानुसार दी जायेगी। इच्छुक व्यक्ति के अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के पुरूष महिला पात्रता के आधार पर आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सम्पर्क किया जा सकता है एवं मोबाईल नम्बर 8840303664 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# बकरियां चोरी की घटना का 24 घंटे में सफल अनावरण



कोंच : पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त।

**0अंतर्जनपदीय दो चोर तमंचा सहित गिरफ्तार**

**कोंच (जालौन)।** एसओजी एवं थाना एट पुलिस की संयुक्त टीम ने बकरी चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना से सम्बन्धित दो अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।
पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी एवं थाना एट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बकरी चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना से सम्बन्धित दो अन्तर्रजनपदीय अभियुक्तों को चोरी की सात अदद बकरियों तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद पिकअप एवं अवैध असलाह कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। 10 मई को वादी द्वारा अपने घर के बाहर बंधी 7 बकरियां अज्ञात चोरों द्वारा पिकअप में भरकर चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना एट में मुकदमा अपराध संख्या 72/25 धारा 303(2) बीएनएस एवं कोतवाली कोंच में अन्य वादी की तहरीर के आधार पर मु.अ.सं0 109/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।
आज 11 मई को एसओजी एवं थाना एट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्त अरमान कुरैशी पुत्र असगर उम्र करीब 22 वर्ष निवासी तालपुरा थाना कोतवाली जनपद झांसी, सुनील चौधरी पुत्र स्व. शिवदयाल उम्र करीब 28 वर्ष निवासी नारायन बाग चौराहा के पास थाना नवावाद जनपद झांसी को कोटरा मोड़ अंडर पास कस्वा व थाना एट जिला जालौन के पास से गिरफ्तार कर चोरी की सात बकरे-बकरियों की बरामदगी की गयी है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूंछतांछ के दौरान अभियुक्तगण द्वारा बताया कि हम लोग सड़क के किनारे चरवाहों की बकरे-बकरी चोरी करते हैं तथा पिकअप में डालकर भाग जाते तथा उन्हें बेंचकर जो पैसा प्राप्त होता है, उसे हम अपनी जरूरतों एवं शौक पर खर्च कर देते हैं। आज हम लोग इन बकरे-बकरियों को बेचने जा रहे थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के कुछ बकरे बकरियां बेच कर प्राप्त धन
8,000 रूपये नगद,01 अदद तमंचा व दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर एवं एक अदद तमंचा व दो अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किए गए हैं।

# अपना दल एस की समीक्षा बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन



उरई : बैठक करते अपना दल एस के पदाधिकारी।

**-बूथ स्तर तक पहुंच बनाने की रणनीति तैयार, 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटा संगठन**

**उरई(जालौन)।** अपना दल एस की संगठनात्मक समीक्षा बैठक रविवार को नगर स्थित नहर विभाग के निरीक्षण भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की मुख्य अतिथि पार्टी की राष्ट्रीय सचिव कालिका पटेल रहीं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई और नए लोगों को पार्टी से जोड़ा गया।
बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल अटरिया ने की। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना होगा। पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाना ही संगठन की मजबूती का मूल मंत्र है।कालिका पटेल ने कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में नए सदस्य जोड़े जा रहे हैं और युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में उरई विधानसभा अध्यक्ष सुशील राजपूत, जिलाध्यक्ष युवा मंच अनिल कुशवाहा कुदारी, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार कुदारी, राष्ट्रीय सचिव व्यापार मंच दीपमणि सिरोठिया, उमाशंकर, दुर्गेश गुप्ता, रामबाबू कुशवाहा, आशीष पटेल, पंकज शिवहरे, पंकज गुप्ता, यश गुप्ता, रोहित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 53 मरीजों का उपचार कर किया जागरूक

**कालपी(जालौन)।** शासन की योजना के तहत रविवार को कालपी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में चिकित्सा अधिकारी डा.मोनू गौतम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें 53 मरीजों का उपचार करके नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।



उरई : मरीजों का उपचार करते चिकित्सकीय टीम ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में चीफ फार्मासिस्ट, डा. राकेश बघेल की मौजूदगी आयोजित मेले में मरीजों के उपचार के अलावा परिवार कल्याण कार्यक्रमों के बारे में जानकारियां दी गयी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन आरोग्य मेले में चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का उपचार करके गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए सुझाव दिए गये। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि भीषण गर्मी तथा लू, लपट की चपेट में आकर के उल्टी,दस्त एवं पेट रोगियों की संख्या बड़ रही है। इसलिए सभी लोग ताजा भोजन ग्रहण करें। शुद्ध पानी का प्रयोग करें तथा पूरे कपड़े पहन कर दोपहर को घर से बाहर निकले। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण उत्पन्न होने पर डॉक्टरों की सलाह पर दवाइयों का प्रयोग करें।मेले में नीरज पाल ,हिमांशु दीक्षित, शालिनी वाजपेई,नीरज वर्मा आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। मेले में कंडोम, टेबलेट तथा अन्य परिवार नियोजन संबंधी सामग्री का वितरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल, सचान डॉक्टर शेख़ शहरयार ने मेले का निरीक्षण कर के चिकित्सकीय टीम को आवश्यक निर्देश दिये।

# सर्प के काटने से महिला की हालत बिगड़ी

**कालपी(जालौन)।** 27 वर्षीया महिला को सर्प ने काट लिया। बेहोशी की हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी में भर्ती कराया गया। पीड़ित महिला का अस्पताल में भर्ती कर चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।
प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरती पत्नी बलवान निवासी ग्राम करारी थाना जरिया हमीरपुर को सर्प ने काट लिया। सांप के काटने से महिला को बेहोशी छाने लगी। घर वाले आरती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में लेकर आगे तथा उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इमरजेंसी ड्यूटी में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी के द्वारा महिला का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान महिला को पांच अलग-अलग इंजेक्शन दिए गए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**-हमीरपुर जोहलूपुर हाइवे में हुआ दर्दनाक हादसा**
**-पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



**कदौरा(जालौन)।** जोल्हुपर हमीरपुर हाइवे पर थाना क्षेत्र के सुजानपुर के पास रविवार सुबह जोहलुपुर की तरफसे आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सुबह टहलने निकले युवकों ने पुलिस को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
जोल्हुपर हमीरपुर हाइवे पर सुजानपुर के पास एक शादी समारोह से कानपुर से लौट रहे चतेला निवासी सत्यम सिंह 25 वर्ष शनिवार को एक शादी समारोह में सम्मलित होने के लिए कानपुर अपनी बाइक से गया था। रविवार सुबह करीब 5 बजे वह जैसे ही सुजानपुर के नजदीक पहुंचा तो पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर गिर गया। और युवक को रौंदता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह टहलने निकले युवकों ने सड़क पर पड़े युवक को देखा तो उन्होंने तुंरन्त पुलिस को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव की शिनाख्त करवाई और शव तथा बाइक को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया। मृतक एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर था। और वह अपने दोस्त की शादी में कानपुर आया था। वहां से अपने घर चतेला आ रहा था और रास्ते मे दुर्घटना हो गई। मृतक के पिता शिवनायक चतेला में पोस्टमास्टर के पद पर तैनात है। मृतक तीन भाई और एक बहन थे। बहन की शादी हो चुकी है। बड़े भाई शिवम और छोटे भाई सुंदरम तथा मां सुमन देवी का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है,टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। जल्द पकड़ा जाएगा।

### प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आज से प्रारम्भ

**ललितपुर।** संचालित समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली एवं मड़ावरा में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से संचालित हो रहे व्यवसायों में प्रवेश सत्र अगस्त के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आज से प्रारम्भ है एवं ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 5 जून रात्रि 12.00 बजे तक है। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करने के लिये परिषद की बेवसाइट पर लॉगिन कर आवेदन फॉर्म भरना होगा, ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण शुल्क की देय धनराशि डेबिड कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इन्टरनेट बैंकिग व यूपीआई के माध्यम से कर सकते है, शुल्क का भुगतान कर अभ्यर्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगें, अतः जनपद के समस्त छात्र, छात्राएं जो राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना चाहते है, वह अंतिम तिथि 4 अगस्त के रात्रि 12 बजे से पूर्व अपना ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर लें व आवेदक आईटीआई कोड-052, महरौनी कोड-302, तालबेहट कोड-418, पाली कोड-486 एवं मड़ावरा 515 का चयन कर प्रवेश फार्म भर सकते है। प्रवेश पंजीकरण शुल्क सामान्य, पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क दो सौ पचास व अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति हेतु शुल्क एक सौ पचास रूपये प्रवेश पंजीकरण शुल्क है।

# दूसरी शादी रचा रहे युवक को प्रेमिका ने दिया तगड़ा झटका

**-शादी समारोह में बच्चे को लेकर पहुंची प्रेमिका ने खोली दूल्हे की पोल**



कोंच : गेस्ट हाउस में मची अफरा-तफरी ।

**कोंच (जालौन)।** नगर में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक की शादी के दौरान उसकी प्रेमिका छोटे बच्चे को लेकर मैरिज हॉल पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। युवक पर धोखा देने और पहले से शादीशुदा होने का आरोप लगाते हुए प्रेमिका ने शादी समारोह में जमकर बवाल किया। हंगामे के बाद दुल्हन पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया।
बताया जाता है कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के उरई रोड स्थित होटल आशीर्वाद में मालवीय नगर निवासी प्रभाकर पुत्र शंभू सुहाने की शादी का रविवार को कार्यक्रम चल रहा था। शादी की रस्में चल ही रही थीं। अचानक ग्राम घुसिया की रहने वाली एक महिला नेहा प्रजापति, अपने छोटे बच्चे को गोद में लेकर होटल पहुंची। महिला ने प्रभाकर पर धोखा देने का आरोप लगाने लगी। महिला का कहना था कि प्रभाकर उससे पहले ही शादी कर चुका है। अब दूसरी शादी कर रहा है, जो सरासर धोखा है।प्रेमिका ने आरोप लगाया कि प्रभाकर ने उसे शादी का झांसा देकर न सिर्फशारीरिक संबंध बनाए।
बल्कि दोनों की शादी भी हुई थी। जिसके बाद एक बेटा भी हुआ। लेकिन अब प्रभाकर ने बिना कुछ बताए दूसरी शादी करने की योजना बना ली।घटना की जानकारी मिलते ही शादी में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। वहीं दुल्हन बनी युवती के परिजनों ने जब यह सब सुना, तो उसने तत्काल शादी तोड़ने का निर्णय लिया। यह लड़की झांसी जनपद के चिरगांव की रहने वाली बताई जा रही है। जो परिजनों के साथ शादी के लिए कोंच आई थी। उन्होंने इस पूरे मामले की सूचना कोंच कोतवाली पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों पक्ष-युवक, प्रेमिका और दुल्हन पक्ष को थाने ले गई। फिलहाल प्रेमिका अपने बच्चे को लेकर थाने में बैठी है। प्रभाकर के साथ जाने की बात कह रही है। हालांकि, अभी तक उसने प्रभाकर के खिलाफ कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

# ऑपरेशन सिंदूर उन बहिनों का बदला है जिन्होंने आतंकी हमले में अपना सिंदूर खोया-प्रभारी मंत्री

**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में जनता को परेशान किया तो नपेंगे अफसर और नजीर बनेगी कार्यवाही**
**-जनप्रतिनिधियों द्वारा इंगित करायी गई जनशिकायतों का प्राथमिकता पर करायें निस्तारण**
**-प्रभारी मंत्री और विधायक का फोन न उठाने पर अधिशासी अभियंता विद्युत व सिंचाई पर कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश**
**-आवास विकास परिषद व पर्यटन निगम के अधिकारियों की अनुपस्थित पर घोर नाराजगी**
**-महिला अपराधों, अवैध कब्जा व अवैध शराब बिक्री पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश**
**-अवैध खनन के मामलों में खनन एवं वन विभाग संयुक्त रुप से करें प्रभावी कार्यवाही**



**ललितपुर।** राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी की अध्यक्षता में सीएम-डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर विभिन्न विभागों की योजनाओं परियोजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक सहित अन्य अधिकारियों ने मंचासीन अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों की योजनाओं परियोजनाओं एवं कानून व्यवस्था की एक-एक समीक्षा की, उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई गरीब, असहाय व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे, उसका किसी भी स्तर पर शोषण न हो और उसे त्वरित व निष्पक्ष न्याय मिले, उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों, जमीनों पर कब्जा करने वाले अपराधियों व अवैध शराब की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए। समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों व जनता का फोन न उठाये जाने की शिकायतें अक्सर आती रहती हैं, जिसकी पुष्टि के लिए उन्होंने स्वयं आज प्रातः अधिशासी अभियंता राहुल सिंह को फोन किया, परन्तु उन्होंने प्रभारी मंत्री का भी फोन नहीं उठाया, इसी तरह विधायक के द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी अभियंता सिंचाई भूपेश कुमार सुहेरा द्वारा उनका फोन नहीं उठाया जाता। इस पर प्रभारी मंत्री ने दोनों अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त दोनों अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर अवगत करायें और भविष्य में कोई अधिकारी ऐसा करता है तो विधायकगण अपने लेटरपैड पर लिखित शिकायत देंगे, जिस पर सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध अनिवार्य रुप से कठोर कार्यवाही की जाए, उन्होंने सभी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले का प्रभारी मंत्री, मुख्यमंत्री का प्रतिनिधि होता है, यदि अधिकारी प्रभारी मंत्री और विधायकगणों का ही फोन नहीं उठायेंगे तो जनता का क्या हाल होता होगा, ऐसे अधिकारी कतई बख्शे नहीं जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में यदि जनता परेशान होगी तो ऐसी कार्यवाही होगी जो प्रदेश भर में नजीर बनेगी और सम्बंधित अधिकारी जीवन भर याद रखेंगे, इसलिए भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।
बैठक में आवास विकास परिषद एवं पर्यटन निगम के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की गई और आगामी बैठकों में अनिवार्य रुप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिये गए। प्रभारी मंत्री ने मीडिया बंधुओं से वार्ता करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी दशा में अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा, इसके लिए मुख्यालय तहसील व ब्लॉक स्तर पर 12 मई से एक सप्ताह तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा, अवैध खनन के मामले में खान अधिकारी व डीएफओ संयुक्त रुप से प्रभावी कार्यवाही करेंगे, साथ ही फसल बीमा क्लेम गड़बड़ी प्रकरण में 15 दिनों में रिपोर्ट उपलब्ध हो जाएगी, इसके साथ ही महिला चिकित्सालय में महिला की मौत मामले में दोषियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जा रही है, पत्रकार कॉलोनी की मांग पर जिलाधिकारी के स्तर से शासन को पत्र भेजा जा चुका है इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर उन बहिनों का बदला है जिन्होंने आतंकी हमलें में अपना सिदूंर खोया है, इसके उपरान्त पिछली बैठक में दिये गए निर्देशों की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि जनपद में धार्मिक स्थलों के आसपास शराब की दुकानों को चिन्हित कर लिया गया है, चिंतन पार्क में सफाई करायी जा रही है तथा शराबियों को प्रतिबंधित किया गया है, इसके साथ ही 1 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि बार-बार नियम तोड़ने वालों पर जुर्माने की राशि बढ़ाई जाये, इसके उपरान्त सुरईघाट कचरा प्रबंधन केन्द्र पर पशु शव की शिकायत की जांच करायी गई, जहां कोई भी पशु शव मौके पर नहीं मिला। नमामि गंगे योजना के तहत शिकायत की गई कि कड़ेसराकलां परियाजना के कर्मचारी कार्यस्थल पर शराब पीते हैं, जिस पर बताया गया कि उक्त कर्मचारी को हटा दिया गया है।
प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि सभी कार्यरत कर्मचारी व नये कर्मचारियों का पुलिस वैरिफिक्रेशन कराया जाए। फैमिली आईडी के सम्बंध में बताया गया कि जिन लोगों के राशनकार्ड हैं, उनकी राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है और जिनके पास कार्ड नहीं हैं वह पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करा लें। खेल मैदान की समीक्षा में बताया गया कि महरौनी ब्लॉक में खेल मैदान बना हुआ है शेष 5 ब्लॉकों के लिए प्रस्ताव बनाये जा रहे हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उपायुक्त स्वतः रोजगार, उपायुक्त मनरेगा, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, डीआईओएस, उपायुक्त उद्योग, उप कृषि निदेशक, डीएसटीओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पर्यटक अधिकारी, विद्युत, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग व अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्मान के साथ डीआईजी ने बढ़ाया पेंशनरों का मान

- बुजुर्ग सेवानिवृत्त कर्मियों को डीआईजी ने किया सम्मानित
- डीआईजी तथा एसपी की मौजूदगी में आयोजित हुई पुलिस पेंशनरों की बैठक



बांदा : अधिकारियों के साथ मौजूद पेंशनर ।

**बांदा।** रविवार को पुलिस लाइन में पुलिस पेंशनरों की बैठक डीआईजी की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक में डीआईजी ने पेंशनरों की समस्याएं सुनी। साथ ही निर्देश दिए कि पेंशनरों की समस्याओं का समय से हल कराएं। इस दौरान डीआईजी ने बुजुर्ग पेंशनरों को सम्मानित भी किया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस. द्वारा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल और अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की उपस्थिति में मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की गई। बैठक में मण्डल के चारों जनपदों-बांदा, महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर के पुलिस पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस पेंशनर्स को वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही सवेरा योजना के बारे में जानकारी दी गई। सवेरा योजना वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही एक विशिष्ट योजना है जिसके अन्तर्गत पंजीकृत सभी वरिष्ठ नागरिकों किसी भी आपात स्थिति या आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है। बैठक के दौरान सभी को साइबर अपराध के तरीकों तथा उससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि तुरंत इसकी शिकायत 1930 या स्थानीय थाने पर दर्ज कराएं। बैठक के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स से आवश्यक सुझाव लेते हुए परिक्षेत्र के चारों जनपदों निम्नलिखित निर्देश दिए गए। पुलिस पेंशनर्स के लिए पुलिस कार्यालय या पुलिस लाइन में एक स्थायी कार्यलाय की स्थापना की जाए। पुलिस पेंशनर्श कार्यालय को कम्प्यूटर सिस्टम, फर्नीचर तथा अन्य स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराई जाए। चारों जनपदों में नियमित रुप से पुलिस पेंशनर्स की बैठक आयोजित कर पुलिस पेंशनर्स की शिकायतें व सुझाव लिए जाएं। पुलिस पेंशनर्स की पेंशन, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, यात्रा भत्ता आदि समय से बरामद हो। बैठक के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स के मण्डलीय संयोजक तथा जनपद बांदा के अध्यक्ष गोविन्द सिंह कछवाह, महासचिव जयकरन सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही तीन वरिष्ठ पुलिस पेंशनर्स लल्लू सिंह (85 वर्ष), शिवपूजन सिंह (84 वर्ष) तथा सैय्यद दीन (74 वर्ष) को सॉल व छड़ी भेंट कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन कृष्णकांत त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन वेदमणि मिश्रा, पुलिस पेंशनर्स के पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे।

## कल्टीवेटर में फंसने से महिला की मौत

**बांदा।** कल्टीवेटर में फंसने से महिला की मौत हो गई। मौत के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इधर पुलिस ने पंचनामे के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।

चिल्ला थाना क्षेत्र के पलरा गांव निवासी 60 वर्षीय कुमारी देवी पत्नी रामप्रसाद घरेलू सामान की खरीददारी करने चिल्ला गई थी। शाम को वह आटो में बैठकर वापस घर आ रही थी। वह आटो के किनारे बैठी थी। इसी बीच बगल से कल्टीवेटर लगा ट्रैक्टर गुजरा कल्टीवेटर में कुमारी देवी की साड़ी फंस गई। जिससे वह आटो से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसकी हालत देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। घरवाले उसे लेकर कानपुर जा रहे थे। तभी चिल्ला के पास उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के भतीजे संतोष ने बताया कि मृतका का पति पूर्व फौजी था। उसकी दस वर्ष पहले मौत हो चुकी थी। मृतका अपने पीछे छह पुत्र दो पुत्रिया छोड़ गई है।

# चोरी के माल के साथ पकड़े गए तीन चोर



बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़े गए चोर ।

- विगत 4 मई को मरका कस्बे में हुई थी चोरी की घटना
- फतेहपुर जनपद के रहने वाले है अभियुक्त

**बांदा।** विगत दिनों मरका कस्बे में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन चोरों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद हुआ है। डॉक्टरी परीक्षण के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मरका पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीओ बबेरू सौरभ सिंह ने बताया कि ग्राम मरका की रहने वाली रेनुका देवी पत्नी रामरुप निषाद द्वारा थाना मरका पर सूचना दी कि विगत 4 मई की रात्रि को अज्ञात चोरो द्वारा उनके घर में चोरी कर ली गई। सूचना पर तत्काल थाना मरका पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इस क्रम में घटना में शामिल अभियुक्तों की पहचान करते हुए घटना में शामिल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये गये सोने व चांदी के आभूषण शत प्रतिशत बरामद (कान की बिजली, बिछुवा, पायल, बाली, बिछिया, अंगूठी आदि), चोरी की गई कलाई घड़ी आदि बरामद हुए है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर अपना नाम सूरज उर्फ ननका पुत्र रामसजीवन निवासी, पंकज उर्फ छोटू पुत्र रामधनी प्रजापति तथा नरेन्द्र पटेल उर्फ मोदी पुत्र शिवकरन निवासीगण हरियापुर थाना ललौली जनपद फतेहपुर बताया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने यह भी बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है। उनके बारे में गहनता से छानबीन की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मरका अजीत प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक चन्द्रकान्त शुक्ला, अंश त्यागी, मुख्य आरक्षी सचेन्द्र पटेल तथा आरक्षी पीयूष कटियार शामिल रहे।

## रोज-रोज लड़ाई झगड़े से परेशान होकर पति ने पत्नी को फांसी लगाई फिर स्वयं फांसी लगाकर किया आत्महत्या

फॉलोअप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा ।** विगत दिवस 8 मई 2025 को एक हैरत अंग्रेज घटना घटित हुई जिसमें पति-पत्नी के अलावा दो महीने के लड़के की भूख प्यास से तड़प कर भी मौत होना बताया जा रहा है । कल दिन शनिवार को जब कमरे से दुर्गंध आने लगी तभी पास के लोगों ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दिया जब थाना पुलिस मौके पर पहुंची बंद दरवाजे को खोला गया तो पति.पत्नी दोनों फांसी में झूल रहे थे तथा वहीं पास में मासूम भी मृत पड़ा हुआ था तीनों का पंचनामा करते हुए पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भिजवाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रभारी थाना अध्यक्ष शिवकुमार सिंह ने बताया कि जितेंद्र प्रजापति पुत्र लल्लू उम्र लगभग 22 वर्ष मूल रूप से कालिंजर निवासी तथा वर्तमान में आजाद नगर बांदा रोड कस्बा अतर्रा में किराए के मकान लेकर अपनी पत्नी गौरा उम्र लगभग 20 वर्ष तथा दो माह के बच्चे बाबू के साथ रहता था। तथा प्रतिदिन झगड़ा किसी बात को लेकर इन दोनों के बीच होता रहता था जिससे परेशान होकर पति ने पहले पत्नी को फांसी लगाकर मार डाला फिर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। 8 मई से लगातार कमरे के दरवाजे बंद होने के कारण 3 दिन बाद बदबू बाहर आने लगी तब लोगों की जानकारी हुई की इस घर से बदबू आ रही है घटना की जानकारी मोहल्ला वालों ने थाना पुलिस को दिया मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने घर का दरवाजा किसी तरह से खोला गया दोनों की लाश के साथ अबोध बच्चे की भी मौत भूख प्यास से होने का अनुमान पुलिस द्वारा लगाया जा रहा है। तथा महिला का मायका कोनी थाना बिसंडा के अंतर्गत था । तथा महिला का पिता सांवलिया बदौसा रोड शारदा माता गली में किराए पर वह भी रहता था घटना की जानकारी होने पर थाना पुलिस को सांवलिया ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है घटना के बारे में। पुलिस ने पंचनामा करते हुए तीनों डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए कल दिन शनिवार को ही भेज दिया था।

## शराब के नशे में गिरने से युवक की मौत

बांदा। शराब के नशे में युवक गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर मृतक के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के बाईपास काले बाबा निवासी 40 वर्षीय माता प्रसाद पुत्र बृजश्याम निर्माण निगम चिल्ला में कम्प्यूटर आप्रेटर के पद पर तैनात था। शनिवार को छुट्टी होने के कारण वह शाम को इंद्रानगर स्थित ठेके पर शराब पी नश अधिक होने के कारण जैसे ही वह चलने के लिए तैयार उसकी वक्त लड़खड़ा कर गिर पड़ा। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटे आ गई। साथी ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो मे कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के मामा ससुर राजेश ने बताया कि वह नशे का आदी था। नशा अधिक होने पर वह गिर पड़ा जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा एक बेटी एक बेटा छोड़ गया है।

# जरूरतमंदों को वितरित की गई सामग्री



बांदा : कपड़े वितरित करते समाजसेवी ।

- - मदर्स-डे पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**बांदा।** मदर्स-डे के उपलक्ष्य में समाजसेवी संस्था के द्वारा सैकड़ों जरूरतमंदों को कपड़ों सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। सामग्री मिलने पर लोगों ने टीम का आभार जताया है।

रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज, मनु बंसल के संरक्षण में रोटी बैंक सोसाइटी के सचिव मोहम्मद इदरीश की अध्यक्षता में रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य महेन्द्र पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान राजेश यादव ग्राम बाँधापुरवा ब्लॉक बड़ोखर की उपस्थित में समाजसेवी सीताराम यादव के सहयोग से कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स आदि का वितरण ग्राम बाँधापुरवा के जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को बालविवाह, नशामुक्ति, जल संरक्षण तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति रोटी बैंक सोसाइटी की टीम की महिला अध्यक्ष तबस्सुम फात्मा और महिला महामंत्री रिया खान के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े, किताबें, जूते चप्पल आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप में अध्यक्ष रिजवान अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, इरफान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईपार, मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका, सदस्य राबिया खान आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन से देर रात हुए एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की हुई मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।**10௧11 की रात लगभग 12रू30 बजे एक व्यक्ति का एक्सीडेंट किसी अज्ञात वाहन से हो जाने के कारण 108 नंबर एम्बुलेंस लेकर के उसको सरकारी अस्पताल नरैनी रोड लेकर आई उपस्थित डॉक्टर ने देखते हुए मृत्यु घोषित कर दिया था । मिली जानकारी के अनुसार सरकारी अस्पताल नरैनी रोड अतर्रा के फार्मासिस्ट सुभाष ने बताया कि देशराज पुत्र रामखेलावन उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी बिसंडा रोड अतर्रा का एक्सीडेंट कुसमा के पास हो गया था मृतक अपनी बाइक से बिसंडा से चलकर अतर्रा घर आ रहा था । घटना की जानकारी निकल रहे लोगों ने पहले थाना पुलिस को दिया फिर इसके बाद 108 नंबर एंबुलेंस को दिया था। थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर उसको सरकारी अस्पताल के लिए सरकारी वाहन से भेजा था । रात में ही पंचनामा की कार्यवाही पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे ।

## चार पहिया वाहन दे बाइक सवार तीन लोगों को मारी ठोकर तीनों हुए रेफर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** मध्य प्रदेश छतरपुर जिला बंशिया थाना के ब्यास बदौरा गांव निवासी राजकिशोर 42वर्ष पुत्र श्रीराम सेन अपनी पत्नी सुमन 35वर्ष और भाभी गंगा सेन 50 वर्ष पत्नी महेश को मोटर साईकिल से अतर्रा निमत्रण में जा रहे थे तभी कोतवाली क्षेत्र के जमावरा गांव के पास नरैनी की तरफसे जा रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर लवलेश पटेल ने राजकिशोर और उसकी भाभी गंगा की हालत गंभीर होने पर रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया । एक्सीडेंट करने वाले वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ लिया । घटना की सूचना पर कस्बा इंचार्ज अनिल सिंह व उपनिरीक्षक इंदल यादव अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल किया । पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है ।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के बांकी गांव में रात को एक युवक ने परिजनों से झगड़कर जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक को गंभीर हालत में कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। शनिवार को देर रात बांकी गांव निवासी उपेंद्र कुमार 28 वर्ष ने परिजनों से झगड़कर जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## नेशनल हाईवे में दो डंफर आमने-सामने भिड़े चालक खलासी घायल

**भरुआ सुमेरपुर।** रविवार को नेशनल हाईवे 34 में इंगोहटा गांव के समीप दो डंफरों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दोनों के चालक और खलासी घायल हो गए। एक डंफर चालक के फंसे होने पर डायल 112 के सिपाही विकास मिश्रा ने जान जोखिम में डालकर चालक को निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा पहुंचाया।

रविवार को दोपहर बाद इंगोहटा के समीप दो डंफरों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जोरदार टक्कर में एक डंफर का चालक केबिन में ही फंस गया। डायल 112 के सिपाही विकास मिश्रा ने जान जोखिम में डालकर चालक को निकालकर एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी मौदहा पहुंचाया। इस घटना में दोनों डंफरों के चालक और खलासी घायल हुए है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मानिकपुर, चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मानिकपुर थाना टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि बीते शनिवार को मानिकपुर क्षेत्र के एक ग्राम निवासी बालिका ने थाने में सूचना दी कि भगवानदीन कोल उर्फराजकुमार ने उसके साथ दुष्कर्म तथा समरनाथ यादव व छोटू कोल ने छेड़खानी की तथा विरोध करने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस सूचना के आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए थाने की पुलिस टीम आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए जुट गई। इसी क्रम में विवेचना के दौरान रविवार को मानिकपुर थाने के अपराध निरीक्षक विनय विक्रम सिंह व उपनिरीक्षक रविन्द्र कटियार ने इस मामले में दुष्कर्म के आरोपी भगवानदीन उर्फ राजकुमार को गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश की जा रही है।

# सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने महात्मा बुद्ध की शिक्षा के जरिए दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**चित्रकूट ब्यूरो:** महात्मा बुद्ध भारतीय दर्शन और आध्यात्मिकता के एक महान प्रतीक हैं। उनकी शिक्षाएं अहिंसा, करुणा, आत्म-नियंत्रण और मध्यम मार्ग न केवल व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को समृद्ध करती हैं, बल्कि आधुनिक समस्याओं जैसे सड़क सुरक्षा के समाधान में भी गहन प्रासंगिकता रखती हैं। भारत में जहां प्रत्येक वर्ष लगभग 1.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। वहां बुद्ध की शिक्षाएं हमें सड़क को हिंसा और दुःख का स्थान न बनाकर करुणा, अनुशासन, और जिम्मेदारी का मार्ग बनाने की प्रेरणा देती हैं।

चित्रकूट जिल के मानिकपुर क्षेत्र के सकरौंहा गांव के निवासी एवं वर्तमान समय में गौतमबुद्ध नगर में कार्यरत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि बुद्ध की शिक्षाओं का आधार चार आर्य सत्य दुःख, दुःख का कारण, दुःख का निवारण, और दुःख निवारण का मार्ग हैं। सड़क सुरक्षा के संदर्भ में, ये सत्य हमें सड़क दुर्घटनाओं को एक गहन दुःख के रूप में देखने की दृष्टि प्रदान करते हैं। बुद्ध की प्रमुख शिक्षाओं चार आर्य सत्य, अष्टांगिक मार्ग, अहिंसा, करुणा, और माइंडफुलनेस को सड़क सुरक्षा के संदर्भ में विश्लेषित करता है और प्रेरणादायक ढंग से दर्शाता है कि ये सिद्धांत व्यक्तिगत व्यवहार, सामाजिक नीतियों और राष्ट्रीय जागरूकता को बदल सकते हैं।

दुःखः सड़क दुर्घटनाएं भारत में प्रति वर्ष लाखों परिवारों को दुःख, मृत्यु, और आर्थिक क्षति पहुंचाती हैं। एक मोटरसाइकिल चालक, जो हेलमेट न पहनने के कारण मारा जाता है या एक पैदल यात्री, जो तेज गति के वाहन से टकरा जाता है, दुःख का प्रतीक है।

दुःख का कारणः बुद्ध के अनुसार, दुःख का मूल कारण तृष्णा (लालच, अज्ञान और अविवेक) है। सड़क पर यह तृष्णा तेज गति की इच्छा, नियम तोड़ने की लापरवाही, या नशे में ड्राइविंग के रूप में प्रकट होती है। उदाहरण के लिए, एक चालक जो जल्दबाजी में लाल बत्ती तोड़ता है, वह तृष्णा और अहंकार से प्रेरित होता है।

दुःख का निवारणः बुद्ध का तीसरा सत्य कहता है कि दुख का अंत संभव है। सड़क सुरक्षा के लिए इसका अर्थ है कि दुर्घटनाएं अपरिहार्य नहीं हैं। हेलमेट, सीटबेल्ट, गति सीमा और यातायात नियमों का पालन जैसे उपाय दुःख को कम कर सकते हैं।

दुःख निवारण का मार्गः बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग इस दुख को समाप्त करने का रास्ता दिखाता है,

प्रासंगिकताः चार आर्य सत्य हमें सड़क दुर्घटनाओं को केवल दुर्भाग्य न मानकर एक ऐसी समस्या के रूप में देखने की प्रेरणा देते हैं, जिसके कारणों को समझकर और समाधानों को अपनाकर हम जीवन की रक्षा कर सकते हैं। यह दृष्टिकोण हमें व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी की ओर ले जाता है।

सड़क पर अनुशासित व्यवहार के लिए बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग सही दृष्टि, सही संकल्प, सही वाणी, सही कर्म, सही आजीविका, सही प्रयास, सही स्मृति और सही समाधि सड़क सुरक्षा के लिए एक व्यावहारिक और नैतिक ढांचा प्रदान करता है।

सही दृष्टिः सड़क को एक साझा स्थान के रूप में देखना, जहां प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए यह समझना कि गति सीमा का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन की रक्षा है।

सही संकल्पः सड़क पर करुणा और अहिंसा का संकल्प लेना। एक चालक जो पैदल यात्रियों के लिए रुकने का निर्णय लेता है, वह इस संकल्प को जीता है। सही वाणीः सड़क पर दूसरों के साथ सम्मानजनक और शांतिपूर्ण संवाद। रोड रेज के बजाय, शांतिपूर्ण ढंग से संवाद करना।

सही कर्मः नियमों का पालन जैसे हेलमेट पहनना, सीटबेल्ट लगाना और जेब्रा क्रॉसिंग पर रुकना आदि सही कर्म के उदाहरण हैं।

सही स्मृति (माइंडफुलनेस): सड़क पर पूर्ण जागरूकता रखना। एक चालक जो मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करता और ट्रैफिक संकेतों पर ध्यान देता है, वह माइंडफुलनेस का अभ्यास करता है। अष्टांगिक मार्ग सड़क पर प्रत्येक व्यक्ति चालक, पैदल यात्री या नीति-निर्माता को एक नैतिक और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यह हमें सड़क को एक ध्यान केंद्रित और करुणामय स्थान के रूप में देखने की शिक्षा देता है।

बुद्ध की अहिंसा की शिक्षा सभी प्राणियों के प्रति करुणा सड़क सुरक्षा का मूलमंत्र है। सड़क पर लापरवाही जैसे तेज गति या नशे में ड्राइविंग हिंसा का एक रूप है, जो दूसरों के जीवन को खतरे में डालता है। बुद्ध का कहना था कि जो दूसरों को दुःख देता है, वह स्वयं को दुःख देता है। सड़क पर यह सत्य स्पष्ट दिखता है कि जब भी एक चालक नियम तोड़ता है, तो वह न केवल दूसरों को, बल्कि स्वयं को भी जोखिम में डालता है। जैसे हेलमेट न पहनना या गति सीमा तोड़ना हिंसा का सूक्ष्म रूप है, क्योंकि यह दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालता है।

प्रासंगिकताः अहिंसा हमें सड़क पर प्रत्येक प्राणी, चाहे वह इंसान हो या पशु सभी के प्रति जिम्मेदारी सिखाती है। यह हमें नियमों का पालन, पैदल यात्रियों को प्राथमिकता और सड़क पर करुणा अपनाने की प्रेरणा देती है।

बुद्ध की करुणा और मैत्री की शिक्षा सड़क को एक साझा स्थान के रूप में देखने की प्रेरणा देती है। भारत में जहां सड़कें विविधता का प्रतीक हैं, जहां मोटरसाइकिल, कार, रिक्शा और पैदल यात्री एक साथ चलते हैं, जिसमें करुणा की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण है। जैसे एक चालक जो व्यस्त चौराहे पर पैदल यात्री को रास्ता देता है या एक बस चालक जो स्कूली बच्चों के लिए बस की गति धीमी करता है, वह करुणा का अभ्यास करता है। करुणा हमें सड़क पर दूसरों के प्रति सहानुभूति और सम्मान सिखाती है। यह रोड रेज, प्रतिस्पर्धा, और लापरवाही को कम करती है, और सड़क को एकता का स्थान बनाती है। बुद्ध की माइंडफुलनेस (स्मृति) की शिक्षा सड़क सुरक्षा का एक शक्तिशाली उपकरण है।

माइंडफुलनेस का अर्थ है कि प्रत्येक क्षण में पूर्ण जागरूकता और एकाग्रता। सड़क पर, जहां एक क्षण की लापरवाही मृत्यु का कारण बन सकती है, तो ऐसे में माइंडफुलनेस जीवन रक्षक है। जैसे एक चालक जो ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करता, ट्रैफिक संकेतों पर ध्यान देता है और सड़क की स्थिति को समझता है, वह माइंडफुलनेस का अभ्यास करता है। माइंडफुलनेस सड़क पर दुर्घटनाओं को कम करती है, क्योंकि यह चालकों को विचलन (जैसे फोन या रोड रेज) से बचाती है। यह नीति-निर्माताओं को भी जागरूक सड़क डिजाइन और नियम लागू करने की प्रेरणा देती है।

भारत में जहां बुद्ध की शिक्षाएं गंगा की तरह प्रवाहित होती हैं, वहां सड़क सुरक्षा के लिए एक नया दृष्टिकोण अपनाने का समय है। बुद्ध का संदेश हमें सिखाता है कि सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि जीवन का रक्षा का मंच है। प्रत्येक हेलमेट, गति सीमा और नियम का पालन बुद्ध की अहिंसा, करुणा और माइंडफुलनेस का प्रतीक है। ऐसे में हमें भारत की सड़कों को बुद्ध के मध्यम मार्ग का प्रतीक बनाते हुए प्रत्येक चौराहे को करुणा का केंद्र बनाना चाहिए, जहां चालक और पैदल यात्री एक-दूसरे के प्रति सम्मान दिखाएं। बुद्ध की शिक्षाओं को सड़क सुरक्षा के लिए प्रयोग करते हुए प्रत्येक कदम, यात्रा को बुद्ध की करुणा और माइंडफुलनेस का मंत्र बनाएं और भारत को सड़क सुरक्षा का वैश्विक मॉडल बनाएं।

## खबर एक नज़र

### कार सवार युवक ने जाम खुलवा रहे एचएसओ से की धक्का मुक्की

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के बीचो बीच थाने के सामने शाम 6 बजे अचानक डंपर के खराब हो जाने से हाईवे में भीषण जाम लग गया। थानाध्यक्ष सहित पुलिस बल जाम खुलवाने के लिए हलाकान रहे। इसी बीच एक कार सवार थानाध्यक्ष से उलझ गया। तैश में आकर उसने थानाध्यक्ष के साथ धक्कामुक्की कर दी। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर शराब पीने के शक में डाक्टरी परीक्षण कराया।

शनिवार को शाम 6 बजे कानपुर से कबरई की तरफ जा रहा एक डंपर थाने के सामने अचानक बंद हो गया। इसके बंद होते ही नेशनल हाईवे 34 पर भीषण जाम लग गया। जाम लगते ही बांदा मार्ग भी ठप हो गया। जिससे हाईवे पर तमाम बरातों के साथ एंबुलेंस, यात्री बसें आदि फंस गई। जाम का विकराल रूप देखकर थानाध्यक्ष अनूप सिंह पुलिस बल के साथ हाईवे पर उतरे और जाम खुलवाने का कवायद शुरू की। रात 8 बजे के बाद वाहनों के रेंगने का क्रम शुरू हो सका। इसी बीच मौदहा की तरफ जा रहा एक कार सवार आगे निकलने के चक्कर में थानाध्यक्ष से जेके मार्ट के पास हाईवे पर भिड़ गया। थानाध्यक्ष के टोकने पर यह आग बबूला होकर उनसे धक्कामुक्की कर बैठा। इस पर साथ चल रहे हमराहियों ने युवक को दबोच लिया। शराब पिये होने की आशंका पर अस्पताल ले जाकर डाक्टरी परीक्षण कराया। बाद में इसे पत्नी के साथ होने पर रिहा कर दिया गया। युवक कुनेहटा गांव का बताया जा रहा है। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद रात 12 बजे हाईवे सहित बांदा मार्ग का यातायात सामान्य कराया। जाम में बरातों के वाहन, परिवहन निगम की बसें एंबुलेंस आदि फंसकर रेंगती नजर आई। थानाध्यक्ष ने बताया कि डंपर के खराब होने से जाम लगा था। इसको हटवाकर यातायात सामान्य कराया गया।

### कोचिंग में मेधावियों का हुआ सम्मान

**मौदहा हमीरपुर।** यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को सारंग कोचिंग संस्थान में फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। रविवार को कस्बे के मोहल्ला कमराहा स्थित सारंग क्लासेज में कोचिंग संचालक मुजीब सर एवं रहमानिया इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्या प्रोफेसर याकूब साहब के हाथों यूपी बोर्ड हाईस्कूल के विज्ञान विषय में टॉप करने वाले एक दर्जन से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को मुंह मीठा कर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। जिसमे हाईस्कूल के मोहम्मद नोमान, स्वालिहा इरशाद, मोहम्मद रेहान, नाजिम जावेद, रेहान उद्दीन, सैफ खान, अता इरफान, रौनक नुमा, जुहेब अहमद, मोहम्मद वारिस, सरफरोज शेख, रजा मुहम्मद, मोहम्मद गुफरान आसिफ, तारिक सुल्तान, खुर्शेद खान, अरमान उद्दीन, नूह अली, असमा परवीन को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया और सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान फरीद अहमद बाबू जी सर सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### शाम को झूम कर बरसे बदरा

भरुआ सुमेरपुर। रविवार की शाम को मौसम ने फिर अचानक पलटी मारी और तेज हवाओं के साथ आसमान में छाए काले घने बादल जमकर बरसे। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई।

रविवार को सुबह से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। शाम 5 बजे मौसम में अचानक पलटी मारी और तेज हवाओं के साथ आए काले घने बदरा जमकर बरसे।इससे लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा, विदोखर पुरई, बण्डा, विदोखर मेंदनी, मवई जार आदि गांवों में बदरा झूमकर बरसे। इससे किसान खुश नजर आया। किसानों ने कहा कि इस बारिश से गर्मी की जुताई में काफी मदद मिलेगी।

स्वतंत्र भारत

मध्यांचल समाचार

इटावा/फर्रूखाबाद/औरैया/मैनपुरी/एटा/कन्नौज/फिरोजाबाद/आगरा/मथुरा/अलीगढ़

कानपुर सोमवार, 12 मई 2025



### आर्थिक रूप से परेशान होकर आत्महत्या की

**उदीए थाना।** बढ़पुरा के ग्राम अजबपुर में आर्थिक रूप से परेशान 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी। थानां बढ़पुरा के ग्राम अजबपुर निवासी सतेंद्र सिंह पुत्र लाखन सिंह द्वारा कमरे में पंखे के कुंडे में फंदा लगाकर फांसी लगा ली गयी। स्वजन उसे जिला चिकत्सालय इटावा लेकर गए जहाँ डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि तीन पुत्रियों का पिता सतेंद्र सिंह मजदूरी आदि करके परिवार का भरण पोषण करता आ रहा था। वह आर्थिक रूप से काफी परेशान रहता था। सूचना पर थानां पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है।

## खबर एक नज़र

### फ़तहे बिलग्राम मिशन के द्वारा लगाया गया फ्री मेडिकल कैम्प में पहुंचे 106 मरीज़

**छिबरामऊए कन्नौज।** मोहल्ला चौधरियान गौसिया मस्जिद के पास फ़तहे बिलग्राम मिशन की तरफसे फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 6 तक चला जिसमें 106 मरीज पहुंचें। हुज़ूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफ़ा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी के द्वारा फ़तहे बिलग्राम मिशन फ़्री मेडिकल कैम्प में कानपुर से डॉक्टर वसीम खान एमबीबीएस पेट व छाती ;क्षय रोगद्ध चरम रोग रक्तचाप विशेषज्ञ डॉ पुनेद्र एमएस ऑर्थो कानपुर डॉ आसिफअंसारी ठन्डेए डॉक्टर स्टाफ़ मोहम्मद सैफ़ी रूपेंद्रए अंशुए अल्फ़िज़ए आरिफ़ए राहुल के द्वारा मरीजों को देखा गया और मर्ज के हिसाब से मरीज को दवाईया दी गई। इस दौरान फैशल खानए आमिर अतारीए मोहम्मद हाफ़िज़ फैजानए महमूद मंसूरीए सलीम मंसूरीए आदि लोगो की मौजूदगी में चला मेडिकल कैंप।

### मंडल कमेटियां दो दिन में घोषित की जाए

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** संगठन पर अभियान के तहत जिले में मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई थी उन घोषित सभी मंडलों में मंडल कमेटी बनाने के लिए कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी को प्रांतीय नेतृत्व ने पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है पर्यवेक्षक सुनील तिवारी ने जनपद पहुंचकर सभी घोषित मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की एवं उनको दो दिन के अंदर कमेटी बनाने की निर्देश दिए। संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे एवं जिलाध्यक्ष फ्तेहचंद वर्मा की उपस्थिति में मंडल कमेटियों को बनाने का कार्य आरंभ हो गया है पर्यवेक्षक में सुनील तिवारी ने बताया प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर दो दिवसीय प्रवास के दौरान जनपद के सभी घोषित मंडलों में कमेटी बनवाने के निर्देश मिले हैं जिले में 15 मंडल अध्यक्षों का घोषणा हो चुकी है तीन मंडल अभी घोषित नहीं हुए हैं इन 15 मंडलों में सभी घोषित मंडल अध्यक्षों को दो दिन के अंदर कमेटी को गठन करने का निर्देश दिया गया है

कुछ मंडलों में कमेटियों का गठन हो चुका है मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कमेटी बनाते समय सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखते हुए सभी वर्ग का समायोजन होगा। नवनिर्वाचित कमेटी में बनने वाले पदाधिकारी सक्रिय सदस्य आवश्यक हैं लेकिन महिला एवं अनुसूचित वर्ग के पदाधिकारी अगर सक्रिय सदस्य नहीं है लेकिन पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा है तो ऐसे कार्यकर्ताओं को भी स्थान दिया जा सकता है। मंडल में कमेटी बनाने के दौरान कोई भी कार्यकर्ता कमेटी के किसी भी सदस्य पर आपत्ति जताता है तो यह बात प्रांतीय नेतृत्व को अवगत कराई जाएगी तब तक कमेटी को रोक दिया जाएगा। ऐसी समस्या होने पर पार्टी तत्काल निर्णय लेगी उसके उपरांत कमेटी को बनाया जाएगा। बचे हुए तीन मंडलों को जल्द से जल्द घोषित किया जाएगा।

जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बताया आगामी पंचायत चुनाव एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने मंडलों में ऐसे पदाधिकारी का चयन करें जो पार्टी के प्रति समर्पण भाव से कार्य करते हो। ज्यादा से ज्यादा पदाधिकारी सक्रिय सदस्य होने आवश्यक है।

भाजपा जिला अध्यक्ष फ्तेहचंद वर्मा ने बताया सभी घोषित 15 मंडलों में दो दिन के अंदर प्रांतीय नेतृत्व की मोहर बाद कमेटीया घोषित हो जाएंगी। इस दौरान सांसद मुकेश राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता डीएस राठौर हिमांशु गुप्ता संजीव गुप्ता जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

### आटो गैंग का पर्दाफ़ाशए चार अभियुक्त गिरफ्तार

**-एक बदमाश गोली लगने से हुआ घायल**

**-एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रूपए इनाम दिए**

**इटावा।** बंद मकानों की रेकी कर चोरी की घटना कारित करने वाले ऑटो गैंग का पर्दाफ़ाश करते हुये पुलिस ने 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। कब्जे से पिस्टल लाईसेंसी 0ए32 बोर चोरी की हुईए 4 तमंचा 315 बोरए 12 जिन्दा कारतूस 315 बोर 3 खोखा कारतूस 315 बोरए 94 जिन्दा कारतूस 0ए32 बोरए 2 अदद खोखा कारतूस 0ए32 बोरए 30 जिन्दा कारतूस ए30 बोरए डीबीआरए वाईफ़ाई राउटरए 87ए320 रुपये नगदए 2 सोने की जंजीरए जोडी पायल चाँदी कीए अंगूठी सोने की तथा चोरी में प्रयुक्त 2 ऑटो किये बरामद। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजीए सर्विलांस टीम एवं थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 मई की रात को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि कुछ व्यक्ति लोकासाई पुल से थोड़ा आगे नहर की पटरी के किनारे दताबली की तरफ़ जामुन की बगिया में आटो खड़े करके आपस में बातचीत कर रहे हैं जोकि अपराधी किस्म के प्रतीत हो रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये एसओजी सर्विलांस टीम एवं थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम जैसे ही नहर की पटरी के किनारे जामुन की बगिया में खडे ऑटो की तरफ़ पहुंची तो अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फ़ायर किये गये जिसमे गोली थानाध्यक्ष फ्रेंड्स कॉलोनी की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फ़ायरिंग की गयी तो गोली अभियुक्त रोहित उर्फ़ बंटी कश्यप पुत्र लालाराम के दाहिने पैर मे गोली लगी जिसे घायलअवस्था मे तथा 2 अन्य अभियुक्तों दीपक शंखवार पुत्र राजकुमार शंखवार तथा रामनरेश उर्फ़ कल्लू को लोकासई नहर पुल की पटरी के किनारे जामुन की बगिया के पास रात में गिरफ्तार किया। घायल अभियुक्त का उपचार जिला अस्पताल मे चल रहा है। अभियुक्तो ने बताया कि हम तीनों लोग मिलकर ऑटो से दिन में घूम घूम कर बंद मकानों की रेकी करते है और मौका मिलते ही रात में उन मकानों में ताला तोडकर चोरी कर लेते हैं तथा असलहो को अपराध कारित करने एवं लोगो को डराने धमकाने के उद्देश्य से पास रखते है। अभियुक्तों ने काफ़ी घटनाओं को कुबूल किया। पुलिस टीम में बेचन कुमार सिंह प्रभारी एसओजीए नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलांसए थानाध्यक्ष फ्रेंड्स कॉलोनी अमित कुमार मिश्राए उ0नि0 सन्त कुमारए उ0नि0 भारत सिंहए उ0नि0 नितिन चौधरीए उ0नि0 अरविन्द कुमार रहे। पकड़े गए अभियुक्तों में रोहित उर्फ़ बंटी कश्यप पुत्र लालाराम निवासी कुंज फ़ाटक मंडी कहारन थाना कोतवालीए दीपक शंखवार पुत्र राजकुमार शंखवार निवासी मोहल्ला करनपुरा थाना कोतवालीए रामनरेश उर्फ़ कल्लू पुत्र रामबाबू निवासी मुरैथा थाना इकदिलए सुनील यादव पुत्र रामशरण यादव निवासी नखासा थाना कोतवाली आदि शामिल रहे। चारों अभियुक्तों का काफ़ी थानों में आपराधिक इतिहास दर्ज है। एसएसपी ने बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रूपए इनाम दिए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से महिला की मौत

इटावा। शनिवार को थाना सहसों क्षेत्र के टिटावली गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के ऊमरी गांव से कछरिया बाबा मंदिर दर्शन को आ रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गईए जबकि आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

ऊमरी थाना क्षेत्र के गांव से सुषमा देवी पत्नी कल्लू यादव अपने परिजनों और 18 श्रद्धालुओं के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर सहसों क्षेत्र के प्रसिद्ध कछरिया बाबा मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं। दोपहर करीब तीन बजे जैसे ही ट्रॉली टिटावली गांव के पास ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर पहुंचीए वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। ट्रॉली में सवार महिलाएं और बच्चे नीचे दब गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को बाहर निकाला। हादसे में अखिलेश यादव की पत्नी रानी देवी ;40 वर्षद्ध निवासी किटीए थाना ऊमरी की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों की सूची में निशा ;17 वर्षद्ध पुत्री विनोद कुमार की हैए जो गंभीर रूप से जिला अस्पताल रेफ़र किया गया। इसके साथ ही आशा ;45 वर्षद्ध पत्नी कुलदीप यादवए संतोषी ;56 वर्षद्ध पत्नी नीकेरामए सुषमा ;55 वर्षद्ध पत्नी कल्लू यादवए सावित्री ;60 वर्षद्ध पत्नी विश्राम की हालत गंभीर है जिसे एमपी अस्पताल रेफ़र किया गया। इसके साथ ही ट्रैक्टर चालक लल्लेश भी घायल हो गए। घायलों को तत्काल सीएचसी राजपुर में भर्ती कराया गया। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल और मध्य प्रदेश के अस्पताल में रेफ़र किया गया है। विर्डवालका चौकी प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मृतका के शव को परिजन अपने गांव भिंड ले गए हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# जल शक्ति मंत्री ने सिंचाई विभाग के निर्माणाधीन कार्यालय का निरीक्षण किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने फ्तेहगढ़ स्थित नलकूप कॉलोनी में निर्माणधीन कार्यालय आवास तथा पूरे परिसर का निरीक्षण किया

नव निर्माणालधीन कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अध्यासन हेतु 15 कक्षा में वर्तमान में कार्यालय निर्माण कार्य प्रगति पर है

मंत्री श्री सिंह ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को ठीक बताया उन्होंने नलकूप कॉलोनी परिषद तथा अधिशासी अभियंता आवास का निरीक्षण किया उन्होंने परिसर में स्वच्छता तथा वृक्षारोपण के भी निर्देश दिए हैं

इस दौरान अधिशासी अभियंता द्रोण कुमार ने ने बोर्ड के जरिए पूरे परिसर कार्यालय परिसर के आवास तथा जिले में बह रही नहरों तथा टेल के बारे में भी विस्तार से बताया

इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी सांसद मुकेश राजपूत मौजूद रहे



**फोटो परिचय - सिंचाई मंत्री को विभिन्न कार्यों की जानकारी डैशबोर्ड पर देते अधिशासी अभियंता सिंचाई द्रोण कुमार**

## तहसील स्तर पर भ्रष्टाचार और अवैध कब्जों पर जमकर गरजे किसान




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।कायमगंज।** भारतीय किसान यूनियन ;भानुद्ध के कायमगंज कार्यालय पर आज आयोजित पंचायत की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलाल गुप्ता ने बताया कि

पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ओम प्रताप सिंह सोलंकीए निवासी त्योरी इस्माइलपुर नवाबगंज को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस घोषणा के साथ ही संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई गई।

पंचायत में तहसील कायमगंज में हो रहे अवैध कब्जों और प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर तीखा आक्रोश व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ग्राम समाज की विवादित जमीनों खाद के गढ्डों और खलिहानों की जमीनों पर जब किसान अवैध कब्जे की शिकायत करते हैं तो लेखपाल झूठी व भ्रामक रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौंपते है। किसान जब साक्ष्य प्रस्तुत करते है तो एसडीएम किसानों को जेल भेजने की धमकी देने लगते हैं।

संगठन ने आरोप लगाया कि एसडीएम कायमगंज भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। ग्राम भगौतीपुर की नॉन.जेड जमीन गाटा संख्या 114 व 96 पर श्रीकृष्ण गौतम सुदामा देवी व सतीश चंद्र द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह जमीन करोड़ों की सरकारी संपत्ति है जिस पर राजस्व प्रशासन कब्जा करवा रहा है।

यूनियन ने मांग की कि एसडीएम की आय से अधिक संपत्ति की जांच कराई जाए।

इसके अतिरिक्तए वाद संख्या 6203ध्22 ;धारा 116द्ध ग्रामं नरसिंहपुरए कायमगंज के वादी ब्रजेश कुमार की पत्रावली लंबे समय से लंबित है और पीड़ित से सुविधा शुल्क लेकर भी न्याय नहीं दिया जा रहा है।

यूनियन ने गांव भटासा की टूटी नहर पुलिया के कारण हो रही आवागमन की परेशानी का मुद्दा भी उठाया और मांग की कि पुलिया का निर्माण शीघ्र कराया जाए। साथ ही भटासा स्थित होम्योपैथिक व एलोपैथिक अस्पताल में दवाखाना और मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था की मांग की गई।

भारतीय किसान यूनियन ;भानुद्ध ने चेतावनी दी है कि यदि ैया समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो यूनियन तहसील कायमगंज में धरना.प्रदर्शन को बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर गोपाल तिवारी प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना जिला प्रभारी ओम प्रताप सिंह सोलंकी नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह गंगवार रामवीर बिंदु सिंह गंगवार ;महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामलाल गुप्ता विनीत सक्सेना विजय शाक्य श्योराज अनुज जसवंत समेत कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दीवार गिरी बकरी की मौत बाल बाल बचे लोग

**फर्रूखाबाद।अमृतपुर।**बारात वाले घर में अचानक कच्ची दीवार गिरने से बड़ा हादसा टल गया। 10 मई को मानसिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी अलीगढ की बेटी साधना की बारात शाहजहांपुर के मिर्जापुर से आई थी। धूमधाम से सारे कार्यक्रम सही सलामत संपन्न होते रहे और सुबह बेटी की विदाई कर दी गई। बारातियों के चले जाने के बाद अचानक कच्ची दीवार भर भरा कर गिर गई। जिसके नीचे घरेलू सामान दब गया और मलबे में टक्कर एक बकरी की मौत हो गई। वहां बैठे रिश्तेदार बाल.बाल बच गए जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग की ओर से लेखपाल धनंजय दीक्षित व कानूनगो अतुल मौके पर पहुंचे और उन्होंने जांच पड़ताल की। राजस्व कर्मचारियों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत हुए नुकसान की भरपाई के लिए जो भी सरकारी मुआवजा बन सकेगा उसकी मदद की जाएगी। जांच रिपोर्ट तहसील मुख्यालय में सौंपने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## चोरी की घटना का खुलासा करते हुये घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक जनपद विनोद कुमार द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मेंए क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ मनोज कुमार के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के कुशल नेतृत्व में छिबरामऊ पुलिस टीम द्वारा शातिर अपराधी आमिर पुत्र सलीम व जुबेर पुत्र स्व0 वाहिद खाँ निवासीगण मो0 इन्द्राआवास कालोनी छिबरामऊ थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को चोरी किये गये आभूषण व नगदी सहित गिरफ्तार किया गया ।

पूछताछ पर अभि0गणों द्वारा बताया गया कि हम लोग घूम फिरकर सूनसान व ताला बंद पड़े घरो की जानकारी कर चिन्हित कर लेते है मौका पाकर उन्ही घरों से चोरी कर लेते है चोरी करते समय कुछ लोग बाहर रहते है और कुछ लोग लोग घर के अन्दर जाकर सामान चोरी कर लेते है और चोरी से प्राप्त सामान को आपस में बराबर दृ बराबर बाँट लेते है। हम लोगो रात्रि में दिनांक देवरमपुर नईबस्ती के पास बने मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे रूपये जेवरात व सुभाष नगर खल्ला रोड़ मंगदपुर पर बने मकान से अलमारी में रखे सोने चाँदी के आभूषण 50ए000ध्रूपये व दिनांक 05ण05ण2025 को मोहल्ला इन्द्राआवास कालोनी से घर का ताला तोड़ अलमारी में रखे सोने चाँदी के जेवरात चोरी किये थे । प्रशान्त कुमार पुत्र राजीव कुमार निवासी ग्राम देवरमपुर नईबस्ती थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज ने अज्ञात चोर द्वारा घर के ताला तोड़ कर रूपये व सोने चाँदी के जेवरात चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत से सम्बन्धित 25 ग्राम सोना अनुमानित 2 लाख 10ए000ध् रू0 व चाँदी वजन करीव 130 ग्राम कीमत करीव 15ए000ध् रूपये व नगद 3ए000ध् रूपये बरामद हुए श्रीमती सरोजनी पत्नी हरिशंकर निवासी सुभाष नगर खल्ला रोड़ मंगदपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज ने अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने चाँदी के आभूषण व 50ए000ध्रू0 नगद चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 282ध्2025 धारा 331;4द्धध्305;द्ध बीएनएस पंजीकृत से सम्बन्धित 25 ग्राम सोना अनुमानित 1 लाख 50ए000ध् रूपये चाँदी वजन करीव 320 ग्राम कीमत 30ए000ध् रूपये व 18ए000ध् रूपये नगद बरामद हुए ।वादी श्रीमती पूनम पत्नी रघुवीर सिंह निवासी मो0 इन्द्राआवास कालोनी कस्वा व थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज ने अज्ञात चोर द्वारा अलमारी में रखे कान के टप्सए एक जोड़ी वालीए एक जोड़ी झालेए व नगर रूपये चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध से सम्बन्धित 20 ग्राम सोना अनुमानित कीमत 1 लाख 80ए000ध् रूपये व चाँदी 100 ग्राम कीमत 10ए000ध् रूपये व 2000ध् रूपये नगद आमिर पुत्र सलीम निवासी मो0 इन्द्राआवास कालोनी छिबरामऊ थाना छिबरामऊ जुबेर पुत्र स्व0 वाहिद खाँ निवासी मो0 इन्द्राआवास कालोनी छिबरामऊ थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र 22 वर्ष विकास पुत्र राजू निवासी काशीराम कालोनी थाना छिबरामऊ आमिर पुत्र सलीम निवासी मो0 इन्द्राआवास कालोनी छिबरामऊ

जुबेर पुत्र स्व0 वाहिद खाँ निवासी मो0 इन्द्राआवास कालोनी छिबरामऊ थाना छिबरामऊ जनपद

## ट्रक और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत

**पुरवा ।** ट्रक और मारुति कार की आमने.सामने जोरदार भिड़ंत हो गयी जिसमें कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों और पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से पुरवा सी एच् सी भिजवाया जहां उनकी गंभीर को देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया । दही थाना क्षेत्र के गांव उम्मेंदनखेड़ा निवासी किशनपाल प्लंबरिंग का काम करता है।रविवार को गांव के ही शहनवाज एसाजेन व बंदायू निवासी आकिब के साथ कार से बिजनौर स्थित रिश्तेदारी में प्लंबरिंग का ठेका लेने के लिये काम देखने गया था। जहां से दोपहर 3 बजे वापस घर जा रहा था। तुसरौर गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे चारों गंभीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लेकर पहुंची। जहां किशनपालए शहनवाजएसाजेन की हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया है ।

## गंगा तट की गंदगी को समर्थ संस्था के सदस्यों ने साफ किया



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद।समर्थ सामाजिक संस्था की ओर से पांचाल घाट स्थित दुर्वाषा ऋषि आश्रम घाट पर श्रमदान किया गया। संस्था के सदस्यों ने घाट पर बिखरी अपशिष्ट सामग्री एवं कूड़े को इकट्ठा कर भूविसर्जित किया । अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय ने सभी फर्रूखाबाद वासियों को हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने स्वयं कहीं भी गंदगी ना करनें एवं किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा गंदगी फैलाने पर उसकी आंखों के सामने उस गंदगी को साफकरने का आवाहन किया।

इस संस्था की ओर से प्रत्येक रविवार को गंगा तट पर अपशिष्ट सामग्री को वोरो में भरकर भू विसर्जित किया जाता है उसके साथ गंगा तट पर मौजूद श्रद्धालुओं से स्वयं गंदगी ना करने तथा यदि कोई व्यक्ति गंदगी कर रहा है तो उसे रोक कर उसी के सामने उसे गंदगी को साफकरने की बात कही गई ताकि शर्मसार होकर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे इसअवसर पर उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता हर्षित पांडेय बाबा ओमेन्द्र सतीश यादव आदि मौजूद रहे।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड-हमीरपुर

पत्रांकः- 327/ल0सिं0/लेखा/निविदा/2025-26 दिनांकः- 03.05.2025

**अल्पकालीन ई-टेन्डरिंग सूचना सं0- 09/अधि0अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अटल भूजल योजना में डी0पी0एम0यू0 हमीरपुर के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्यो के लिये ऑन लाईन प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस-बिड/फाइनेन्शियल बिड शासनादेश संख्या 1600/62- 2-2018-2/4(49)/2006 दिनांक 26.08.2019 में दिये गये प्राविधान के अनुसार सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत/सूचीबद्ध ठेकेदारों अथवा लघु सिंचाई विभाग के ऐसे ठेकेदारों जिन्हें 02 वर्ष कार्य का अनुभव हो और उनके विरूद्ध कोई जॉच लम्बित न हो। ऐसे फर्म/ठेकेदार जो समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हो, से दिनांक 14.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 21.05.2025 तक प्रातः 10.00 बजे तक निम्नानुसार चेकडैम निर्माण कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 21.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन डाउनलोड की जायेगी, एवं प्री-क्वालीफिकेशन बिड में जॉचोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड दिनांक 23.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन डाउनलोड की जायेंगी। किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से यदि निविदा खोला जाना सम्भव नही हो पाता है तो तकनीकी खराबी दूर होने या समस्या के समाप्त होने के उपरान्त ही निविदा खोली जायेगी। अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

(निविदायें कार्यो के अनुमोदन/बजट आवंटन की प्रत्याषा में आमन्त्रित की जा रही है।)

अटल भूजल योजनार्न्तगत चेकडैम/एनीकट निर्माण कार्य(डी0पी0एम0यू0 अन्तर्गत)

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 +स्टेशनरी चार्ज सहित (रू0 में) | सिंचाई विभाग में पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बिहुनीखुर्द-1 | मुस्करा | 10.50 | As per BOQ | 1.05 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 2 | बिहुनीखुर्द-2 | मुस्करा | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 3 | बिहुनीखुर्द-3 | मुस्करा | 10.30 | As per BOQ | 1.03 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 4 | बिहुनीखुर्द-4 | मुस्करा | 10.40 | As per BOQ | 1.04 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 5 | बिहुनीखुर्द-5 | मुस्करा | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 6 | बिहुनीकला-1 | मुस्करा | 10.70 | As per BOQ | 1.07 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 7 | बिहुनीकला-2 | मुस्करा | 10.10 | As per BOQ | 1.01 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 8 | बिहुनीकला-3 | मुस्करा | 10.50 | As per BOQ | 1.05 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 9 | बिहुनीकला-4 | मुस्करा | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 10 | बजेहटा-1 | मुस्करा | 10.30 | As per BOQ | 1.03 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 11 | भुजपुर-1 | मुस्करा | 10.40 | As per BOQ | 1.04 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 12 | छेडीबसायक-1 | मुस्करा | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 13 | जमौडी-1 | सरीला | 10.70 | As per BOQ | 1.07 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 14 | जमौडी-2 | सरीला | 10.10 | As per BOQ | 1.01 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 15 | जमौडी-4 | सरीला | 10.50 | As per BOQ | 1.05 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 16 | बसरिया-1 | सरीला | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 17 | बसरिया-2 | सरीला | 10.30 | As per BOQ | 1.03 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 18 | बसरिया-3 | सरीला | 10.40 | As per BOQ | 1.04 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 19 | जमौडी-5 | सरीला | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 20 | जिटकरी-1 | सरीला | 10.70 | As per BOQ | 1.07 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 21 | जिटकरी-2 | सरीला | 10.10 | As per BOQ | 1.01 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 22 | जिटकरी-3 | सरीला | 10.50 | As per BOQ | 1.05 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 23 | जिटकरी-4 | सरीला | 10.50 | As per BOQ | 1.05 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 24 | धगवां-1 | सरीला | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 25 | धगवां-2 | सरीला | 10.30 | As per BOQ | 1.03 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 26 | धगवां-3 | सरीला | 10.40 | As per BOQ | 1.04 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 27 | धगवां-4 | सरीला | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 28 | धगवां-5 | सरीला | 10.70 | As per BOQ | 1.07 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 29 | धगवां-6 | सरीला | 10.50 | As per BOQ | 1.05 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 30 | धगवां-7 | सरीला | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 31 | धगवां-8 | सरीला | 10.30 | As per BOQ | 1.03 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 32 | बन्धौली-1 | सरीला | 10.40 | As per BOQ | 1.04 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 33 | कैथी | सुमेरपुर | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 34 | पचखुरा बुजुर्ग-1 | सुमेरपुर | 10.70 | As per BOQ | 1.07 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 35 | पचखुरा बुजुर्ग-2 | सुमेरपुर | 10.10 | As per BOQ | 1.01 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 36 | कलौलीजार-1 | सुमेरपुर | 10.50 | As per BOQ | 1.05 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 37 | टेढा-1 | सुमेरपुर | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 38 | टेढा-2 | सुमेरपुर | 10.30 | As per BOQ | 1.03 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 39 | टेढा-3 (इसौली) | सुमेरपुर | 10.40 | As per BOQ | 1.04 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 40 | कैथी-1 | सुमेरपुर | 10.60 | As per BOQ | 1.06 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 41 | कैथी-2 | सुमेरपुर | 10.70 | As per BOQ | 1.07 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |
| 42 | सहुरापुर-1 | सुमेरपुर | 10.10 | As per BOQ | 1.01 | 3 माह | 225+41+500 | सी0 एवं उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट सूचना विभाग की वेबसाइट एवं ई-टेण्डर पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी, जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical Evaluation by tender committee will be done online. Financial bid will be opened only for those tenders who will qualify the technical bid. The Financial bid will be opened online at on dated 23-05-2025


उ0प्र0 233588 दिनांक- 08.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड, हमीरपुर

# सपा की बैठक में पेयजल की समस्याओं पर चर्चा

**मिर्जापुर।** 2027 विधानसभा चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर पीडीए जन पंचायत व भीषण गर्मी में खराब हैण्डपम्पों के रख-रखाव आदि पर

## सरकार की नाकामियों को जन-जन के बीच ले जायें सपा कार्यकर्ता : देवी प्रसाद चौधरी



कार्यकर्ताओं ने बैठक में जोर-शोर से उठाया। सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर आयोजित बैठक को जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर जनपंचायत बूथ स्तर पर लगाने का काम करें और कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता नये मतदाताओं को जोड़ने का काम करें। कहा कि जनपद में अधिकांश हैण्डपम्प खराब है और साथ ही मरम्मत की भी जरूरत है। सरकार की योजना हर घर नल व जल की योजना फेल हो चुकी है। हत्या, लूट, बलत्कार की घटनायें बढ़ी है। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता जन-जन के बीच सरकार की नाकामियों को बताने का काम करें। कार्यकर्ता व पदाधिकारी हर बूथ की मतदाता सूची का अवलोकन करें। जिन मतदाताओं का नाम सूची में छूटा है उसे सूची में शामिल कराएं।

ऐसे नाम भी कटवाएं जो गलत तरीके से सूची में शामिल हो गए हैं। कहा कि भाजपा सरकार किसान, नौजवान, व्यापारी, अल्पसंख्यक और गरीब विरोधी है। इस सरकार का किसी से कोई लेना देना नहीं है। प्रत्येक कार्यकर्ता आम जनता से मिलकर संगठन को और मजबूत करे। आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के प्रत्याशियों को जीत दिलाएं। कहा कि गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करें।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। बैठक में पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र पटेल, अशोक यादव, राजेश भारतीय, राणा प्रताप सिंह, विजय पटेल, सियाराम जैसल, धनन्जय सिंह, संजय यादव, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, प्रिन्स राव, हरिशंकर यादव, श्यामअचल यादव, अभय यादव, अतीक खान, गणेश केशरी, अरशद अली, कौशिक कनौजिया, विकास केशरी, सुभाष पटेल, मेवालाल प्रजापति, रामगोपाल बिन्द, रामजी मौर्या, मुकुन्दलाल यादव, राममिलन यादव, जैनेन्द्र सिंह, सुशील सिंह, जमुना यादव, कन्हैया यादव, विजय यादव, पिन्टू यादव, राहुल राव, बलराम यादव, दुर्गा सिंह, रंजीत फौजी, डा0 रतन सिंह पटेल, अहमद नवाज, शिव नरायन बिन्द, अशोक मिश्रा आदि मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 273 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 273 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक डॉक्टर विवेक खरे कि देखरेख में आयोजित 69 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित 49 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 59 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में 57 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 273 मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल किशोर कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

# भूमि विवाद में शांतिभंग के अंदेशे में तीन गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थैंक क्षेत्र के दिघिया गाँव में दो पक्षों में भूमि विवाद में विवाद की संभावना को देखते हुए पुलिस ने एक पक्ष से तीन लोगो के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीनों लोगो को गिरफ्तार कर शांतिभंग के अंदेशा में कार्रवाई करते हुए तीनों को उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय में हाजिर कर दिया है। दिघिया गांव में दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर विवाद कि संभावना को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह मय हमराह चौकी प्रभारी कन्हैया राय ने मौके पर पहुंचकर एक पक्ष से दिघिया गांव निवासी जयप्रकाश, सुरेश, हरिशंकर को गिरफ्तार कर शांतिभंग के अंदेशा में कार्रवाई करते हुए तीनों को उपजिलाधिकारी न्यायालय में हाजिर कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि भूमि विवाद में शांतिभंग के अंदेशा में तीन लोगो को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया गया है।

## विवाहिता की मौत के मामले में पति, सास, ससुर और देवर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव निवासीनी 23 वर्षीय मृतका कुसुम देवी की बीतें रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में विवाहिता के पिता ने पति, सास, ससुर, देवर के विरुद्ध दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। दी गई तहरीर में हलिया थाना क्षेत्र के लैना फूलियारी निवासी विवाहिता के पिता राम दयाल कुम्हार ने आरोप लगाया कि बेटी कुसुम कुमारी की शादी सन् 2022 को बंजारी कलां गांव निवासी लवकुश कहार से किया था। दहेज में गृहस्थी का सामान मोटरसाइकिल ,सोने की चौन, अंगूठी व इक्कयावन हजार रूपये रुपए नकद दिया था। इसके बाद भी ससुर, सास, देवर व पति लवकुश दहेज में दो लाख रूपए नकद व सोने की चौन मांग करने लगा। मांग के हिसाब से दहेज नही देने पर सास, ससुर, देवर और पति लवकुश अत्यधिक प्रताड़ित करने लगा और बीते रात्रि की 12 बजे के करीब बेटी की हत्या कर साड़ी के सहारे बड़ेर पर लटका दिया। विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने बंजारी कलां गांव निवासी सास, ससुर, देवर व पति लवकुश विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम व दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। इस संबंध में सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति लवकुश देवर, सास, ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या व दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जुआं खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज पुलिस ने शनिवार की रात क्षेत्र के महोगढ़ी गांव स्थित स्कूल के पीछे जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि देवहट गांव निवासी शंभु सोनी, प्रदीप बिंद व अनिल बिंद, महोगढ़ी गांव निवासी कैलाश सरोज तथा प्रयागराज जिला के कोरांव थाना क्षेत्र के छड़गड़ा गांव निवासी गुलफाम रसूल को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया है। इन सभी के पास से 52 ताश के पत्ते व 1150 रुपये नगदी बरामद हुआ है। पकड़े गए सभी जुआरियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर गिरे, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लैना फुलियारी गांव में रविवार की शाम बाइक सवार दो युवक अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ्र कर दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी 28 वर्षीय राजेश व लैना फुलियारी गांव निवासी 30 वर्षीय श्याम बहादुर के साथ बाइक से देवरी बाजार जा रहे थे की लैना फुलियारी गांव में अनियंत्रित होकर बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफ्र कर दिया है। इस संबंध में चिकित्साक विवेक खरे ने बताया की बाइक सवार दो युवक बाइक से गिरकर घायल होकर एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए आए थे। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

# श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 पिपरा उसुरी में शनिवार को सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के पहले भक्ति गीतों के बीच गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो दोहरीघाट से जल लेकर मंगल गीतों के बीच महिलाएं सिर पर मंत्र पूजित कलश रखकर यात्रा में शामिल हुईं। फिर कस्बा के शिव मंदिर होते हुए पूरे समूचे नगर पंचायत का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर नवग्रह पूजा हुआ, जहां मुख्य यजमान सुशील पाण्डेय ने पत्नी आरती पाण्डेय संग वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की। कथाव्यास डॉ.नारायण तिवारी ने विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करवाया। इसके बाद यात्रा कथा स्थल पर वापस आ गई। पहले दिन कथाव्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन के उद्देश्य व दिशा बताती है। जहां भी कथा होती हो, वहां लोगों को अवश्य पहुंचना चाहिए। कथा सुनने की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब मनुष्य अपने जीवन में प्रभु के बताए रास्ते पर चले। इस अवसर पर जय प्रकाश पाण्डेय,सुनील पाण्डेय,संजय पाण्डेय, भैरोनाथ पाण्डेय, यज्ञदत्त पाण्डेय,रजनीश पाण्डेय,आदित्य, रूद्रांश पाण्डेय, गौरव,धनंजय पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मवेशी से टकराकर बाइक सवार दो लोग घायल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार मझिगवा वन चौकी के पास रविवार की शाम बाइक सवार मवेशी से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार के बाद बाइक सवार युवक को रेफ्र कर दिया गया है। हलिया थाना क्षेत्र राजपुर गांव निवासी 40 वर्षीय चंद्रप्रकाश सोठिया गांव निवासी 20 वर्षीय आशीष के साथ बाइक से निमंत्रण बाटने के लिए मतवार की तरफ गए थे की जैसे ही मझिगवा वन चौकी के पास पहुँचे की अचानक मवेशी के आ जाने से बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस कर्मी विनोद यादव व शशि कांत यादव दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद चंद्र प्रकाश के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

## शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** शिक्षा क्षेत्र बड़राव के प्राथमिक विद्यालय खड़ूवान में रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वेद प्रकाश राय संयुक्त सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश व विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार उपाध्याय बेसिक शिक्षा अधिकारी मऊ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत व विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो का मन मोह लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मुख्य अतिथियों व अन्य का अंगवस्त्र व फूल मालाओं से स्वागत किया। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक प्रेम शीला राय का लोगो ने नम आँखों से विदाई दी। मुख्य अतिथि वेद प्रकाश राय संयुक्त सचिव बेसिक शिक्षा ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माण करता है।सेवा निवृत्ति एक सतत परंपरा है। इस विद्यालय को शीर्ष तक ले जाना इनकी उत्कृष्ट कार्य शैली की निशानी है। पगडंडियों से शिखर तक शिक्षक निर्माण करता है ।जो समाज को अंधेरों से उजाला की तरफ ले जाता है।

## वैदिक योगशाला के विजेताओं का हुआ भव्य सम्मान

**स्वतंत्र भारत मऊ।** प्रातः वैदिक योगशाला, पारा, में हाल ही में सम्पन्न हुई 4वीं डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप ङ्क 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोक कल्याण सेवा न्यास के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह, डिस्ट्रिक्ट योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन मऊ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार द्विवेदी, युवा भारत उत्तर प्रदेश पूर्व के राज्य प्रभारी बृज मोहन, तथा महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी संगीता द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मातृ दिवस पर मातृ शक्ति ने आयोजित किये विभिन्न कार्यक्रम



**स्वतंत्र भारत मऊ।** 10 मई 2025 को ज्ञान भारती एवं शब्द प्री स्कूल मऊ में मातृदिवस बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन की तरफ से माताओं के कई प्रकार के आयोजन किए गए।जिसमें मातृशक्ति को उनके त्याग और समर्पण को सराहा गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसमे मातृशक्ति को दर्शाया गया। इस पावन अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता द्विवेदी ने समाज में महिलाओ के भागीदारी एवं सशक्तिकरण पर जोर दिया।विद्यालय के डायरेक्टर मृत्युंजय द्विवेदी ने भी महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा की महिला ही इस सृष्टि का आधार है। हमारे संस्कृति में महिलाओं को देवी की तरह पूजा जाता है। समाज की सशक्त संरचना में महिलाओ ने अहम भूमिका निभाई है।विद्यालय के सभी सदस्यों ने देश के सभी माताओं बहनों बेटियों को मातृदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आयी महिला अचेत भर्ती



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में रविवार कि शाम गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर महिला अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर उपचार किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी ओमप्रकाश की 25 वर्षीय पत्नी शांति अपने घर के ओसारे में बैठे थी कि घर के सामने स्थित नीम के पेड़ पर आकाशीय बिजली कि गिरने से महिला उसकी चपेट में आकर अचेत हो गई। मौके पर पहुँचे परिजनों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है।

## जिओ का नेटवर्क न मिलने से लोग परेशान

**स्वतंत्र भारत मऊ।** नगर पंचायत वलीदपुर में लगभग 6 दिनों से जिओ का नेटवर्क गायब होने से उपभोक्ता काफी परेशान हो गए हैं। नगर में लगभग जिओ का टावर चार लगाया गया है जिसमें 6 दिनों से नेटवर्क न रहने के कारण लोग इधर-उधर बात करने के लिए परेशान हो जा रहे हैं दिन में नेटवर्क आता है जाता है लोगों का मोबाइल से नेटवर्किंग कार्य इस समय हो रहा है लेकिन नेटवर्क न होने के कारण सभी लोग परेशान हो गए हैं बिजली चली जाने के बाद नेटवर्क गायब हो जा रहा है किसी उपभोक्ता को अगर इमरजेंसी कॉल करना हो चाहे कॉल आता है तो सही से बात नहीं हो पा रही है जिससे लोग जिओ कंपनी को कोस रहे हैं। इस बाबत अबूतल्हा रमजान आदिल अबू हुरैरा इश्तियाक अहमद राजकुमार गुप्ता सलाउद्दीन सलीम फरहान आदि लोगों का कहना है कि अगर जिओ का नेटवर्क सही नहीं हुआ तो हम लोग अपने मोबाइल से सिम निकाल कर फेंकने के बाद दूसरी कंपनी में चले जाएंगे।

## चलती ट्रेन से महिला का पर्स छीनकर भागे बदमाशों में हुआ गिरफ्तार

**जफराबाद जौनपुर।** क्षेत्र के नाथुपुर गांव के पास रविवार की भोर में चलती ट्रेन से महिला का पर्स छीनकर भागने वाले बदमाश को आरपीएफ के जवान व रेलवे के एक पॉइंट मैन ने दबोच लिया।दो बदमाश भाग निकले।बदमाश को पकड़ने में आरपीएफ का जवान व एक रेलवे का पॉइंट मैन घायल हो गए।

कर्नाटक के नवलकुंद थाना क्षेत्र के तिरलापुर गांव निवासी वेंकटेश रेड्डी अपनी पत्नी रत्ना रेड्डी के साथ अयोध्या से भगवान श्रीरामजी का दर्शन पूजन करने आये थे।दर्शन करने के बाद रविवार की रात को दम्पति लखनऊ से छपरा जाने वाली 15054 लखनऊ छपरा एक्सप्रेस पर सवार हो गए।वे वाराणसी जा रहे थे।ट्रेन जैसे ही जफराबाद स्टेशन के नजदीक नाथुपुर गांव के पास पहुंची।ट्रेन की रफ्तार थोड़ी कम हुई थी।उसी समय वेंकटेश रेड्डी अपनी पत्नी के साथ बाथरूम आये थे। उनकी पत्नी बाथरूम के बाहर खड़ी थी।तभी एक बदमाश ऊक्त महिला का पर्स लेकर चलती ट्रेन से कूद गया।महिला शोर मचाने लगी। पर्स में महिला के दो मोबाइल फोन,ईयर फोन, एक नवरत्न की अंगूठी व एक हजार रुपये थे।ट्रेन चार बजकर 50 मिनट पर जफराबाद स्टेशन और आकर रुक गयी।दम्पति ट्रेन से उतर गए।चैन पुलिंग होते ही मौके पर आरपीएफ के जवान उमाशंकर भाग कर पहुंच गए।घटना की जानकारी होते एक बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया।बदमाश ने दोनों पर हमला कर दिया। पुलिस व आरपीएफ के जवान सहित जफराबाद थाने पर आये।आरपीएफ के जवान ने बताया कि बदमाश के पास चार मोबाइल फोन,दो सोने की चैन,ईयर फोन आदि थे।जफराबाद थानाप्रभारी ने बताया कि घटना में पकड़ा गया बदमाश लाल मोहम्मद पुत्र आदिल निवासी नेवादा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ का है।

# सेवानिवृत शिक्षकों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मऊ के तत्वाधान में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विचार विमर्श संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह एस आर प्लाजा भुजौटी मऊ में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक सेवानिवृत शिक्षकों को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार राय जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मा योगी जी की सरकार ने प्रदेश के बेसिक शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन किया है।विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत ही बड़े पैमाने पर काम हुआ है और परिषदीय विद्यालय प्राइवेट विद्यालयों से अच्छे बन चुके हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने सभी सेवानिवृत शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और यह कहा कि जनपद के बेसिक शिक्षक बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं और आगे उनकी जो भी समस्याएं होंगी उनके समाधान का प्रयास करूंगा। वेद प्रकाश राय संयुक्त सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ ने भी सभा को संबोधित करते हुए मऊ की बेसिक शिक्षा में हुए कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि जिले के विभाग के मुखिया जब शिक्षकों की तारीफ करते हैं तो बड़ी प्रसन्नता होती है। संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह ने भी



बेसिक शिक्षा को नींव का पत्थर बताया और यह कहा किया अगर पाकिस्तान की बेसिक शिक्षा भी भारत जैसी अच्छी होती तो मुल्क इतना पिछड़ा और आतंकवादी नहीं होता। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने यह कहा कि हमारे जिले के बहुत से विद्यालय इतने अच्छे हैं कि वहां के कार्यरत शिक्षकों पर कोई चाह कर भी उनके विरुद्ध कार्यवाही नहीं कर सकता। इससे सभी शिक्षकों को सीख लेकर अच्छा कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष चंद्र यादव जिला सेवानिवृत कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया और संचालन रविशंकर यादव ने किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकों के अलावा संजय कुमार द्विवेदी, सुशील कुमार पाण्डेय, रवि शंकर यादव, अंजनी कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह को भी सम्मानित किया गया। प्रा वि कइयाँ के बच्चों को जिन्होंने प्रदेश स्तर पर योग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है उनको भी मंच पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर आशीर्वाद दिया तथा आगे बढ़ने की कामना की और उनके प्रशिक्षक अंजनी कुमार सिंह की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राशिद जमाल, सुरेंद्रनाथ यादव ,रजनीश कुमार पांडे, डॉ शाहनवाज ,धीरेंद्र कुमार राय , जयशंकर यादव, घनश्याम यादव, मनमोहन पांडेय, रामकेर यादव ,दिनेश कुमार, गजाधर यादव, शिवानंद राय, राधेश्याम राम, शशिकला पांडेय ,सुमन राय, ममता शर्मा ,मंजुलता पांडे, अनीता यादव ,मनोरमा सिंह, रंजना मिश्रा आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान


**शाहगंज जौनपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कोतवाली से पहुंची महिला कांस्टेबलों की टीम ने छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरुक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सहायता व आत्मनिर्भरता के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में कांस्टेबल सुमन सिंह ने महिला हेल्पलाइन 1090, 112, 181, और 1098 जैसे आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी और बताया कि कैसे ये सेवाएं महिलाओं की सुरक्षा में तत्पर रहती हैं। कांस्टेबल रीता कुमारी ने पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सहायता व महिला सशक्तिकरण के प्रयासों पर प्रकाश डाला। वहीं कांस्टेबल बंदना ने मिशन शक्ति हैंडबिल वितरित करते हुए उसमें दी गई महत्वपूर्ण जानकारियों से छात्राओं को अवगत कराया।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# अब अमन की बात करने लगा पाक

## शहबाज बोले संघर्ष विराम समाधान की नई शुरुआत | ट्रंप की तारीफ करते नहीं थक रहे पाक पीएम

**इस्लामाबाद।** जो पाकिस्तान कल तक एलओसी पर गोलीबारी कर रहा था, ड्रोन के जरिए घुसपैठ कर रहा था, वही अब भारत के साथ संघर्ष विराम को नई शुरुआत बताने लगा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट डालते हुए कहा कि कश्मीर समेत कई मुद्दों के समाधान के लिए यह समझौता एक उम्मीद की किरण है। शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी शुक्रिया अदा किया और कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच इस संघर्ष विराम को सफल बनाने में अमेरिका की बड़ी भूमिका रही है। शरीफ ने पाकिस्तान के 'समय की कसौटी पर खरे उतरे' और 'भरोसेमंद मित्र' चीन के प्रयासों और समर्थन का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वह 'इस संकट की घड़ी' में पाकिस्तान के साथ खड़ा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भारत के साथ बनी सहमति को पूरे देश और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों की सफलता बताया। उन्होंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भी धन्यवाद कहा। पाकिस्तान अब यह जताने में लगा है कि वह दक्षिण एशिया में शांति चाहता है। मगर यह वही पाकिस्तान है जिसने दशकों से आतंकवाद को पाल-पोस कर भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया। भारतीय सैनिकों पर हमले करवाए और आज जब सीजफायर लागू किया गया तो कुछ घंटे बाद उसका उल्लंघन भी कर दिया। मगर अब पाकिस्तान शांति के सुर अलापने लगा है।



## शेख हसीना की अवामी लीग बांग्लादेश में बैन

**ढाका।** मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया। यूनुस के कार्यालय ने कहा, इस संबंध में आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना अगले कार्य दिवस पर जारी की जाएगी। बयान में कहा गया कि यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक अवामी लीग और उसके नेताओं के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में चल रही सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, ताकि देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा की जा सके।

## दावा : सीजफायर में सीमित थी अमेरिका की भूमिका

**न्यूयॉर्क।** सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर था, तब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संपर्क किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्ध विराम की दिशा में बातचीत को

**सीएनएन ने कहा भारत-पाक में बात कराने तक ही था रोल**

प्रोत्साहित करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि शुक्रवार की सुबह अमेरिका को खतरनाक खुफिया जानकारी मिली, जिसके बाद ट्रंप प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई की। इनमें वेंस, अंतरिम राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी विल्स शामिल थे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कॉल करने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जानकारी दी। फोन कॉल के दौरान, वेंस ने पीएम मोदी को सप्ताहांत में नाटकीय वृद्धि की उच्च संभावना के बारे में चिंता व्यक्त की। कथित तौर पर, अमेरिका का मानना था कि परमाणु-सशस्त्र पड़ोसी देश संवाद में नहीं थे और उन्हें बातचीत फिर से शुरू करने के लिए अपनी भूमिका को आवश्यक मानते थे। इस कॉल के जरिए वेंस ने तनाव कम करने और शांति स्थापित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने की कोशिश की। जेडी वेंस का यह बयान उनके पिछले रुख से अलग था, जब उन्होंने कहा था कि अमेरिका ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जो मूल रूप से हमारा कोई काम नहीं है। फॉक्स न्यूज पर वेंस ने कहा था कि अमेरिका तनाव कम करने के लिए प्रयास कर सकता है, लेकिन युद्ध में शामिल नहीं होगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान से सीधे जुड़ने और तनाव कम करने के विकल्पों पर विचार करने का आग्रह किया। वेंस ने पीएम मोदी के साथ तालमेल बिठाया, जो अमेरिकी हस्तक्षेप के लिए सहायक हुआ। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मार्को रुबियो और विदेश विभाग के अन्य अधिकारियों ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में अपने समकक्षों से संपर्क किया।

## मां वैष्णो देवी : श्रद्धालुओं में भारी गिरावट

**कटड़ा।** मां वैष्णो देवी की यात्रा में गिरावट का सिलसिला जारी है। वर्तमान में मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए देश भर से मात्र 5000 श्रद्धालु ही आधार शिविर कटड़ा पहुंचे रहे हैं,

**एक चौथाई से भी कम रह गई संख्या**

जबकि आम दिनों में इस महीने में 35 से 40 हजार के बीच श्रद्धालु पहुंचते थे।

हालात यह है कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सैकड़ों में पहुंच गई है। यात्रा में आई भारी गिरावट के चलते कटड़ा से लेकर भवन तक सूना-सूना नजर आ रहा है। इक्का-दुक्का श्रद्धालु ही नजर आ रहे हैं। इसका मुख्य कारण भारत-पाकिस्तान के बीचे बना तनाव है। वहीं, जानकारों का कहना हैं स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां पड़ने के बाद मां वैष्णो देवी की यात्रा बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। वहीं, पिछले तीन दिन से हेलीकॉप्टर सेवा स्थगित है और मां वैष्णो देवी के यात्रा मार्ग ताराकोट भी बंद है। शनिवार शाम पांच बजे तक 1450 श्रद्धालु ही भवन की ओर रवाना हुए थे। भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव की वजह से वैष्णो देवी की यात्रा करने को लेकर श्रद्धालु कतराने लगे हैं। इसके चलते कटड़ा पूरी तरह खाली-खाली नजर आ रहा है। मां वैष्णो देवी की यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।



## 'परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा ईरान'

**दोहा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे विवाद के बीच अपना रुख पूरी तरह से साफ कर

**विदेश मंत्री अब्बास अराघची का अमेरिका को दो टूक**

दिया है। शनिवार को उन्होंने अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर अमेरिका का मकसद ईरान को उसके परमाणु अधिकारों से वंचित करना है, तो ईरान कभी पीछे नहीं हटेगा। बता दें कि यह बयान उन्होंने कतर की राजधानी दोहा में दिया, जहां ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली अगली परमाणु वार्ता से एक दिन पहले वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। अराघची ने साफ कहा कि अगर बातचीत का उद्देश्य ईरान के परमाणु अधिकार छीनना है, तो हम बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे। अमेरिका और इस्राइल परमाणु समझौते को लेकर लगातार ईरान को धमकी देता रहा है। हालांकि ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण और नागरिक उद्देश्यों के लिए है, न कि हथियार बनाने के लिए।



## पाक में मरकज तैयबा के वीडियो हो रहे वायरल

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने 7 मई को पाकिस्तान के मुरीदके में स्थित मरकज तैयबा मस्जिद को काफी नुकसान पहुंचाया था। हमले में कई आतंकी मारे भी गए।

**लश्कर और 313 ब्रिगेड का जिहादी प्रोपेगेंडा एक्टिव**

यह मस्जिद आतंकियों को ट्रेनिंग देने वाला केंद्र था। अब इस मस्जिद के नए वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो को पाकिस्तान के आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और 313 ब्रिगेड ने अपना खुला समर्थन दिया है। स्काई न्यूज के मुताबिक, टिकटॉक, यूट्यूब और गूगल जैसे प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए वीडियो में लश्कर, 313 ब्रिगेड और मुजाहिद फोर्स जैसे शब्दों का बार-बार उल्लेख किया गया है। इन वीडियो में कई युवकों को हथियारों के साथ सड़कों पर चलते देखा जा सकता है, जबकि एक वीडियो में बच्चों को मस्जिद के अंदर मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग लेते हुए दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, हम छोटे सैनिक हैं और काफिरों से लड़ते हैं। वीडियो में इस्तेमाल किया गया 313 हैशटैग सीधे तौर पर जिहाद और आतंकी मानसिकता से जुड़ा हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार, '313 ब्रिगेड' अल-कायदा की पाकिस्तान में सक्रिय इकाई है, जो कई आतंकी संगठनों का साझा मंच है। इसमें तालिबान, जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-झंगवी, हक्कानी नेटवर्क और लश्कर-ए-तैयबा जैसे समूह शामिल हैं।



## यूक्रेन से सीधी बातचीत को तैयार : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यूक्रेन युद्ध में शांति का

**कीव पर लगाया वार्ता से पीछे हटने का आरोप**



नया प्रस्ताव रखा है। विजय दिवस के समापन के बाद पुतिन ने कहा कि वह बिना किसी शर्त के तुर्किए की राजधानी इस्तांबुल में यूक्रेनी प्रतिनिधियों से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। यह बातचीत 15 मई को हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने कीव की आलोचना करते हुए कहा कि पश्चिमी देशों के कहने के बाद भी यूक्रेन बातचीत से पीछे हट गया था। पुतिन ने कहा, रूस ने 2022 में वार्ता को नहीं तोड़ा था। फिर भी शांति के लिए हम प्रस्ताव दे रहे हैं कि बिना किसी शर्त के एक बार फिर हम कीव से सीधी बातचीत करने के लिए तैयार हैं। रूसी नेता ने दावा किया कि मॉस्को बार-बार युद्धविराम की कोशिश कर रहा है लेकिन यूक्रेन की तरफ से उसके प्रस्तावों का कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच में हुई बातचीत के बाद ही एक संयुक्त मसौदा दस्तावेज तैयार किया गया था, और तो और इसके ऊपर कीव के अधिकारियों के हस्ताक्षर भी थे। लेकिन बाद में पश्चिमी देशों के हस्ताक्षेप से यूक्रेन पलट गया और इस प्रस्ताव को कूड़ेदान में फेंक दिया।

नाजी जर्मनी के ऊपर अपनी जीत का 80वां वर्ष मना रहे रूस ने यूक्रेन युद्ध में 3 दिनों के लिए एकतरफा युद्ध का ऐलान किया था। यह युद्धविराम रविवार को समाप्त हो गया है। हालांकि इस दौरान यूक्रेन की तरफ से रूसी सेना के ऊपर संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप लगाया गया। पुतिन ने रविवार को पलटवार करते हुए कहा कि हमारी तरफ से युद्ध विराम घोषित हो चुका था लेकिन यूक्रेन ने इसका सम्मान नहीं किया। तीन दिन के युद्ध विराम के दौरान यूक्रेनी सेना ने 5 जगहों पर रूसी सीमा पर हमला करने का प्रयास किया।

### पहले युद्धविराम हो : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि रूस युद्ध को समाप्त करने के लिए अंततः प्रयास कर रहा है लेकिन शांति वार्ता शुरू होने से पहले युद्धविराम होना चाहिए। जेलेंस्की ने इसे 'सकारात्मक संकेत' बताते हुए कहा कि 'पूरी दुनिया बहुत लंबे समय से इसका इंतजार कर रही थी और किसी भी युद्ध को सही मायने में समाप्त करने का पहला कदम युद्ध विराम है।'

## हिमाचल के दो जिलों में मिसाइल के पुर्जे और संदिग्ध वस्तु मिली

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के दो जिलों से मिसाइल के पुर्जेऔर गोले के टुकड़े बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कांगड़ा जिले के वन क्षेत्रों में तीन विस्फोटों की आवाज सुनी गई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव की पृष्ठभूमि में ये बरामदगी हुई है हालांकि दोनों दोनों देशों ने शनिवार शाम को संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रारंभिक जांच के दौरान, कांगड़ा जिले के दमताल क्षेत्र में विस्फोट स्थल पर मिसाइलों के पुर्जे पाए गए, जिसकी पुष्टि रक्षा कर्मियों ने की है।

## संघर्ष विराम : जम्मू के सीमावर्ती लोगों को बड़ी राहत

**जम्मू।** पिछले तीन दिनों से सीमा पार से हो रही भारी गोलाबारी के बाद जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती निवासियों, खासकर सबसे ज्यादा प्रभावित पुंछ और राजौरी जिलों के निवासियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम की घोषणा पर खुशी जाहिर की है। पीड़ितों ने इस संघर्षविराम की घोषणा को एक राहत के रूप में लिया

**शुरू हो रही रोजमर्रा की आम जिंदगी**

और अब वे अपनी सामान्य जीवनशैली को फिर से शुरू कर रहे हैं। पुंछ के जिला गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष नरिंदर सिंह ने कहा, यह न केवल मेरे लिए बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए एक स्वागत योग्य कदम है क्योंकि एक विनाशकारी युद्ध टल गया है। हम प्रार्थना करते हैं कि इस क्षेत्र में शांति बनी रहे और हमेशा बनी रहे। बुधवार से अब तक कुल 25 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से सबसे अधिक 18 लोग पुंछ जिले में मारे गए। सिंह ने कहा, शांति जैसा कुछ नहीं है और हम प्रार्थना करते हैं कि यह संघर्ष विराम स्थायी हो ताकि हमें अपने घरों से भागने की जरूरत न पड़े। उन्होंने अपने समुदाय के चार सदस्यों सहित निर्दोष लोगों की मौत और दर्जनों घरों, गुरुद्वारा, मंदिर और मदरसे के अलावा बड़ी संख्या में वाहनों को हुए नुकसान का जिक्र किया। मुस्लिम विद्वान और पुंछ में स्थित जियाउल उलूम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष मौलाना सईद अहमद हबीब ने कहा कि संघर्ष विराम की घोषणा सीमावर्ती निवासियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है।



## पाक को शाबाशी देकर प्रोपेगेंडा पर उतरा चीन

**बीजिंग।** चीन सीजफायर को लेकर पाकिस्तान को शाबाशी दे चुका है और अब उसने भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा में पाकिस्तान की भाषा बोलनी शुरू कर दी है। चीन के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने पाक सेना के हवाले से दावा किया है कि पाकिस्तान के साइबर हमले में भारत की 70 प्रतिशत बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। चीनी मीडिया भी इस दावे से इनकार नहीं कर रहा है। हालांकि भारतीय दूतावास ने इसे झूठा बताते हुए अपने आधिकारिक सिना वेइबो अकाउंट पर इसका खंडन किया।

उत्तर प्रदेश सरकार के EWS-LIG योजनांतर्गत प्रयागराज विकास प्राधिकरण स्वीकृत, पारस ग्रुप की EWS-LIG आवासीय योजना

Prabhu niwas
A Unit of Paras Greens
Site Add : Mundera Bazar, Prayagraj.

22 अल्प आय वर्ग के भवनों की
लॉटरी आवंटन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15 नवम्बर 2024 को समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रयागराज विकास क्षेत्र के अंतर्गत पारस ग्रीन्स के अंतर्गत **22 अल्प आय वर्ग के फ्लैटो के सम्बन्ध में आमंत्रित आवेदन पत्रों** के सम्बंध में, समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि उक्त फ्लैटो का आवंटन लॉटरी द्वारा

**दिनांक 14 मई 2025 को मध्यान्ह 12.30 बजे,**
**स्थल - होटल गैलेक्सी बैंक्वेट हॉल,**
**पी. स्क्वायर लोअर ग्राउण्ड फ्लोर, महात्मा गांधी मार्ग,**
**सिविल लाइंस, प्रयागराज से सम्पन्न होगा।**

सभी आवेदक लॉटरी आवंटन के समयानुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
7379888111, 7705877058
Email : parasgreens.ald@gmail.com, Website : www.parasreality.in

## अंतरिक्ष में 53 साल से फंसा यान धरती पर गिरा

**केप कैनवेरल।** सोवियत संघ का 53 साल से पृथ्वी की कक्षा में फंसा हुआ कोसमोस 482 नाम का अंतरिक्ष

**शुक्र ग्रह की खोज के लिए वीनस मिशन पर हुआ था रवाना**

यान आखिरकार अब पूरी तरह पृथ्वी पर गिर गया है। इसकी पुष्टि रूसी अंतरिक्ष एजेंसी और यूरोपीय संघ अंतरिक्ष निगरानी और ट्रैकिंग ने की। रूस ने कहा कि यह हिंद महासागर के ऊपर गिरा, लेकिन कुछ विशेषज्ञ अभी भी यह तय नहीं कर पाए हैं कि यह ठीक कहां गिरा।

यह भी तुरंत पता नहीं चल पाया है कि आधे टन के अंतरिक्ष यान का कितना हिस्सा कक्षा से आग की लपटों से जलने से बचा। विशेषज्ञों ने पहले ही कहा था कि इसका कुछ हिस्सा नीचे गिर सकता है, क्योंकि इसे सौर मंडल के सबसे गर्म ग्रह शुक्र पर उतरने के लिए बनाया गया था। वैज्ञानिकों ने यह भी कहा अंतरिक्ष यान के मलबे से किसी के भी टकराने की संभावना बहुत कम है।

**1972 में वीनस मिशन पर भेजा गया था यान**

सोवियत संघ द्वारा इसे 1972 में शुक्र ग्रह की खोज के लिए वीनस मिशन पर भेजा गया था, लेकिन रॉकेट में खराबी के कारण यह पृथ्वी की कक्षा से बाहर नहीं निकल सका था। शनिवार को विशेषज्ञों ने पुष्टि की कि यह अंतरिक्ष यान बगैर किसी नियंत्रण के पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर गया। इसका मतलब है कि इसे सुरक्षित रूप से नीचे नहीं लाया गया और किसी को भी ठीक से नहीं पता था कि यह कब और कहां गिरेगा।



## श्रीलंका : खाई में गिरी बस, 21 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के प्रांत 'सेंट्रल प्रोविंस' स्थित कोटमाले क्षेत्र में रविवार को एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई जब बस चालक ने पहाड़ी रास्ते पर बाएं मुड़ने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि उसी दौरान बस फिसलकर खाई में गिर गई। पुलिस ने बताया कि राज्य परिवहन निकाय के स्वामित्व वाली बस में 75 यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि ये बस दक्षिणी तीर्थस्थल कटारगामा से उत्तर-पश्चिमी शहर कुरुनेगाला जा रही थी। श्रीलंका के परिवहन एवं राजमार्ग उपमंत्री प्रसन्ना गुनासेना ने बताया कि दुर्घटना में 21 लोगों की मौत हो गई।

## टेक्नोलॉजी ने बदली एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की तस्वीर!

समय के साथ टेक्नोलॉजी ने न सिर्फ कहानियां कहने का अंदाज़ बदला है, बल्कि उन्हें बनाने, निभाने और लोगों तक पहुंचाने का तरीका भी पूरी तरह बदल दिया है। आज कास्टिंग से लेकर कंटेंट के प्रमोशन तक, हर चीज़ ऑनलाइन हो गई है। इस नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर, एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि कैसे टेक्नोलॉजी ने उनके ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन सफर को सशक्त बनाया है। नीता मोहिंद्रा, जोकि 'भीमा' में कैलाशा बुआ का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''मैं इस इंडस्ट्री में कई दशक से काम कर रही हूं और मैंने देखा है कि कैसे मैनुअल और समय लेने वाली प्रक्रिया अब टेक्नोलॉजी की मदद से आसान और तेज़ हो गई है। टेक्नोलॉजी ने हमारे काम को कितना आसान बना दिया है।'' उधर, हिमानी शिवपुरी, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, कि टेक्नोलॉजी का यह बदलाव वाकई में जबरदस्त रहा है। आज बस एक स्मार्टफोन से ही मैं स्क्रिप्ट पढ़ सकती हूं, रिहर्सल कर सकती हूं, रील्स शूट कर सकती हूं और सोशल मीडिया के ज़रिए अपने फैंस से जुड़ी रह सकती हूं।'' इसी तरह आसिफ शेख, ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, '' ड्यूलिंग, ट्रैवल कोऑर्डिनेशन और रिहर्सल- सब कुछ अब बहुत आसान हो गया है। टेक्नोलॉजी ने हमें मल्टीटास्किंग का मौका दिया है, जो हमारी तेज़ और दबाव वाली इंडस्ट्री के लिए बहुत ज़रूरी है। आज हम जिस तरह से काम करते हैं, सीखते हैं और जुड़े रहते हैं, वह सब कुछ बदल चुका है।



## ऐक्टिंग ने मुझे चुना है - सोनल पंवार

कभी-कभी किस्मत ही सबसे बेहतरीन कहानियाँ लिखती है और एण्डटीवी की युवा और प्रतिभाशाली अदाकारा सोनल पंवार के लिए यह बात बिल्कुल सच साबित हुई है। वे फिलहाल 'हप्पू की उलटन पलटन' में इंस्पेक्टर मलाइका के किरदार में हैं। वह एक सख्त, अनुशासित और समझदार पुलिस अफसर है, जो अपने सिद्धांतों के लिए जानी जाती हैं और सिंह परिवार की इस अनोखी दुनिया में समझदारी की एकमात्र आवाज़ बनकर उभरती हैं।'हप्पू की उलटन पलटन' में शामिल होने और मलाइका की भूमिका निभाने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, सोनल याद करते हुए बताती हैं, ''इस शो के लिए मेरी यात्रा बहुत आसान रही। मैं पहले से ही ज़्यादातर कलाकारों और क्रू को जानती थी, क्योंकि मैंने उसी प्रोडक्शन हाउस के एक और शो में उनके साथ काम किया था। हालाँकि, मैंने शो में बाद में एंट्री की और भूमिका में किसी दूसरी अभिनेत्री को रिप्लेस किया। सोनल के लिए, इंस्पेक्टर मलाइका सिर्फएक किरदार से कहीं ज़्यादा है। उन्होंने कहा, '' मेरे लिए, वह सिर्फएक भूमिका नहीं है, बल्कि वह दृढ़ता, ज़मीन से जुड़े होने के अहसास और नारी शक्ति को दर्शाती है।



## बाजार दर्पण







